आरसी

राजकीय पोर्ट बहुद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला

की

वार्षिक पत्रिका

वर्ष ३ अङ्क ७

सम्पादक मंडल

लाल बहादुर शास्त्री स्मृति अंक

जय किसान

स्वर्गीय शास्त्री जी ने हमें 'जय जवान, जय किसान' का जो नारा दिया था, वह अर्थ-गर्भित एवं प्रेरणाप्रद था। जवानों ने इससे प्रेरणा प्राप्त कर शत्रुओं के दांत खट्टे किए और देश का मस्तक गर्वोन्नत किया। अब उनके 'जय किसान' के नारे में अंतर्भूत भावना को आत्मसात् कर देश को अन्न की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाना है। जिस देश में कभी दूध और घी की नदियां बहती थीं और अन्न की बहुतायत थी, वह आज अपनी बुभुक्षा शांत करने के लिए अपने हाथों मे भिक्षापात्र लेकर दर-दर अन्न मांगे—यह कितनी लज्जा, बेहयाई, पुरुषार्थहीनता एवं दयनीयता की बात है। हमारी जनसंख्या अमेरिका, आस्ट्रेलिया एवं कनाडा से कई गुना अधिक है, हमारे पास भूमि भी उनसे ज्यादा है, फिर भी हम अपने से छोटे उन देशों से उदर पूर्ति के लिए खाद्यान्न मंगाकर देश को उनकी आर्थिक गुलामी में बांधने का उपक्रम कर रहे हैं। आर्थिक परतंत्रता राजनीतिक पराधीनता से अधिक भयावह होती है। अतः यदि हम चाहते हैं कि विश्व में हमारा स्वाभिमान बना रहे, अन्न के आयात में करोड़ों की विदेशी

पूंजी खर्च कर देश को औद्योगिक दृष्टि से पंगु न बनाएँ, तो हमें शास्त्री जी के 'जय किसान' के नारे को शीघ्र क्रियान्वित करना होगा।

इस नारे की क्रियान्विति में छात्रों के सहयोग की नितान्त आवश्यकता है। छात्रों की शक्ति का सदुपयोग न करने के कारण आज वह देश के लिए अत्यन्त घातक और विस्फोटक बन गई है। रचनात्मक कार्यों के अभाव में उनकी शक्तियाँ विघातक दिशा की ओर उन्मुख हो रही हैं। संपत्ति के उत्पादन के स्थान पर वे उसका विनाश करने पर तुले बैठे हैं। आज देश को पुस्तककीटों की आवश्यकता नहीं है। आवश्यकता है उन कर्मठ कृषि-विशारदों की जो गांवों में जाकर स्वयं नये तरीकों से खेती करें तथा किसानों को भी आधुनिक प्रणाली से अन्नोत्पादन में सहयोग और सहायता दें। ग्रामीण युवकों के लिए गांवों में कृषि विद्यालय एवं छोटे उद्योग-धंधों के लिए औद्योगिक शालाएं खोल कर उन्हें वहीं प्रशिक्षित किया जाए ताकि वे शहरों की ओर न भाग कर अपने गांवों में ही जमे रहें तथा उनके विकास में अपनी समस्त शक्तियाँ नियोजित कर दें। आज हमारे नवयुवक छात्र विवेकहीनता के कारण पथभ्रष्ट हो रहे हैं। वे अपनी समस्याओं के हल के लिए सरकार पर निर्भर न रहें तथा संगठित होकर अपनी समस्याओं का गहन विचार-मंथन द्वारा स्वयं हल ढूंढ़ें। इंडोनेशिया तथा अन्य देशों में छात्र राजनीतिज्ञों एवं शासकों का पथ-निर्देशन कर रहे हैं। उनकी अपरिमेय शक्ति एवं दुर्दमनीय साहस के समक्ष राज-सत्ताएं थर्रा रही हैं। छात्रों की यही शक्ति यदि संगठित होकर खेतों में जुट जाय तो देश की खाद्य-समस्या अविलंब रूप से हल हो सकती है। छात्रों की ओर से किया गया इस प्रकार का प्रयत्न स्वर्गीय शास्त्री जी की स्मृति को अर्पित सबसे बड़ी पुण्यमयी एवं सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हम आशा करते हैं कि हमारे नवयुवक और छात्र चहुं-दिशि निर्माणकारी प्रवृत्तियों में संलग्न हो देश का उत्थान करेंगे।

सन्देश

राष्ट्रपति भवन,
नई दिल्ली-4 ।
RASHTRAPATI BHAVAN,
NEW DELHI-4

अक्टूबर १०, १९६६.

प्रिय श्री मक्खन सिंह,

स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की याद में 'भारती' का सप्तम संस्करण निकालने के प्रयास में मैं आपकी सफलता चाहता हूं ।

भवदीय,

स राधाकृष्ण

(स० राधाकृष्णन)

श्री मक्खन सिंह,
प्रधानाध्यापक,
गवर्नमेन्ट फोर्ट एम.पी.एच.एस. स्कूल,
बीकानेर ।

७, त्यागराज मार्ग,
नई दिल्ली-११.

६ अक्तूबर, १९६६

भाई श्री मक्खन सिंह,

आपका १ अक्तूबर का पत्र और साथ में भेजा हुआ 'भारती' का अंक मुझे मिले हैं। 'भारती' का सप्तम अंक श्री लाल बहादुर शास्त्री की स्मृति के लिए समर्पित किया जा रहा है, जानकर खुशी हुई। श्री लाल बहादुर शास्त्री एक परम देशभक्त हैं और उनके जीवन से 'भारती' के पाठकों को प्रेरणा मिले, ऐसी मेरी शुभ कामनाएं हैं।

(मोरारजी देसाई)

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि राजकीय फोर्ट मल्टीपरपज़ हायर सेकण्डरी स्कूल, बीकानेर अपनी पत्रिका "भारती" का सप्तम संस्करण स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री के सम्मान में निकाल रहा है ।

लघुकाय विराट मानव श्री लाल बहादुर शास्त्री वस्तुतः भारत की कोटि कोटि जनता के प्रतिनिधि थे । उन्होंने अपने शासन के स्वल्पकाल में भारत को नई गरिमा, नया ओज और नया रूप दिया । इतने लाभ की विजयी होते हुए भी ताशकंद-घोषणा के द्वारा संसार की मानवता को शान्ति का एक नया सन्देश दिया । इस प्रकार एक बार फिर उन्होंने देवानां प्रिय अशोक के आदर्श संसार के सामने रखा और "जय जवान जय किसान" का घोष करके राष्ट्र को स्वावलम्बी बनने का मंत्र दिया । मुझे आशा है कि इस विशेषांक से प्रत्येक अध्यापक, विद्यार्थी तथा अन्य अभिभावकों को नई प्रेरणा मिलेगी और वे शास्त्री जी के पद चिन्हों पर चल कर देश का निर्माण एवं उत्थान करेंगे ।

मैं इस विशेषांक की सफलता चाहता हूं ।

धर्मवीर

(धर्मवीर)

राज्यपाल, पंजाब

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि राजकीय फोर्ट मल्टीपरपज़ हायर सैकण्डरी स्कूल, बीकानेर अपनी पत्रिका "भारती" का सप्तम संस्करण स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री के सम्मान में निकाल रहा है ।

लघुकाय विराट मानव श्री लाल बहादुर शास्त्री वस्तुतः भारत की कोटि कोटि जनता के प्रतिनिधि थे । उन्होंने अपने शासन के स्वल्पकाल में भारत को नई गरिमा, नया ओज और नया रूप दिया । इसके साथ ही विजयी होते हुए भी ताशकंद-घोषणा के द्वारा संसार की मानवता को शान्ति का एक नया सन्देश दिया । इस प्रकार एक बार फिर उन्होंने "देवानां प्रिय अशोक" का आदर्श संसार के सामने रखा और "जय जवान जय किसान" का घोष करके राष्ट्र को स्वावलम्बी बनने का मंत्र दिया । मुझे आशा है कि इस विशेषांक को पढ़कर अध्यापक, विद्यार्थी तथा अन्य अभिभावकों को नई प्रेरणा मिलेगी और वे शास्त्री जी के पद चिन्हों पर चल कर देश का निर्माण एवं उत्थान करेंगे ।

मैं इस विशेषांक की सफलता चाहता हूं ।

धर्मवीर

(धर्मवीर)

गवर्नर, पंजाब

[illegible]

रेल मंत्री, भारत
MINISTER FOR RAILWAYS
INDIA

नयी दिल्ली

दिनांक १६-१०-१९६६

प्रधानाध्यापक
राजकीय फोर्ट चंडीदान उज्ज्वल
माध्यमिक शाला,
बीकानेर।

महोदय,

आपके १ जनवरी के पत्र के लिए धन्यवाद।

यह जानकर प्रसन्नता हुई कि आप अपने विद्यालय की पत्रिका "भारती" का एक विशेषांक स्व० श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के सम्मान में निकाल रहे हैं। इसमें कोई सन्देह नहीं कि स्व० शास्त्री जी ने अपने कार्यकाल में अपूर्व सौजन्य का जो परिचय दिया और राष्ट्रवासियों का जो मार्गदर्शन किया वह पीढ़ियों तक याद रहेगा। उनके कारण हमारे देश का सम्मान बढ़ा है। मुझे विश्वास है कि इस विशेषांक को पढ़कर सभी अध्यापकों, विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को भी नयी प्रेरणा मिलेगी। विशेषांक की सफलता के लिए शुभकामनाएं।

भवदीय,

(स. का. पाटिल)

MINISTER
INFORMATION & BROADCASTING
INDIA

सं० 10626 -आर०बी०एम०।66/8649 नई दिल्ली
दिनांक, 22 अक्टूबर 1966

प्रिय श्री मक्खन सिंह जी,

नमस्कार ।

मुझे यह जान कर प्रसन्नता हुई कि राजकीय फोर्ट बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला की गृह पत्रिका " भारती का सप्तम संस्करण स्वर्गीय श्री लाल बहादुर जी शास्त्री को समर्पित किया जा रहा है । आशा है भारती का यह अंक स्व० शास्त्री जी की विशेषताओं को जनसाधारण तक प्रसारित करने में सफल होगा ।

मेरी शुभ कामनायें ।

आपका
राज बहादुर
(राज बहादुर)

श्री मक्खन सिंह,
प्रधानाध्यापक,
राजकीय फोर्ट बहुउद्देशीय उच्चतर
माध्यमिक शाला,
बीकानेर ।

Encl. one photograph

कुमार

[illegible]

उप शिक्षा मंत्री
भारत
DEPUTY EDUCATION MINISTER
INDIA
नई दिल्ली
अगस्त १४, १९६६ ई०

प्रिय महोदय,

आपके १ अगस्त के पत्र संख्या २४४।६६ के लिये धन्यवाद।

यह जानकर प्रसन्नता हुई कि आपके विद्यालय की गृह-पत्रिका का एक विशेषांक स्वर्गीय श्री लालबहादुर शास्त्री जी की स्मृति में प्रकाशित किया जा रहा है। जिस सुन्दर उद्देश्य से आप इस विशेषांक को प्रकाशित कर रहे हैं, उसके लिये बधाइयां स्वीकार कीजिये। मुझे पूरा भरोसा है कि आपके विद्यालय से सम्बन्धित अध्यापक तथा छात्र और उनके अभिभावक स्वर्गीय शास्त्री जी के जीवन और उनके कार्यों से प्रेरणा लेंगे। अपने आयोजन के लिये मेरी हार्दिक शुभकामनायें स्वीकार कीजिये।

भवदीय
भक्तदर्शन
(भक्त दर्शन)

श्री मस्तानसिंह जी,
प्रधानाध्यापक,
गवर्नमेंट फोर्ट एम० पी० एच० एस० स्कूल,
बीकानेर (राजस्थान)।
- - - - - - - - -

JODHPUR
१०-१०-१९६६

मुझे यह जानकर परम प्रसन्नता है कि राजकीय पटेल बहुद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला की मुख्य पत्रिका "भारती" का सप्तम संस्करण स्वर्गीय श्री लालबहादुर शास्त्री की स्मृति में प्रकाशित किया जा रहा है।

शास्त्रीजी का जीवन आदर्शमय था। एक साधारण से परिवार में जन्म लेकर किस प्रकार उन्होंने अर्थाभाव होते हुए भी लगन और उत्साह के साथ विद्याध्ययन किया, किस प्रकार निःस्वार्थ भाव से देश की तन मन से सेवाएं कीं, किस प्रकार नेकनीयती से देश के प्रशासन को चलाते हुए प्रधानमंत्री पद को सुशोभित किया और अन्त में किस प्रकार शान्ति स्थापित करने के प्रयास में देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर किये- यह सब घटनायें भारतवासियों के लिए एक प्रेरणा-दायक जीवन स्रोत हैं। वह एक निष्काम कर्मयोगी थे। उनके जीवन से अवश्य ही विद्यार्थीगण शिक्षा ग्रहण करेंगे। साथ ही उन्हें उस दिव्य आत्मा के प्रति भावात्मक श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर भी प्राप्त होगा। अतः शाला का यह प्रयास अत्यन्त सराहनीय है और शाला परिवार बधाई का पात्र है।

भारती के सप्तम संस्करण के सफल प्रकाशन के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनायें हैं।

दुर्गाशंकर दवे

(दुर्गाशंकर दवे)

प्रिय श्री मक्खनसिंह,

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि फोर्ट बहूद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला, बीकानेर १९६५-६६ के सत्र की शाला-पत्रिका 'भारती' प्रकाशित कर रही है जो स्व० प्रधान मन्त्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की स्मृति मे होगी। भारती गत दो वर्षों से समूचे राजस्थान की शालेय-पत्रिकाओ मे प्रथम रही है जिसके लिये प्रधानाध्यापक तथा सपादकगण बधाई के पात्र हैं। भारती का यह अङ्क शास्त्री जी के आदर्शों के अनुरूप सर्वांग-सुन्दर सामग्री प्रस्तुत कर छात्रों में साहस, देश-प्रेम एव अनुशासन की भावना जाग्रत करेगा, ऐसा विश्वास है। मेरी शुभ कामनाएं।

रामचन्द्र कल्ला
उपाध्यक्ष—शिक्षा विभाग
जोधपुर बीकानेर रेंज
जोधपुर

यह जानकर प्रसन्नता हुई कि राजकीय फोर्ट बहुद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला, बीकानेर इस वर्ष भारती का अंक स्व० प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्य स्मृति मे प्रकाशित कर रहा है।

स्व० श्री शास्त्री की स्मृति भारत जैसे आर्थिक दृष्टि से हीन देश के हर परिवार को रखना आवश्यक है। छात्र यह स्मरण रखने का प्रयास करेंगे कि स्व० शास्त्री जी का जन्म साधारण परिवार मे हुआ। किस प्रकार वे आर्थिक संकटो मे होते हुए भी उच्च शिक्षा प्राप्त करने मे सफल हुए। श्री शास्त्री जी की शिक्षा और व्यक्तित्व उस आम्र वृक्ष के समान है जिसका फल स्वयं प्राप्त न कर समाज के प्राणी प्राप्त करते है और एक विशेष सुख और स्वाद का अनुभव करते है। श्रीमान शास्त्री जी के जीवन ने स्पष्ट कर दिया कि समाज को किस प्रकार अपनी सेवाओं से लाभान्वित किया जा सकता है। उनके जीवन को याद करते-करते यह उक्ति स्वतः याद आती है— A crowded hour of glory is worth an age without a name"

यों तो लोगों के शासनकाल दीर्घ काल तक देखे गए हैं लेकिन अल्प काल में कितने व्यक्ति देश को लाभान्वित करने मे सफल हुए हैं, वह सदैव ही विचारणीय है। और इस विचार के साथ उक्त उक्ति छात्र सदैव ही हृदयगम करेंगे।

ए० एस० दवे
निरीक्षक, शिक्षणालय
बीकानेर

अनुक्रम

हिन्दी विभाग

विज्ञान विभाग

★

संस्कृत विभाग

★

निष्कामेश्वर मिश्र का आना देखकर सभी लड़के भाग खड़े हुए। लाल बहादुर ने देखा कि वह निष्कामेश्वर मिश्र के सामने खड़े हुए हैं। लाल बहादुर की आखें डबडबा आयी। जब लाल बहादुर ने बताया कि उन्होंने बाल क्यों कटवा लिये हैं तो निष्कामेश्वर मिश्र पसीज उठे। लाल बहादुर को तो वे शुरु से ही बहुत प्यार करते थे।

यही लाल बहादुर आगे जाकर लाल बहादुर शास्त्री बने। इनमे आत्म-त्याग की प्रबल भावना थी। इस बात का पता इस घटना से चलता है।

१९५२ मे जवाहर लाल जी ने इन्हे परिवहन व रेल मन्त्री बना दिया। नवम्बर १९५६ मे एक दिन रेल-मन्त्री लाल बहादुर शास्त्री अपने कमरे मे टहल रहे थे। आधी रात का वक्त था। लेकिन फिर भी उनकी आखो मे नींद नही थी। बार-बार उनका हृदय अपने को ही धिक्कार उठता। इसका कारण था अरियालूर की रेल दुर्घटना, जिनने डेढ सौ से भी अधिक लोग मौत की नींद सो गये। यदि शास्त्री जी के स्थान पर कोई और होता तो कभी न सोचता कि इस दुर्घटना की सारी जिम्मेदारी रेल-मन्त्री की है। वह यही कहता कि ड्राइवर की गल्ती हुई होगी, स्टेशन मास्टर की या स्टेशन के ही अन्य कर्मचारी की गल्ती हुई होगी।

लेकिन शास्त्री जी व अन्य मत्रियो मे यही तो अन्तर था। आधी रात हो गई, लेकिन शास्त्री जी ने एक क्षण के लिए भी पलक नही झपकाई। अगर रेल-विभाग मे कोई कमजोरी आई थी तो उसे दूर करना रेल मन्त्री का काम था। वे यही सोच रहे थे। मैं यह काम पूरा न कर सका इसीलिये यह दुर्घटना हुई। मेरे ही कारण इतने बेकसूर लोग मारे गए। कितना भयकर अपराध हो गया मुझ से! लेकिन अब?

अब क्या किया जाय? क्या प्रायश्चित है इसका? टहलते-टहलते उनके कदम रुक गए। हा......एक उपाय है। मुझे अपने पद से स्तीफा दे देना चाहिए।

उपाय सूझते ही उनके मन को परम शान्ति मिली। वे मेज के पास आए। कागज, कलम निकाली और जवाहर लाल नेहरु के नाम उन्होने अपना स्तीफा लिखा और लिफाफे मे बंद कर दिया। सुबह यह लिफाफा नेहरु जी को पहुचा दिया।

"लाल बहादुर! मै नही सोचता कि तुम्हे स्तीफा देना चाहिये।" पडित नेहरु ने समझाते हुए कहा, 'दुर्घटनाए सयोग वश होती हैं। रेल मन्त्री का उसमे क्या कसूर?"

"नही पडित जी, कसूर हो या न हो, लेकिन सोचिये, अगर मैं स्तीफा देता हूं तो इसका पूरे रेल-विभाग पर कितना असर पड़ेगा। अगर मेरे स्तीफे के कारण उसमे जरा भी मुस्तैदी आती है तो बस मैं स्तीफे को सफल मानूगा।" शास्त्री जी ने दृढ़ता से कहा।

"अच्छा तो, लाल बहादुर मैं तुम्हे अपने मन्त्रि-मण्डल से खोना नही चाहता। तुम्हारे जैसे

पर आकर सूर्य डूब गया। इतिहास का महान् अध्याय लिखने वाली आत्मा परमात्मा में लीन हो गई।

उत्साह की किरणों के नृत्य को हटाकर दुःख के बादल छा गये। जहाँ होठों को मुस्कराना था वहा आखें बरसने लगीं। अर्थात् मुस्कान आसुओं में बदल गई। देशवासी सोच रहे थे कि नन्हा-सा प्रधानमन्त्री शान्ति के ऊंचे शिखर को छूता हुआ विमान से उतरेगा तो कहेंगे —"जो काम स्व० प्रधान मन्त्री जवाहर लाल जी अठारह वर्ष में भी न कर सके वही काम श्री शास्त्री जी ने अठारह मास में कर दिखाया।" परन्तु विमान आया अवश्य, उसमें लाल बहादुर भी थे, उनकी महानता भी थी, लेकिन कोई कुछ कह नहीं सका। हर बात, हर भाव आसुओं में डूबने लगे।

मृत्यु वास्तव में बड़ी बलवान है, तो भी केवल राही को छीन सकती है, रास्ते के पद-चिन्हों को नहीं मिटा सकती। श्री लालबहादुर शास्त्री अपने संक्षिप्त शासन-काल में अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में एक महान् नेता के रूप में उपस्थित हुए थे। उन्होंने जिस समस्या को स्पर्श किया उसका हल ढूंढ निकाला। शास्त्री जी के ही समय में भारत को सबसे गंभीर खाद्य संकट का सामना करना पड़ा परन्तु उन्होंने अपूर्व धैर्य से उसे सुलझा दिया।

श्री शास्त्री के जीवन का हर क्षण देश सेवा में गुजरा है। इसलिये उनके उपकारों के नीचे सारा देश दबा हुआ है। पाकिस्तान और भारत का यह समझौता एक चमत्कार है। शास्त्री जी का यह काम भी उन्हें अमर कर देने योग्य है। लेकिन वह चमत्कार करने वाला रहा नहीं शान्ति की खोज करने वाला स्वयं शान्ति की नींद में सो गया। जीवन की अन्तिम घड़ी तक वे देश की सेवा करते रहे। भारत के इस सच्चे शान्ति-प्रेमी को भारत के राष्ट्रपति द्वारा भारतरत्न की उपाधि से बारह जनवरी को विभूषित किया गया। शोक में डूबा भारत देशरक्षक भारतरत्न लालबहादुर के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

मेरे देशवासियो !

इसमें संदेह नहीं कि जो खूब सोते हैं, वे खूब जागते भी हैं। भारतवर्ष बहुत काल तक सोता रहा है। इसलिए हम निःसंदेह यह कह सकते हैं कि अंधविश्वास या पुराने सड़े-गले रीति-रिवाज अब धीरे-धीरे दूर हो रहे हैं और आलस्य उड़ता जा रहा है।

उन्नति का नियम बाहरी क्रिया में विभिन्नता और भीतरी स्वरूप एवं भाव में पूर्ण एकता चाहता है। ऐसा न होने पर जड़ता पैदा हो जाती है। किसी ने व्याकरण को भाषा का श्मशान कहा है। ज्यों ही आप भाषा को अचल और सुरक्षित बनाने का प्रयत्न करेंगे, वह तत्काल निर्जीव हो जायेगी। ठीक इसी प्रकार नियमों और कर्मकांड की दृढ़ अचलता राष्ट्र का सत्व भक्षण कर लेती है।

—स्वामी रामतीर्थ

वर्तमान संकट में भारतीय छात्रों का राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्य

देश की स्वतन्त्रता से पूर्व भारतीय छात्रों के सोचने के लिये दो प्रश्न हो सकते थे। वह स्वतंत्र देश का छात्र होकर अपना जीवन निर्वाह करे अथवा एक गुलाम पशु की तरह विदेशी सरकार के अधीन रह कर अपनी जिन्दगी के छकड़े को चलाता रहे। लेकिन उस समय भारतीय छात्रों ने स्वतंत्र देश का छात्र रहना ही पसन्द किया। उसने विश्व के सम्मुख एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मातृभूमि के लिये तन-मन-धन न्यौछावर कर दिया। उसने १६४७ का स्वतंत्रता दिवस हमारे सम्मुख लाकर इस बात का प्रमाण दिया कि वह देश को ऊँचा उठा सकने में समर्थ है।

नापाक पड़ौसी दुश्मनो द्वारा किए हमलों के समय भी भारतीय छात्रों ने भावात्मक एकता मजबूत करते हुए बिना लिंग व जाति-भेद के कन्धे से कन्धा मिलाकर खूनी पजों को नाकामयाब किया और देश ने जब कभी भी उनको आमन्त्रित किया, उन्होंने बडी तत्परता दिखाई। उन्होने विश्व को दिखा दिया कि छात्रो की ताकत के सम्मुख ईश्वर की ताकत को भी झुकना पड़ता है। इस का नाजायज फायदा कुछ स्वार्थी तत्व उन्हें साधन के रूप में इस्तेमाल कर उठाते हैं और वे परोक्ष रूप मे अपना स्वार्थ सिद्ध करने मे लगे रहते है!

आज भारत के प्रायः सभी बड़े-बडे प्रान्त छात्रो की अनुशासनहीनता से छटपटा रहे हैं। छात्रो को अपनी ताकत का लाभ देश को देना है, न कि राष्ट्रीय सम्पत्ति को नष्ट-भ्रष्ट करने में। देश की किसी भी वस्तु को यदि नष्ट किया जाता है तो परोक्ष रूप से राष्ट्रीय सम्पत्ति का ही नष्ट होना है जिसका प्रभाव देशवासियों पर प्रत्यक्ष रूप मे पड़े बिना नहीं रहेगा। जिन छात्रो ने खून की होली खेल कर लाल किले पर तिरंगा झण्डा लगाने में जबरदस्त हाथ बटाया, जिन छात्रो ने चीनी चूहों को मार भगाने में तत्परता दिखाई और जिन छात्रों के बलबूते पर पाकिस्तानी पेटन टैंक बैल गाडी के रूप में परिणत कर दिये गये वे ही छात्र राष्ट्रीय सम्पत्ति को खुले आम नष्ट कर रहे हैं। विश्व ऐसे छात्रो के कर्तव्यों पर हँसेगा नहीं तो और क्या करेगा!

छात्रो ! प्रजातन्त्र में किसी व्यक्ति विशेष या जमात विशेष का राज्य नहीं है। सत्ता जनता की है, जनता जनार्दन का समर्थन प्राप्त करते हुए अपनी जायज मांगो को सही ढंग से मनवाने हेतु सरकार के सम्मुख प्रस्तुत करो न कि हिंसात्मक कार्यवाही द्वारा । मंत्री तो केवल अपने नुमाइन्दे अथवा एजेन्ट के रूप में हैं। सरकार रूपी कम्पनी के शेयर होल्डर सभी भारतीय नर-नारी हैं। इसलिये अपनी जो भी मांगें रक्खी जायें वे पढ़े-लिखे समुदाय की तरह हो। यदि ऐसा नहीं हुआ तो अशिक्षित समुदाय और छात्रों के संगठनों में क्या फर्क रहेगा ? यदि बिना पढ़े-लिखे लोग छात्रों के आचरणों का अनुकरण करें तो उनका भला क्या दोष हो सकता है ? भारत देश में छात्रों की जिम्मेवारी और भी ज्यादा है। क्योंकि आन्तरिक और बाह्य दोनों ओर संकट मुँह बाये खड़े हैं जो देश को निगल जाना चाहते हैं।

जिस तरह भारत समुद्र द्वारा तीन तरफ से घिरा है, ठीक उसी प्रकार तीनों ओर से संकटों से भी। पड़ोसी चीन व पाकिस्तान से हर समय युद्ध जैसी स्थिति बनी है। हम खाने के मामले में आत्म निर्भर होने के लिये भरसक प्रयत्न करते है। इस मौके पर यदि छात्र आन्तरिक अशान्ति पैदा करते हैं तो निश्चय ही वे पड़ोसी दुश्मनों व देशद्रोही काले बाजारी व्यापारियों को परोक्ष रूप से बल प्रदान करते है जो छात्र जाति के नाम पर अमिट कलंक स्वरूप है। आप तो समस्त विश्व के समक्ष हैं। हमें उन देशद्रोही व्यापारियों व आन्तरिक आतंक फैलाने वाले शत्रुओं का मुकाबला भी करना है। आज सरकार व नागरिक दोनों ही नाजुक स्थिति से गुजर रहे है। देश के सिपाही सर्दी, गर्मी, आँधी, तूफानों की परवाह न कर देशवासियों के लिए सामने दुश्मनों से रक्षा हेतु सरहदों पर तैनात हैं। दूसरी तरफ सरकार खाद्य संकट को नियन्त्रण में लाने के लिये, (देशद्रोही पूंजीपतियों को कानून के शिकंजे में लेकर) अध्यादेश जारी कर रही है।

भारत के सच्चे रत्न छात्र जिन के कन्धों पर कल राष्ट्र का भार पड़ने वाला है अपनी शक्ति का दुरुपयोग करते है। प्रजातन्त्र में पत्रकारिता जो इसका स्तम्भ है, उस पर भी हमला करके उस पर कलंक लगाने से नहीं चूकते। क्या १६ वर्षों के काल में ही फिर से भारतीय छात्रा गुलाम देश में जीवन बिताने की ठानी है ? यदि नहीं तो फिर से वे अपना तन-मन-धन देश हित के कार्यों के लिए करें जैसा उन्होंने अंग्रेजो के राज्यकाल में किया था। प्रत्येक देश में आन्तरिक व बाह्य दोनों तरह की रक्षा का भार युवक छात्रों पर ही है। इसी को ध्यान में रख कर नेपोलियन ने युद्ध के समय कहा था, – वाटरलू का युद्ध ईटन स्कूल के खेल के मैदान में लड़ा गया और जीता गया।' इस का सीधा अर्थ है कि किसी भी देश को युद्ध में विजय दिलाने वाले छात्र ही होते है। भला भारतीय छात्र जो चरित्र की दृष्टि से विश्व में अनुकरणीय रहे है अनुशासनहीनता का नंगा ताण्डव करते है। इससे बड़ा दुर्भाग्य भारत के लिए और क्या हो सकता है कि वह उत्तरोत्तर पतन की ओर अग्रसर हो रहा है।

छात्र के अनुशासनपूर्ण जीवन बिताने का तरीका यह है कि वे आन्तरिक व बाह्य रूप से अपनी प्रवृत्तियों में परिवर्तन करें तथा देश के सम्मुख में अच्छे नागरिक बनें। छात्र देश का स्तम्भ है

वर्तमान संकट में भारतीय छात्रों का राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्य

देश की स्वतन्त्रता से पूर्व भारतीय छात्रों के सोचने के लिये दो प्रश्न हो सकते थे। वह स्वतन्त्र देश का छात्र होकर अपना जीवन निर्वाह करे अथवा एक गुलाम पशु की तरह विदेशी सरकार के अधीन रह कर अपनी जिन्दगी के दुखड़े को रोता रहे। लेकिन उस समय भारतीय छात्रों ने स्वतंत्र देश का छात्र रहना ही पसन्द किया। उन्होंने विश्व के सम्मुख एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मातृभूमि के लिये तन-मन-धन न्यौछावर कर दिया। उन्होंने १९४७ का स्वतन्त्रता दिवस हमारे सम्मुख लाकर इस बात का प्रमाण दिया कि वह देश को ऊँचा उठा सकने में समर्थ है।

नापाक पड़ौसी दुश्मनों द्वारा किए हमलों के समय भी भारतीय छात्रों ने भावात्मक एकता मजबूत करते हुए बिना लिंग व जाति-भेद के कन्धे से कन्धा मिलाकर खूनी पञ्जों को नाकामयाब किया और देश ने जब कभी भी उनको आमन्त्रित किया, उन्होंने बड़ी तत्परता दिखाई। उन्होंने विश्व को दिखा दिया कि छात्रों की ताकत के सम्मुख ईश्वर की ताकत को भी झुकना पड़ता है। इस का नाजायज फायदा कुछ स्वार्थी तत्व उन्हें साधन के रूप में इस्तेमाल कर उठाते हैं और वे परोक्ष रूप से अपना स्वार्थ सिद्ध करने में लगे रहते हैं!

आज भारत के प्रायः सभी बड़े-बड़े प्रान्त छात्रों की अनुशासनहीनता से छटपटा रहे हैं। छात्रों को अपनी ताकत का लाभ देश को देना है, न कि राष्ट्रीय सम्पत्ति को नष्ट-भ्रष्ट करने में। देश की किसी भी वस्तु को यदि नष्ट किया जाता है तो परोक्ष रूप से राष्ट्रीय सम्पत्ति का ही नष्ट होना है जिसका प्रभाव देशवासियों पर प्रत्यक्ष रूप से पड़े बिना नहीं रहेगा। जिन छात्रों ने खून की होली खेल कर लाल किले पर तिरंगा झण्डा लगाने में जबरदस्त हाथ बटाया, जिन छात्रों ने चीनी चूहों को मार भगाने में तत्परता दिखाई और जिन छात्रों के बलबूते पर पाकिस्तानी पेटन टैंक बैल गाड़ी के रूप में परिणत कर दिये गये थे वही छात्र राष्ट्रीय सम्पत्ति को खुले आम नष्ट कर रहे हैं। विश्व ऐसे छात्रों के कर्तव्यों पर हँसेगा नहीं तो और क्या करेगा!

छात्रो ! प्रजातन्त्र मे किसी व्यक्ति विशेष या जमात विशेष का राज्य नही है। सत्ता जनता मे है, जनता जनार्दन का समर्थन प्राप्त करते हुए अपनी जायज मांगो को सही ढंग से मनवाने हेतु सरकार के सम्मुख प्रस्तुत करो न कि हिंसात्मक कार्यवाही द्वारा। मंत्री तो केवल अपने नुमाइन्दे अथवा एजेन्ट के रूप मे है। सरकार रूपी कम्पनी के शेयर होल्डर सभी भारतीय नर-नारी हैं। इसलिये अपनी जो भी मांगें रखी जाये वे पढ़े-लिखे समुदाय की तरह हो। यदि ऐसा नही हुआ तो अशिक्षित समुदाय और छात्रो के संगठनो मे क्या फर्क रहेगा ? यदि बिना पढ़े-लिखे लोग छात्रो के आचरणों का अनुकरण करें तो उनका भला क्या दोष हो सकता है ? भारत देश मे छात्रो की जिम्मेवारी और भी ज्यादा है। क्यों-कि आन्तरिक और बाह्य दोनो ओर संकट मुंह बाये खडे हैं जो देश को निगल जाना चाहते हैं।

जिस तरह भारत समुद्र द्वारा तीन तरफ से घिरा है, ठीक उसी प्रकार तीनो ओर से संकटो मे भी। पडोसी चीन व पाकिस्तान मे हर समय युद्ध कीसी स्थिति बनी है। हम खाने के मामले मे आत्म निर्भर होने के लिये भरसक प्रयत्न करते है ! इस मौके पर यदि छात्र आन्तरिक अशान्ति पैदा करते हैं तो निश्चय ही वे पड़ोसी दुश्मनो व देशद्रोही काले बाजारी व्यापारियो को परोक्ष रूप से बल प्रदान करते हैं जो छात्र जाति के नाम पर धमिट कलंक स्वरूप है। शत्रु तो समस्त विश्व के समक्ष हैं। हमे उन देशद्रोही व्यापारियो व आन्तरिक आतंक फैलाने वाले शत्रुओ का मुकाबला भी करना है। आज सरकार व नागरिक दोनो ही नाजुक स्थिति से गुजर रहे है। देश के सिपाही सर्दी, गर्मी, आंधी, तूफानो की परवाह न कर देशवासियो के लिए नापाक दुश्मनो से रक्षा हेतु प्रहरी के रूप मे तैनात है। दूसरी तरफ सरकार खाद्य संकट को नियन्त्रण में लाने के लिये, (देशद्रोही पूंजीपतियो को कानून के शिकन्जे मे लेकर) अध्यादेश जारी कर रही है।

भारत के सच्चे रत्न छात्र जिन के कन्धो पर कल राष्ट्र का भार पडने वाला है अपनी शक्ति का दुरुपयोग करते हैं। प्रजातन्त्र मे पत्रकारिता जो इसका सम्बल है, उस पर भी हमला करके अपने पर कलंक लगाने मे नही चूकते। क्या १६ वर्षो के काल मे ही फिर से भारतीय छात्रो ने गुलाम देश मे जीवन बिताने की ठानी है ? यदि नही तो फिर से वे अपना बल-प्रदर्शन देश हित के कार्यों के लिए करें जैसा उन्होने अंग्रेजो के राज्यकाल मे किया था। प्रत्येक देश मे आन्तरिक व बाह्य दोनो तरह की रक्षा का भार युवक छात्रो पर ही है। इसी को ध्यान मे रख कर नेपोलियन ने युद्ध के समय कहा था,—"वाटरलू का युद्ध ईटन स्कूल के खेल के मैदान मे लड़ा गया और जीता गया।" इस का सीधा अर्थ है कि किसी भी देश को युद्ध मे विजय दिलाने वाले छात्र ही होते है। भला भारतीय छात्र जो चरित्र की दृष्टि से विश्व मे अनुकरणीय रहे है अनुशासनहीनता का खुला ताण्डव करते है। इससे बडा दुर्भाग्य भारत के लिए और क्या हो सकता है कि वह उत्तरोत्तर पतन की ओर अग्रसर हो रहा है।

छात्र के अनुशासनपूर्ण जीवन बिताने का तरीका यह है कि वे मानसिक व शारीरिक रूप से अच्छी प्रवृतियो मे संलग्न रहे तथा देश के झन्डे मे झन्डे तथा वीर सेनानी बनें। आज देश को शत्रुओं से रक्षार्थ वैज्ञानिको तथा टेक्नीशियनो की अधिक आवश्यकता है। आज अमेरिका तथा रूस संसार मे सबसे ज्यादा

भारती के लिए विशेष

शक्तिशाली राष्ट्र क्यों माने जाते हैं ? छात्रों ने विज्ञान तथा टैक्नोलोजी की शिक्षा अनुशासनबद्ध ढंग से प्राप्त की है !

छात्रो ! अपनी आन्तरिक शक्ति को पहचानो ! अपनी शक्ति को अपने दिमाग द्वारा काम मे आज बूढा हिमालय आप द्वारा राष्ट्रीय सम्पत्ति को नष्ट करने पर आंसू की धाराएं बहा रहा है। आवश्यकता है अधिक से अधिक उच्च वैज्ञानिक शिक्षा प्राप्त किये छात्रों तथा कुशल पुरुषों की जो देश रक्षा करने के लिए नए २ हथियार तैयार कर सकें ! उन योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है जो देश नाव संकट रूपी तूफान से कुशल नाविक की तरह पार लगा सकें। आज शत्रु के प्रचार का खण्डन नागरिकों का मानसिक सन्तुलन बनाये रखने का भार भी देश के छात्रों पर ही है। द्वितीय विश्व युद्ध इंग्लैंड को परास्त करने के लिए जर्मनी ने अनर्गल प्रचार व हमलों के नापाक हथकण्डों का सहारा चाहा लेकिन छात्रों ने सिविल डिफेन्स द्वारा हिटलर के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

संकटकालीन अवस्था मे प्रत्येक देश मे आयात कम हो जाता है फलतः फौजी सामान तथा जीवनोपयोगी सामान की प्रचुर मात्रा मे आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य देश के बूढ़े व अशक्त समूह से होकर शिक्षित छात्रों द्वारा ही होता है !

भारत के तिरंगे के सम्मान की रक्षा के लिए यदि प्रथम पंक्ति सेना है तो दूसरी पंक्ति छात्रों की है जो हताहत सैनिकों का स्थान लेते है। आज देश अपने पुत्रों (छात्रों) को टेरिटोरियल फोर्स, एन. सी., तोपखाने, नागरिक सुरक्षा आदि कार्यों हेतु पुकार रहा है। छात्रो को अपने बल को उचित कार्य लगाने की आवश्यकता है। स्वतंत्रता से पूर्व छात्रो ने किस प्रकार अपना रक्त और प्राण दिये उस का अंग्रेजी अफसरो की गुप्त रिपोर्टों से चलता है। वर्तमान छात्रों पर भारी जिम्मेवारी हैं। अगली पीढ़ी छात्र वर्तमान छात्रों का ही अनुकरण करेंगे ! अतः आज के छात्र अनुशासनहीनता द्वारा केवल अपना नहीं बल्कि परंपरा का भी विनाश करते हैं। छात्र-समूह के हित के लिए संगठन को अपनी मांगें सही से रखनी चाहिए। किसी समुदाय विशेष का हित देश-हित नही हो सकता। यह सर्व मान्य है कि कुछ पाने लिए महान बलिदान चाहिये। लेकिन बलिदान भी सही ढंग से होना चाहिये। बलिवेदी पर एक मर्द की तरह मरो न कि बकरे की तरह।

हरि चतुर्वेदी

राज्य-स्तरीय विजेता फुटबाल टीम शिक्षा-संचालक के साथ

भौतिक-विज्ञान कक्ष

रसायन-विज्ञान कक्ष

वाचनालय कक्ष

जीव-विज्ञान कक्ष

के अवसर पर भीड़भाड़ ज्यादा होने के कारण वह नन्हा शिशु माता के हाथ से छूट गया और एक किसान की टोकरी में गिर गया। माता रामदुलारी ने सोचा कि वह गंगा-वरद-पुत्र गंगा माता की ही गोद में चला गया। लेकिन उधर वह किसान उसे गंगा माता का प्रसाद समझ कर बहुत प्रसन्न हुआ। काफी खोजबीन के बाद वह उनके माता-पिता को वापिस कर दिये गये। कौन जानता था कि यही नन्हा-सा जाह्नवी का वरदान आगे चलकर भारत का भावी-निर्माता कर्णधार प्रधानमन्त्री बनेगा। जब लाल बहादुर एक साल और सवा छः महीने के ही हुए थे, तब ही उनके सिर पर से पिता की छत्र-छाया हमेशा के लिए उठ गई। पिता की मृत्यु से सारा भार उनकी माता रामदुलारी पर आ गया।

माध्यमिक शिक्षा

जब शास्त्री जी पाँच वर्ष के थे तब उनकी माता उन्हें शिक्षा के लिए अपने पिता हजारी प्रसाद अर्थात् शास्त्री जी के नानाजी के पास ले गई। मुगलसराय में उन्होंने दस वर्ष की आयु में छठी कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद वहाँ उच्च माध्यमिक स्कूल न होने की वजह से वे अपनी माता के साथ अपने मौसा रघुनाथ प्रसाद जी के यहा चले गये, जो कि वाराणसी की नगर-पालिका में क्लर्क का काम करते थे। उनके मौसा जी ने इनका वहा हरिशचन्द्र हाई स्कूल में प्रवेश करवा दिया। यहा उनके प्रधानाध्यापक डॉ० रा० मन्केकर थे। वे सब विषयों में बहुत होशियार थे। केवल गणित में उनकी गति इतनी नहीं थी, इसे वह ज्यामिति और बीजगणित में पूरा कर लेते थे। अंग्रेजी भाषा में उनकी बहुत रुचि थी, उसमें वे निपुण थे। बहुत अधिक अध्ययनशील न होने पर भी वे अपने शिक्षकों के स्नेह-पात्र रहे। १२ वर्ष की आयु में जब लाल बहादुर दवीं कक्षा में पढ़ते थे, उन्होंने गाँधी जी के प्रथम बार दर्शन किये। उस समय गाँधी जी वाराणसी (बनारस) में "बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय" का उद्घाटन करने गये थे। तभी से गाँधी जी के चरित्र की उन पर अमिट छाप पड़ गयी थी।

हरिशचन्द्र हाई स्कूल में उनके सहपाठियों में त्रिभुवन नारायण सिंह (वर्तमान केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल में राज्य-मन्त्री), अलगू राय शास्त्री (उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य एवं उत्तर प्रदेश सरकार के भूतपूर्व मन्त्री), भी थे।

गाँधी जी के असहयोग आन्दोलन के समय हरिशचन्द्र स्कूल में श्री कामेश्वर प्रसाद मिश्र इनके गणित और अंग्रेजी के शिक्षक थे। वे स्काउट-मास्टर की हैसियत से सबको तिलक के 'स्वराज्य मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है' नारे का रहस्य समझाते थे। वे इन्हें वीरों की कहानियाँ भी सुनाया करते थे। इसलिए शास्त्री जी का झुकाव क्रान्तिकारी गतिविधियों की ओर हो गया था। अगर महात्मा गाँधी सन् १६२० में पुनः बनारस न पधारते तो लाल बहादुर अवश्य ही क्रांतिकारी दल में हो गये होते। सन् १६२१ ई० में जब शास्त्री जी केवल १६ वर्ष के थे, जब कि उनकी मैट्रिक की परीक्षा के कुछ ही दिन शेष थे, महात्मा गाँधी के असहयोग आन्दोलन में शामिल हो गये क्योंकि उनकी अन्तरात्मा का सोया सिंह जाग उठा था। उनके साथ श्री सिंह, श्री अलगूराय जी भी आन्दोलन में हो गये। सन् १६२१ ई० में ही उन्हें प्रथम बार २॥ वर्ष की जेल भुगतनी पड़ी। इसके बाद भी १२ बार में ९ साल जेल में रहे।

काशी विद्यापीठ में

इस सजा के बाद वे सुप्रसिद्ध दार्शनिक डॉ० भगवान दास के परामर्श से काशी विद्यापीठ में पढ़ने लगे। उन्होंने दर्शन विषय लेकर चार वर्ष तक अध्ययन किया। यहाँ उनके प्राध्यापकों में डॉ० भगवान दास (प्रधानाचार्य), आचार्य नरेन्द्र देव, राजस्थान के वर्तमान राज्यपाल डॉ० सम्पूर्णानन्द, आचार्य जे० बी० कृपालानी, और उत्तर-प्रदेश व महाराष्ट्र के भूतपूर्व राज्यपाल श्री श्रीप्रकाश थे। यहाँ उनके सहपाठियों में अलगूराय शास्त्री, राजाराम शास्त्री, हरिहरनाथ शास्त्री और आनन्द प्रकाश एवं विभूति मिश्र थे। शास्त्री जी कबड्डी और बैडमिन्टन के अच्छे खिलाड़ी थे। अब तक श्री लाल बहादुर श्रीवास्तव लिखते थे, लेकिन अब उन्होंने 'काशी विद्यापीठ' से शास्त्री की डिग्री लेकर जाति के स्थान पर अपना नाम 'लाल बहादुर शास्त्री' लिखना शुरू किया।

सन् १९२३ ई० में उनका विवाह ललिता जी से हुआ।

राजनीतिक जीवन

श्री शास्त्री सन् १९२६ ई० में ही भारत सेवक मण्डल के आजीवन सदस्य बन गये। बाद में उन्होंने इस संस्था को २५० रुपये मासिक देना शुरू किया। सन् १९२६ से सन् १९३० तक यही संस्था उनकी गतिविधियों का मुख्य केन्द्र रही और उनका कार्यक्षेत्र बनारस व इलाहाबाद हो गया। यह कार्यक्षेत्र सन् १९४२ तक रहा। इसके बाद की गतिविधियों का केन्द्र दिल्ली ही रहा।

शास्त्री जी १९३० से १९३६ तक इलाहाबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी रहे। अगले वर्ष ही वे उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए। सन् १९२१ ई० से लेकर सन् १९४५ ई० तक हुए सभी कांग्रेसी आन्दोलनों में उन्होंने प्रमुख रूप से भाग लिया। सन् १९४६ ई० में श्री शास्त्री चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्य मन्त्री के संसदीय सचिव नियुक्त हुए।

भारत की स्वतन्त्रता के बाद सन् १९४७ ई० में उत्तर प्रदेश-राज्य-मन्त्रिमण्डल में गृह व परिवहन-मन्त्री बने। वह इस पद पर चार साल अर्थात् सन् १९५१ ई० तक रहे। सन् १९५१ ई० में राज्य मन्त्रिमण्डल से त्याग-पत्र देकर राष्ट्रीय कांग्रेस के महामन्त्री का पद संभाला। शास्त्री जी की संगठनीय योग्यता और उनके द्वारा किये गये सुयोग्य दलीय चुनाव के कारण ही कांग्रेस ने प्रथम राष्ट्र चुनाव में इतनी अधिक विजय प्राप्त की थी।

सन् १९५२ ई० में स्व० नेहरू ने उन्हें अपने मन्त्रिमण्डल में रेल मन्त्री का पद दिया। लेकिन दक्षिण भारत में कम्युनिस्टों द्वारा की गई गतिविधियों एवं साम्यवादी विचार रखने वाले रेल कर्मचारियों द्वारा जान-बूझकर की गई गलतियों से बहुत दुर्घटनायें हुईं। अरियालूर-महबूबनगर (हैदराबाद) में हुई अति भीषण दुर्घटना के कारण उन्होंने अपने को दोषी मानते हुए त्यागपत्र दे दिया। ४ अप्रैल सन् १९६१ ई० में बाद पं० नेहरू ने उन्हें फिर मन्त्री स्तर के पद पर गृह-मन्त्री नियुक्त किया।

जब सन् १९६१ ई० में [illegible] के लिए [illegible] दिया।

[illegible]

प्रधान-मन्त्रित्व काल

[illegible] को प्रधान मन्त्री पद [illegible] किया।

श्री शास्त्री ने [illegible] सादगी के कारण उन्होंने [illegible] प्रत्येक विरोधी [illegible] भारतीय एवं विदेशी राजनीतिज्ञों में भी उनको [illegible] लिया था। सन् १९६५ में पाकिस्तानी आक्रमण के समय तथा उसी मास चीन द्वारा दिये गये अल्टीमेटम के समय उनके द्वारा दिखायी गई दृढ़ता एवं साहस सराहनीय है।

पाकिस्तानी आक्रमण के बाद से शान्ति की खोज में जनवरी में सोवियत नगर ताशकन्द को सोवियत प्रधानमन्त्री के निमन्त्रण तथा उन्हीं की अध्यक्षता व राष्ट्रपति अयूब खां से वार्ता करने गये।

कोई सोच भी नहीं सकता था कि शान्ति-वार्ता महामानव शान्ति के समझौते के कुछ घण्टे बाद ही हम से बिछुड़ जायेगा।

वही नाटे कद का किन्तु प्रतिभाशाली शान्त और नपी-तुली भाषा में बोलने वाला यह महामानव ६१ वर्ष की आयु में मंगलवार दिनांक ११ जनवरी १९६६ की प्रथम घड़ियों में गहरी नींद में सो गया। हम उन्हें कभी नहीं भूल सकेंगे। भारत-सरकार ने इस महामानव को मरणोपरान्त 'भारत-रत्न' से विभूषित किया है।

'जय जवान जय किसान'!
लाल बहादुर शास्त्री जिन्दाबाद!!
जय हिन्द!!!

ख़िराजे अक़ीदत

श्री सुफ़ेल अहमद ताबिश एम० ए०

हिन्द का लाल हो गया रूख़सत
आज घर-घर मे इसका मातम[1] है ।
गुंचाओगुल भी अब हैं अफसुरदा[2]
और बज़्मे निशात[3] बरहम[4] है ॥

कौन टूटे दिलों को जोड़ेगा
बेसहारों का आसरा[5] ना रहा ।
जिस पे नज़रें थी अम्ने आलम की
आज वो रम्ज़[6] आशना ना रहा ॥

शम्मे मेहफिल भी बुझ गई जैसे
जाने मेहफिल नहीं जो मेहफिल में ।
हिन्द की बज़्म ऐसे वीरां है
जैसे लैला[7] नहीं है मेहफिल[8] में ॥

दीप जलते हैं जल के बुझते हैं
ये तो दस्तूर है ज़माने का ।
दीप बुझ कर भी ये तो रोशन है
और उनवां[9] है इस फसाने[10] का ॥

उलझें हद से जब गुज़र जायें
काकुले[11] ज़ीस्त फिर संवरते हैं ।
यूं भी होता है गरदिशे दौरां
नक़्श[12] मिट मिट के भी उभरते हैं ॥

यूं तो मरने को सब ही मरते हैं
मौत वो रश्के[13] ज़िन्दगानी है ।
जो वतन पर निसार हो जाय
उसकी ठोकर में कामरानी[14] है ॥

---

१ शोक २ मुरझाये हुये ३ खुशी की मेहफिल ४ उदास, परेशान ५ सहारा ६ भेद को जानने वाला ७ मजनू की प्रियतमा ८ ऊंट का हौदा ९ शीर्षक १० कहानी ११ जिन्दगी की उलझने १२ सूरत, रूप १३ जिन्दगी भी जिस से ईर्ष्या करे १४ सफलता ।

-

विजय गोस्वामी, ११ स

हमारे देश के भूतपूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय श्री लालबहादुर शास्त्री को कौन नहीं जानता ? वे कर्तव्य-प्रेमी, सत्यनिष्ठ तथा ईमानदार थे, हर भारतवासी को उन पर गर्व है तथा उनका नाम आज भी देशवासी आदर के साथ लिया करते हैं। उनकी इसी सत्यनिष्ठा तथा अटल ईमानदारी के कारण ही उनके कई मित्र उनसे अप्रसन्न रहा करते थे। शास्त्रीजी ने अपने शासन-काल में सदा स्वजनों की और सगे सबंधियों की उपेक्षा कर अपने सत्य की रक्षा की। उनकी कर्तव्यपरायणता सत्यनिष्ठा और ईमानदारी के कुछ उदाहरण मैं नीचे दे रहा हूं:-

शास्त्रीजी का पुत्र बीमार हुआ। उसे बडे जोर का टाइफाइड हो गया उम्र यही कोई ५ वर्ष की होगी। शास्त्री जी जेल से एक सप्ताह के पैरोल पर आये। जब वापिस जेल जाने का दिन आया तो बच्चे को १०४ डिग्री बुखार था। वह पानी से निकाली मछली के समान छटपटा रहा था। शास्त्री जी एक घंटे तक उसकी खाट के समीप खडे रहे। शास्त्रीजी की आखो से आंसू बह रहे, बच्चे का बिस्तर भीगता रहा। बुखार तेजी से बढ़ता जा रहा था, डॉक्टर चिन्तित मुद्रा मे शास्त्री जी के समीप ही खड़ा था। जिलाधीश का सन्देश आया कि शास्त्री जी लिखित वायदा करें कि आन्दोलनकारियो से कोई सम्पर्क नही रखेंगे, तो उनके पैरोल की अवधि बढ़ाई जा सकती है। बुखार १०५ डिग्री तक पहुँच गया। सब लोग शास्त्रीजी को आँसू भरी आँखों से देख रहे थे।

बच्चे ने शास्त्री जी को कस कर पकड लिया—"बाबूजी ! मत जाइये।" उस समय शास्त्री जी के मन मे क्या बीत रही होगी, यह एक पिता ही जान सकता है।

पिता की कोमल भावनाओं पर आदर्श और स्वाभिमान ने विजय प्राप्त की। शास्त्री जी ने बच्चे को कंधे मे अलग किया। सबको अश्रुपूरित आंखो से नमस्कार किया तथा कमरे से बाहर निकल गये। बच्चा

चीखता ही रह गया "बाबूजी, बाबूजी !" पर शास्त्री जी ने फिर मुड़कर नहीं देखा। और कुछ दिन बाद वे जेल की अपनी कोठरी में थे।

यह है शास्त्री जी की सत्यनिष्ठा और दृढ़ ईमानदारी का उदाहरण ! इसी निष्ठा और ईमानदारी ने शास्त्री जी को उन्नति के शिखर पर पहुंचाया—समाज में सर्व पूज्य बनाया। उनकी सत्यनिष्ठा की—उनकी ईमानदारी की आज लोगों पर इतनी धाक है कि लोग शास्त्री जी का नाम सुनते ही ईमानदारी का अर्थ लगा लेते हैं।

सिद्धान्तों के प्रति ऐसी निष्ठा और दृढ़ता कदाचित् ही और कहीं देखने को मिले। भावनगर कांग्रेस की वे घड़ियां जब शास्त्री जी एक साधारण-सी कुटिया में ठहरे हुए थे। न सिपाही, न कोई सन्तरी। केवल उनका प्राईवेट सेक्रेटरी उनके साथ था। एक सज्जन उनके मामो जा पहुँचे। उन सज्जन के साथ प्रयाग के दो-तीन और कांग्रेस कार्यकर्ता भी थे। उन सज्जन ने शास्त्री जी से निवेदन किया कि वे उनके लिए पास का प्रबंध करवा दें। वे सज्जन शास्त्री जी के संबंधी थे। शास्त्री जी इस पर बोले कि यह लीजिए रुपये और टिकट खरीदिये। मैं ऐसा प्रबंध नहीं करूंगा।

यह थी उनकी सिद्धान्तों के प्रति गहरी निष्ठा।

एक बार शास्त्री जी जब उत्तर प्रदेश में पुलिस मंत्री थे, उनके मौसी के लड़के को जो कानपुर में रहते थे एक प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए लखनऊ जाने की आवश्यकता पड़ी। जब वे कानपुर स्टेशन के टिकट घर के समीप पहुँचे तो गाड़ी सीटी दे चुकी थी। फलस्वरूप वे टिकट नहीं खरीद सके और प्लेटफार्म की ओर दौड़े। इसी समय एक अपरिचित व्यक्ति उनके पास आया और कहा कि उसके पास लखनऊ का टिकट है और वे चाहें तो ले सकते हैं। उन्होंने झट से उसे पैसे दिये और टिकट को जेब में डाल लिया और जैसे तैसे गाड़ी पकड़ी। लखनऊ स्टेशन पर जब वे उतरे तो उन्होंने फाटक पर टिकट दिया। फाटक पर नियुक्त कर्मचारी ने टिकट देख कर उन्हें रोक दिया और कहा कि यह बीते दिन का टिकट है। इसलिए यह टिकट व्यर्थ है। उन्होंने फाटक पर नियुक्त कर्मचारी से प्रार्थना की कि उनकी परीक्षा है अतः उन्हें जाने दें। पर कर्मचारी टस से मस नहीं हुआ। बाद में उन्होंने अपने को शास्त्री जी का संबंधी बतलाया। पहले तो कर्मचारी को विश्वास नहीं हुआ अतः उसने शास्त्री जी से सम्पर्क स्थापित किया। तब मालूम पड़ा कि वे ठीक कह रहे हैं। फिर कर्मचारी ने शास्त्री जी से पूछा कि उनके साथ क्या किया जावे, तब शास्त्री जी ने कहा कि इनके साथ वही किया जावे जो औरों के साथ होता है।

कर्मचारी ने सारी बात उनसे सुनकर उन्हें मुक्त कर दिया। उस दिन वे परीक्षा में नहीं बैठ सके तथा कहते हैं कि वे उस दिन के बाद कभी शास्त्री जी की कोठी पर नहीं गये।

इन्हीं कारणों से उनके कई संबंधी उनसे नाराज हो गए। सत्यनिष्ठा और ईमानदारी के कारण ही वे सर्वपूज्य बन गये। ऐसे थे स्वर्गीय भूतपूर्व प्रधान मंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री।

अविस्मरणीय- श्री लाल बहादुर

किशोरीलाल वर्मा, कक्षा १० 'ब'

मुरझा गया
फूल सहसा मुरझा गया
वर्षा तप को झेलता हुआ
आँधियों से खेलता हुआ
सघर्ष मे पिलता हुआ,
सघर्ष को पेरता हुआ
अकेले मे, अकेलेपन को टेरता हुआ
फूल सहसा मुरझा गया।
पखुरिया झरने लगी
घोसले मे चोंच फंसाये
मृत बच्चे के कोमल पखों सी
पंखुरियाँ झरने लगी।
एक एक कर झड़ गयी
उनकी याद मे पर वृक्ष जीता रहा
ठूंठ वृक्ष जीता रहा
उन्ही का रक्त पीता रहा।
लेकिन वह सुगन्ध
उसकी वह भीनी-भीनी
पर तीखी सी,
दर्द भरी सी,
टीस भरी सी
गन्ध
जाने कब
जाने कैसे
घेरा तोड़ कर निकल गई
दिक दिक मे फैली
बहकी
महकी
लोग उन पाखुरियों के,
खण्ड बटोर ले गये
सुगन्ध उस फूल की खूब
दिक दिक मे उडती है
हाथ नही आती है
जैसे भी हो जैसे भी हो
सजोने हम आये हैं
हम स्मृतियो के रक्षक है
चुक गये फूल की सुगन्ध को सूघ
हम धाये है।
वह जो हमारा था,
हमें बहुत ही प्यारा था!

ताशकन्द घोषणा

प्रस्तुतकर्ता धीरेन्द्रजीत सिंह कक्षा ११ ग

विश्व-शान्ति का एक प्रयास

भारत के प्रधान मंत्री और पाकिस्तान के राष्ट्रपति, ताशकंद में मिलने और भारत तथा पाकिस्तान के वर्तमान सम्बन्धों पर विचार करने के बाद अपने इस दृढ़ संकल्प की घोषणा करते हैं कि वे दोनों देशों के बीच फिर से सामान्य और शांतिपूर्ण सम्बन्ध कायम करेंगे और दोनों देशों के लोगों में एक-दूसरे के प्रति सद्भाव और मित्रता पैदा करेंगे। वे इस उद्देश्य की पूर्ति को भारत और पाकिस्तान के ६० करोड़ लोगों के हित में अत्यंत महत्वपूर्ण समझते हैं।

१

भारत के प्रधान मन्त्री और पाकिस्तान के राष्ट्रपति इस पर सहमत हुए कि दोनों ओर से भारत और पाकिस्तान के बीच अच्छे पड़ोसियों का सम्बन्ध कायम करने के लिए संयुक्त राष्ट्रसंघ के घोषणा-पत्र (चार्टर) के अनुसार पूरे प्रयत्न किए जाएंगे। इस घोषणापत्र के अंतर्गत वे अपनी इस जिम्मेदारी को फिर से स्वीकार करते हैं कि वे ताकत से काम नहीं लेंगे, और अपने विवादों को शान्तिपूर्ण तरीकों से सुलझाएंगे। वे दोनों इसे समझते हैं कि दोनों देशों के बीच तनाव, उनके क्षेत्र, विशेषकर भारत-पाकिस्तान भूखंड की शांति और वस्तुत भारत और पाकिस्तान के लोगों के हित में बाधक है। इसी पृष्ठभूमि में जम्मू-कश्मीर के बारे में विचार हुआ और दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी स्थिति को स्पष्ट किया।

२

भारत के प्रधान मंत्री और पाकिस्तान के राष्ट्रपति इस पर राजी हुए हैं कि दोनों देशों के सब सशस्त्र आदमी २५ फरवरी, १९६६ तक उन ठिकानों पर वापस लौट जाएंगे, जहां वे ५ अगस्त १९६५ के पहले थे और दोनों पक्ष युद्ध-विराम रेखा पर, युद्ध-विराम की शर्तों का पालन करेंगे।

३

भारत के प्रधान मन्त्री और पाकिस्तान के राष्ट्रपति इस बात पर सहमत हैं कि भारत और पाकिस्तान के सम्बन्धों का आधार इस सिद्धान्त पर होगा कि एक दूसरे के अंदरूनी मामलों में दखल नहीं दिया जाएगा।

४

भारत के प्रधान मन्त्री और पाकिस्तान के राष्ट्रपति इस बात पर सहमत हुए हैं कि दोनों देशों के एक-दूसरे के विरुद्ध प्रचार को रोका जाएगा और ऐसे प्रचार को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे दोनों देशों में मित्रता का सृजन करे।

५

भारत के प्रधान मन्त्री और पाकिस्तान के राष्ट्रपति सहमत हुए कि पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त और भारत में पाकिस्तान के उच्चायुक्त अपनी-अपनी जगह लौट जाएंगे और दोनों देशों के सामान्य राजनयिक सम्बन्ध फिर से कायम किए जाएंगे। दोनों सरकारें राजनयिक व्यवहार में, १९६१ के वियना समझौते का पालन करेंगी।

६

भारत के प्रधान मन्त्री और पाकिस्तान के राष्ट्रपति सहमत हुए कि वे भारत और पाकिस्तान के बीच, आर्थिक सम्बन्ध, व्यापार, संचार और सांस्कृतिक सम्पर्क को फिर से कायम करने की कार्रवाई पर विचार करेंगे और भारत तथा पाकिस्तान के वर्तमान समझौतों को अमल में लाएंगे।

७

भारत के प्रधान मन्त्री और पाकिस्तान के राष्ट्रपति सहमत हुए कि वे अपने अधिकारियों को युद्ध बन्दियों की वापसी का आदेश देंगे।

८

भारत के प्रधान मन्त्री और पाकिस्तान के राष्ट्रपति सहमत हुए कि दोनों पक्ष, शरणार्थियों की, निष्कासितों की, गैर कानूनी बसने वालों की समस्याओं से सम्बन्धित प्रश्नों पर बात-चीत जारी रखेंगे। वे इस बात पर भी सहमत हुए कि दोनों पक्ष ऐसे हालात पैदा करेंगे, जिससे लोगों का देश से भागना बन्द हो। वे इस बात पर भी सहमत हुए कि संघर्ष के दौरान दोनो पक्षों ने जिस माल व सम्पत्ति पर अधिकार कर लिया है, उसके लौटाने के बारे में बातचीत की जाएगी।

९

भारत के प्रधान मन्त्री और पाकिस्तान के राष्ट्रपति, सहमत हुए कि जिन मामलों का दोनों देशों से सीधा सम्बन्ध है, उन पर विचार के लिए, दोनों पक्षों की सर्वोच्च और अन्य स्तरों पर बैठकें होती

रहेंगी। दोनों पक्ष इस पर तैयार हैं कि 'भारत-पाकिस्तान संयुक्त समितियां' नियुक्त की जाएं, जो अपनी-अपनी सरकारों को बताएं कि आगे और क्या कदम उठाए जाय।

भारत के प्रधान मन्त्री और पाकिस्तान के राष्ट्रपति, सोवियत संघ के नेताओं के, सोवियत सरकार के और व्यक्तिगत रूप से सोवियत संघ की मन्त्रिपरिषद् के अध्यक्ष के बहुत कृतज्ञ हैं, जिनके रचनात्मक, मित्रतापूर्ण और महान सहयोग से यह बैठक हो सकी, जिससे दोनों पक्षों के लिए सन्तोषप्रद परिणाम निकले। वे उजबेकिस्तान की सरकार और वहां के लोगों को भी दिल से धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने उनका इतना हार्दिक स्वागत और खातिरदारी की।

वे सोवियत संघ की मन्त्रिपरिषद् के अध्यक्ष को इस घोषणा के साक्षी होने को आमन्त्रित करते हैं।

१० जनवरी, १९६६

भारत के प्रधान मन्त्री
लालबहादुर शास्त्री

पाकिस्तान के राष्ट्रपति
मोहम्मद अयूब खां

गीत

भारत भूषण शर्मा, एम ए

जय हो ! जय हो !! जय हो !!!
प्राचीन देश तेरे स्वरूप में, हम सब का लय हो !!
गंगा की यह पावन धारा,
विन्ध्य हिमालय पर्वत माला,
जन-जन के हर सुप्त हृदय में, अमर ज्ञान का अभ्युदय हो !!
शंकर राम विवेक की माता,
वेद उपनिषद् की तू दाता,
वही दिशा, वही राह अब जन-जन का तीर्थ हो !!
जब तक धरती के अंचल में,
मानव की एक याद रहेगी,
अमर रहेंगी तेरी स्मृतियां, अमर रहेंगी, अमर रहेंगी,
काल-चक्र की सीमित गति के, आगे तेरा क्रम हो !!

हाय! वे चले गये

बिसनसिंह पुरोहित, १० बी

डॉ० राधाकृष्णन् ने श्रदधाजलि अर्पित करते हुये कहा कि शास्त्रीजी ने १९ महिनो तक प्रधान मंत्रीपद पर रह कर देश की सेवा की। वे जनता को बहुत प्यार करते थे। नदा ने श्रदधाजलि अर्पित करते हुये कहा कि मुझे श्री शास्त्रीजी के मरने पर बहुत बड़ा धक्का लगा है, श्री शास्त्रीजी जनता की भलाई और कल्याण के लिये जिये और मरे। अत मे श्री नदा ने कहा कि इस दुख के समय सारा देश श्रीमती ललितादेवी के सामने नत मस्तक है।

रूस के प्रधान मंत्री श्री कोसिगन ने कहा कि यह दुख की बात है कि शास्त्री जी आज हमारे बीच न रहे। सारी भारतीय जनता के साथ हमे भी बडा दुख है। श्री शास्त्री एक महान् नेता, एक महान् व्यक्ति और बहुत चतुर थे। उन्होने शाति तथा भारत-पाक मैत्री के लिए भरसक प्रयत्न किया।

सयुक्त राष्ट्र सघ के महासचिव ऊ थांट ने कहा कि केवल भारत को ही नही, केवल एशिया को ही नही, सारे ससार को उनकी मृत्यु पर दुख होगा। राष्ट्र सघ भी इस शोक मे भागीदार है।

अमेरिका के राष्ट्रपति जानसन ने कहा कि प्रधान मत्री श्री शास्त्री की दुखद मृत्यु से शान्ति व प्रगति के लिए मानवता की आशाओ को एक बडा धक्का लगा है। अमेरिका के विदेश मत्री श्री डीन रस्क ने एक वक्तव्य मे कहा— भारत के प्रधान मत्री श्री लालबहादुर शास्त्री के आकस्मिक निधन का समाचार सुनकर मेरे हृदय को गहरा धक्का लगा है। हमे ताशकद मे समझौता करने मे उनकी महान् राजनीतिज्ञता का समाचार मिला और सिर्फ ३ सप्ताह मे हम स्वय उनका अभिवादन करने की उत्सुकतापूर्वक प्रतीक्षा मे थे। अब विश्व भर के करोडो नागरिको के साथ मैं इस महान् भारतीय नेता के निधन पर हार्दिक शोक व्यक्त करता हूं।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति श्री अयूब खा ने ताशकद मे कहा कि प्रधान मत्री श्री शास्त्री शाति के लिए मरे। मैं जानता था कि वे शाति चाहते थे और मैं आपको विश्वास दिलाता हू कि हम भी शाति चाहते हैं।

मैं भारत की सरकार तथा जनता को अपनी संवेदना तथा सहानुभूति भेजता हूं।

भारत के राष्ट्रपति को इंग्लैंड की महारानी एलिजाबेथ ने शोक-सन्देश भेजा। उन्होंने कहा कि मुझे आपके प्रधान मंत्री की मृत्यु का समाचार पाकर बड़ा दुःख हुआ। राष्ट्र मंडल की मुखिया होने के नाते मैं भारतीय जनता, सरकार व शास्त्री-परिवार को संवेदना भेजती हूं।

प० जर्मनी की सरकार को इस दुखद समाचार से बड़ा दुख हुआ। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि इस समाचार से सबसे अधिक दुख इस बात से भी हुआ कि श्री शास्त्री की मृत्यु ऐसे समय में हुई जबकि भारत और पाकिस्तान के संबंधों में सुधार हो रहा था।

इटली के प्रधान मंत्री सिगनर आल्डो मोरो ने ताशकंद में श्री शास्त्री की एकाएक मृत्यु पर गहन खेद प्रकट किया।

अन्तिम कामना

निधन से कुछ समय पहले प्रधान मंत्री श्री शास्त्री ने रक्षा मंत्री श्री चह्वाण से वार्ता करते समय जो संदेश जनता को दिया वह महत्वपूर्ण है। प्रधान मंत्री ने कहा था कि हमने बहादुरी के साथ लड़ाई लड़ी और अब उसी बहादुरी के साथ शान्ति के लिए भी लड़ेंगे। यह मत श्री शास्त्री ने श्री कोसिगिन द्वारा आयोजित भोज में वापिस आते समय कहा था। ता: १० जनवरी की रात को ११ बजे श्री शास्त्री ने गृहमंत्री श्री नंदा से टेलीफोन पर बात भी की थी। इस वार्ता में उन्होंने नंदा को ताशकंद घोषणा के कुछ अंश बताये थे तथा श्री नंदा ने उन्हें बधाई दी थी कि आप केवल युद्ध नेता ही नहीं अब शान्ति के नेता भी सिद्ध हो गए। श्री शास्त्री ने इस वार्ता में श्री नंदा से काबुल में एक दिन ज्यादा रुकने की अनुमति चाही थी। उन्होंने अपने परिवार वालों से भी टेलीफोन पर बात की थी और कहा था कि मैं बुधवार तक लौट आऊंगा। लेकिन फिर वह वापिस लौट कर नहीं आये और शान्ति के लिए शहीद हो गये।

विचित्र किन्तु सत्य

—शिवशंकर शर्मा, ८ स

सबसे पहले टीके का आविष्कार किसने किया ? (एडवर्ड जेनर)
सबसे पहले विद्युत का आविष्कार कहां हुआ ? (यूनान में)
क्लोरीन गैस का आविष्कार किसने किया ? (सी० डब्ल्यु शीले)
आक्सीजन गैस का आविष्कार किसने किया ? (सर जोसेफ प्रीस्टले)
संसार में सबसे पवित्र झील कौनसी है ? (मानसरोवर)
भारत पर कितनी जातियों ने आक्रमण किया ? (१२ जातियों ने)

अनिल कुमार सक्सेना, कक्षा ६ बी

क्या भारत मां को भूल गये—
या जीवन-झूला झूल गये—
नर-नारी कहते बिलख-बिलख
है कहां—हुआ क्या आज बोस ?

सोया भारत अब जाग गया—
करने को कुछ, लेने को कुछ।
मरने-मिटने के अमर वाक्य—
कहते न हमें क्यों आज बोस ?

भारत है पीड़ित शासन से—
सोने को बैठा सब सुख से।
आशा भर पाने को तेरी—
देगा निज नर सुभाष बोस ॥

क्या आजादी रक्त मांगती ?
वीरों का बलिदान मांगती ?
निश्चय बलि देंगे हम अपनी—
देंगे यहां रुधिर का ओज ॥

लाल किले के ऊँची पथ पर—
स्वतन्त्रता के प्रिय-मधु-मग पर—
भारत में दामिनी सी बन कर
[illegible] फिर आज बोस ॥

मेरी आशाओं पर निर्भर—
है भारत की [illegible] ।
[illegible] तुम भारत—
[illegible] हम तुम्हें बोस ?

ीश चन्द्र ऐरन, बदायूं ■

जापान की राजधानी टोकियो म शिशु पाठशाला मे एक विद्यार्थी पढता था। एक दिन पाठशाला से घर आते समय रास्ते मे उसने एक रुपया पडा देखा। उस बालक ने रुपया उठा लिया परन्तु तुरन्त उसे अपनी माँ की यह बात याद आयी कि 'हमे कुछ मिले तो यह समझना चाहिये कि वह चीज किसी व्यक्ति की खोयी हुई है। अत उसे स्वय न लेकर पुलिस को सौंप देना चाहिये।'

वह लडका उस रुपये को घर न लेजाकर सीधा पुलिस थाने मे गया और वहाँ के दरोगाजी से कहा कि …या लीजिये, मुझे रास्ते मे मिला है। अतएव यह रुपया सरकारी खाने मे जमा कर लीजिये।' किन्तु …साहब ने आलस्य-वश सरकारी खाने मे जमा नही किया। उन्होने सोचा 'एक रुपये के लिये कौन इतनी …च्ची करे।' अतएव उन्होने उस बालक से कहा, 'दोस्त ! तुमने बडा अच्छा काम किया है। इसके लिये …ो शाबाशी देता हू और यह रुपया भी इनाम के तौर पर मिठाई खाने के लिये देता हू।'

छोटा बालक कुछ समझा नही। वह रुपया लेकर घर आया और उसने माँ के हाथ मे रुपया दे दिया। …ने बालक से पूछा, 'तू रुपया कहाँ से लाया है?' बालक ने सारी बात बताकर कहा, 'दरोगाजी ने मिठाई …के लिये मुझको रुपया वापिस दे दिया है।' इस बात को सुन कर माता को दरोगा पर बहुत क्रोध …। वह उनके पास गई और बोली, 'आपने मेरे बच्चे को रुपया वापस किसलिए दिया ? इससे तो यह …दूसरो के पैसो से मिठाई खाने के लिये चोरी का धन्धा सीख जायगा।'

इसके बाद उस बालक की माता ने पुलिस के बडे अधिकारियों के सामने फरियाद की। पुलिस के बडे …ारी ने दरोगा से पूछा, तब उन्होंने कहा, 'मैंने तो इसकी ईमानदारी को देखकर रुपया इनाम मे …था।'

तब बडे अधिकारी ने दरोगा से कहा, 'यदि आपको ईनाम देना था तो अपनी जेब मे देना चाहिये था। …ब ही आपने इस बालक को अनुचित पाठ पढाया है, इसलिये आपको नौकरी से बर्खास्त किया जाता है।'

जहाँ ऐसी ईमानदारी हो और बालको को ऐसे आदर्श सस्कार दिये जाते हो, वह देश उन्नत और …प हो तो इसमे क्या आश्चर्य ? हमे भी इसी प्रकार उच्च 'आदर्श सस्कार' अपनाने चाहिये ताकि भविष्य …ने देश को उन्नत व समृद्धिशाली बना सके।

स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री की पुनीत स्मृति में

अशोक कुमार जौहर, ११ स

कल हमारे बीच था, वह कहाँ गया ?
कल हमारे पास था वह कहाँ गया ?
आ खुदा कुछ तो बतलादे मुझे—
तुमने उसको कहाँ पर छुपा दिया ?

पर्वतों के शिखरों से बुला लूंगा उसे
मौत के हाथों से भी छुड़ा लूंगा उसे
चांद तारों तुम ही बतला दो मुझे—
आस्मां पर से भी उतार लूंगा उसे।

कहाँ हो तुम कुछ तो आवाज दो।
बहते हुए आंसुओं को थाम दो
एक बार आकर हमारे सामने -
इस जिन्दगी को जिन्दगी का साज दो।

आज तुम्हारे दर्शनों को तरस रहे।
नैना तुम्हारी याद में हैं बरस रहे।
थामने पर दिल मेरा थमता नहीं।
सौ २ घाव बनकर दिलमें हैं कसक रहे।

अब याद में उनको सर झुका रहे।
जहाँ भी हैं खुदा रहें हम पुकार रहे।
दुआ है हमारी खुदा से यही—
जन्नत में भी वह सदा सुख से रहें।

र्ग शान्ति – काश्मीर मोर्चे पर

क सरकार, कक्षा ११ ब

हॉल्ट ·········हॉल्ट । दो बार चेतावनी मिली परन्तु जब वह पाकिस्तान का गश्ती सिपाही भागने लगा तो·········एक और हॉल्ट के साथ 'धाय' की आवाज हुई और वह दुश्मन बच न सका । वही ठन्डा हो गया । सैनिक पुनः आगे को चल पडे, धाड लेकर । इन सैनिको को बिल्कुल पक्का विश्वास है कि हम जीतेंगे व कोई भी दुश्मन हमे हरा नही पावेगा । तभी तो वे इतनी निडरता से आगे बढ रहे थे ।

यह कम्पनी राजपूताना राइफल की छठी बटालियन की थी । इसका नेतृत्व कर रहे थे केप्टन वीर ह । सब सैनिक उनका आदर करते थे व उनकी आज्ञाओ का पालन करते थे ।

एकाएक वीर सिंह ने रुकने की आज्ञा दी और इशारे से लेफ्टीनेंट रामस्वरुप को अपने पास किसी रामर्श के लिए बुलाया । रामस्वरुप मार्च करता आया तथा एक लम्बा सैल्यूट दिया । उसके मुख से ट हो रहा था कि वह निडर तथा साहसी है और किसी भी खतरे का सामना करने को तैयार है । टेन ने उसके कान में कुछ फुसफुसाते हुए कहा ।

लेफ्टीनेंट ने कुछ जवानो को चुना और उन बीहडो मे उनके साथ गायब हो गया । केप्टेन बाकी थियो के पास आया और धीमे गम्भीर परन्तु रोबदार आवाज मे बोला, जवानो ! आज हमें वह काम रना है जिसके लिए हमारी राजपूत मा ने हमें जन्म दिया है । यदि टक्कर जबर्दस्त हुई तो प्रतिज्ञा रो कि हम मिट जायेंगे परन्तु झुकेंगे नही ! वह राजपूत ही नही जो देश के लिए अपना खून न बहाये । म पचास मे से कौन इसके लिए तैयार है केवल हाथ उठाओ । एक साथ बडी फुर्ती से पचासों सिपाहियों हाथ हवा मे लहराये और वह वातावरण शायद इस खुशी मे झूम उठा कि हम युद्ध पर जा हे है ।

केप्टेन ने तत्काल आगे बढ़ने का आदेश दिया । अब जवान अत्यन्त सतर्कता से बढ़ने लगे । उनकी

उठो राष्ट्र के अभिमान सैनिक माँ के गौरव, माँ के लाल

कालूराम भाटी, कक्षा १० ब

उठो, सृष्टि के सर्व श्रेष्ठ धन,
उठो, अरे ! माँ के अभिमान ।
उठो, जनों की नव नव आशा,
उठो अरे माँ के अभिमान ॥

उठो, राष्ट्र के सजग सिपाही,
उठो बचाओ निज सम्मान,
उठो, उठो, भीषण आंधी सम
उठो अरे, सच्चे तूफान ॥

उठो वीर, करने तव अर्चन,
विजय खड़ी ले पूजा थाल,
उठो राष्ट्र के अभिनव सैनिक,
माँ के गौरव माँ के लाल ॥

उठो सिपाही चलो समर में,
कर जननी का जय जयकार ।
उठो प्रलयंकर अब तुम गरजो,
छा जाये जग में अम्बार ॥

उठो गरजते वज्र-मेघ से,
बनकर भीषण झंझावात ।
रचो नया आदर्श जगत में
तुम से हो जग आनन्दस्नात ॥

उठो विश्व के कण कण में तुम,
धधक उठो बन विप्लव ज्वाल ।
तुम को देख धरा नभ कांपे
आजाये जग में भूचाल ॥

उठो आज तुम हँसते हँसते,
कर दो माँ के हित बलिदान ।
उठो आज तुम करो समर मे,
रण चण्डी का चिर आह्वान ॥

उठो आज तुम फिर से गाओ,
शंखनाद कर भैरव गान ।
उठो आज तुम प्रिय स्वदेश को,
अमर शक्ति को दो पहचान ॥

हिन्द के ऐ नौजवां बढ़े चलो

विष्णु प्रकाश माथुर कक्षा ८ म

हिन्द के ऐ नौजवां बढ़े चलो
मांगती है मां अगर ये जिन्दगी का दान आज ।।
आन, बान, शान पर, कर उठो प्रयाण आज ।
आसमां की सीढ़ियों पे हर कदम बढ़े चलो ।
हिन्द के ऐ नौजवां बढ़े चलो ।।

राम कृष्ण और शिव का बल तुम्हारे साथ है ।
कर उठे या मर मिटे, यो दल तुम्हारे साथ है ।।
हिमालय की चोटियों पे हर कदम बढ़े चलो ।
हिन्द के ऐ नौजवां बढ़े चलो ।।

प्रताप और कुम्भ आज चित्तौड़ से पुकारते ।
पद्मिनी के महल आज, मुख तुम्हारा ताकते ।।
जय विजय के स्तम्भ पे ही हर कदम बढ़े चलो ।
हिन्द के ऐ नौजवां बढ़े चलो ।।

कर रहा है हर मजार ये दास्तां बयान है ।
मर गये, झुके नहीं, ये तुम्हारी शान है ।।
चीनियों की लाश पे ही हर कदम बढ़े चलो ।
हिन्द के ऐ नौजवां बढ़े चलो ।।

नवयुवक तथा देशरक्षा

गौरीशंकर, कक्षा ९ अ

सृष्टि के सृजन के साथ ही संघर्ष का भी प्रादुर्भाव हुआ। आदि काल में प्रत्येक प्राणी को अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ता था। युग बदलता गया। आकांक्षा और भावनाओं का स्थान मानव संघर्ष के जगत में कूदना आज इस स्थिति को प्राप्त हो गया है कि मानवता का नाम ही मिटा देना चाहता है। परन्तु सुधी प्रयत्नशील हैं मानवता की रक्षा के संघर्ष में। मानवता और महत्वाकांक्षा की इस लड़ाई में मानवता को सहयोग की आवश्यकता है।

मनुष्यों के बीच आपस में मतभेद हो जाना तो उतना ही स्वाभाविक है जितना कि सुन्दर कुसुम के साथ कांटों का होना। अगर आज किसी राष्ट्र को मानवता की दौड़ में अग्रणी होना है तो उसे साथ ही उस राष्ट्र को अपनी रक्षा के लिए भी सोचना होगा।

आज किसी भी देश के नौनिहाल शक्तिशाली नहीं हैं तो वह देश शक्तिशाली नहीं हो सकता। देश का भाग्य, देश के नौजवानों के कन्धों पर है। सम्प्रति अन्तर्राष्ट्रीय विषयों पर विचार विमर्श होते रहते हैं। हर एक देश अपनी सीमा के लिए सतर्क है तथ राष्ट्र के पास काफी समृद्ध सेना की आवश्यकता है। दृष्टान्त्-स्वरुप हमारा देश शान्ति प्रिय है परन्तु उसकी रक्षार्थ सेना की आवश्यकता है। प्रतिदिन हमें चीन और भारत अथवा भारत और पाकिस्तान सीमा सम्बन्धी विवाद अखबारों में दृष्टिगोचर होते हैं।

सारांश यह कि इस तनावपूर्ण विश्व में अपने देश की रक्षा के लिए अपरिमित शक्ति की आवश्यकता है जो वर्तमान नव पुरुष ही प्रदान कर सकते है। अथवा यह भी अतिशयोक्ति नहीं कि हमारी समस्त शक्तियां उन्हीं में निहित हैं।

सबसे विलक्षण विषय तो यह है कि हम अपनी आय का अर्द्धांश अपनी रक्षा पर व्यय करते हैं और

यह असम्भव नहीं परन्तु आवश्यक है। कारण, स्थिति इतनी विषम हो चुकी है कि हमारे समक्ष कोई दूसरी राह नहीं है। इसलिए आवश्यकता है कि हमारी नौजवान शक्तियां संगठित हों और संकटपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने के लिए तत्पर रहें। तात्पर्य यह कि संकुचित प्रवृत्तियां त्याग कर मातृभूमि की सेवा और रक्षा के लिये हम सेना में प्रविष्ट हों।

विद्यालय के नवोदित छात्र जो भविष्य के कर्णधार तथा देश की प्रगति के स्तम्भ होंगे, उन्हें चाहिये कि "राष्ट्रीय सैन्य दल" तथा 'सहायक सैन्य दल' में अधिकाधिक संख्या में प्रविष्ट हों। इनके पवित्र उद्देश्य 'एकता और अनुशासन' इन्हें समुचित शिक्षा प्रदान करते हैं, जिनके आधार पर हम अपने देश की उन्नति और रक्षा कर सकते हैं। संकटकालीन अवस्था में प्रशिक्षित नवयुवक सहायता प्रदान कर सकते हैं।

देश में बिना एकता के सेना का शक्तिशाली होना तो बिना जड़ों के वृक्षों का होना है। अगर आज दुनिया की दौड़ में रूस अथवा अमेरिका अग्रसर हैं तो उसका प्रधान कारण है उनकी एकता और शक्ति।

परन्तु स्मरण रहे कि हमें सेना ही नहीं बढ़ानी है बल्कि इसे आधुनिक उपकरणों से भी सुसज्जित करना होगा जिससे विश्व में हमारी सेना होड़ ले सके। प्राचीन शस्त्रों का परित्याग कर आधुनिक शस्त्रों को अपनाना होगा। सेना के विभिन्न विभाग स्थल-सेना, जल-सेना, वायु सेना का अपने क्षेत्र में विशिष्ट स्थान है। स्थल सेना जहां हमारे स्थलीय भूभागों की रक्षा करती है वहां जल सेना जलीय सीमान्तों का। वायु सेना स्थलीय आक्रमण तथा जलीय आक्रमण दोनों से हमारी रक्षा कर सकती है।

अन्त में, वायु सेना को समृद्ध करने का विषय हो अथवा जल सेना को, आवश्यकता है हमारे नवयुवकों के निःस्वार्थ त्याग की। शान्ति और पंचशील की पृष्ठ-भूमि पर सतर्कता बरतते हुए विश्व के सामने हम एक नया दृष्टान्त उपस्थित करें, जो मानव-इतिहास में अविस्मरणीय हो। कवि का यह आह्वान हमारे लिये प्रकाश लायेगा।

जब देश-पुकार रहा हो,
अपनी कुटिया को फूंक चलो,
ममता को कर दो दूर चलो।

हरीसिंह तंवर, कक्षा दस द

ह वक्त सोने का नहीं तूफान मचा दे,
ओ देश के सैनिक तू उठ बन्दूक उठा ले !

यह भारत सदा जिसने है सोतों को जगाया,
पंचशील का मार्ग दुनियाँ को सदा दिखलाया,
बढ़ते हुए इस पाक को यह पाठ पढ़ा दे,
ओ देश के सैनिक तू उठ बन्दूक उठा ले !

यह नेफा हमारा है यह लद्दाख हमारा,
भारत का मुकुट प्यारा वो कश्मीर हमारा,
आये न इधर भूल कर तू चीन को सुना दे
ओ देश के सैनिक तू उठ बन्दूक उठा ले !

भारत का बना भाई तो दुनियाँ ने सराया,
सजधज करके ले अब भिड़ने को चला आया,
भिड़जा तू उस बेशर्म से, उसे तू मिट्टी में मिला दे,
ओ देश के सैनिक तू उठ बन्दूक उठा ले !

राजस्थान जगा सारा तो गुजरात जगा है,
जौहर की जगी ज्वाला तो पंजाब जगा है,
नवीन मण्डल को यह पैगाम सुना दे,
ओ देश के सैनिक तू उठ बन्दूक उठा ले !

अनुक्रम

हिन्दी विभाग

श्री मुनीर अहमद ताबिश, एम० ए०

तू भीम अर्जुन की अमानत[1] का अमीं[2] है।
तू खातमे[3] अरबाबे[4] शुजाअत का नगीं[5] है॥
तू राम की लक्ष्मण की महोब्बत का भरम है।
तू कृष्ण कन्हैया की हक़ीक़त का भरम है॥
तू काशीओ अजमेर की अज़मत[6] का निगेहबां।
तू सीता ओ रज़िया की है इसमत[7] का निगेहबां॥
है देख हिमाले की भी रिफ़अत[8] तेरे दम से।
कायम है अभी हिन्द की सतवत[9] तेरे दम से॥
है ताजमहल का ये नज़ारा तेरे दम से।
जिन्दा है ये खामोश इशारा तेरे दम से॥
तू टीपूओ परताप की है ज़िन्दा कहानी।
है तुझ से रवां गंगो जमना की ये रवानी॥
क़ायम है तुझी से तो अजन्ता की बहारें।
आबाद तुझी से हैं अलोरा की बहारें॥
हां तुझ से हो शादाब[10] ये भारत का चमन है।
तू शाने वतन—आने वतन—जाने वतन है॥
मज़लूमो[11] यतीमों[12] की हिफ़ाजत तेरे शेवा।
है शर्मो हया उलफ़तो मरव्वत तेरा शेवा॥
तू दोस्त का मरहम है तो दुश्मन की कज़ा है।
तेवर हैं जुदा तेरे निराली ये अदा है॥
उठ देख के अब कितना नया शामो सहर है।
फिर जानिबे कशमीर लुटेरों की नज़र है॥
खतरे में है फिर इसमते पंजाब ज़रा देख।
लुट जाय ना फिर दोलते पंजाब ज़रा देख॥
फिर पस्त[13] नज़र मस्जिदे जामे पे उठी है।
फिर देश के दुशमन ने नई चाल चली है॥
नापाक इरादों को ज़रा उठ के कुचल दे।
इस क़सरे[14] ज़लालत को ज़रा उठ के मसल दे॥
दुनिया को दिखा दे के तू भारत का जवां है।
किस औज[15] पे ये अपने तिरंगे का निशां है॥

---

१ गुज़री हुई चीज़ २ अमानतदार ३ बहादुरी ४ बहादुर लोग ५ नगीना, जवाहिर ६ शानो शौकत ७ मज़हबी, शौल ८ बलन्दी ९ दबदबा १० हरा भरा ११ जिस पर जुल्म किया गया हो १२ यतीम १३ गिरी हुई नज़र १४ अपमान का महल १५ बलन्दी, ऊंचाई।

भारत के वीर सैनिक

हरीसिंह तंवर, कक्षा दस द

यह वक्त सोने का नहीं तूफान मचा दे,
ओ देश के सैनिक तू उठ बन्दूक उठा ले !

यह भारत सदा जिसने है सोतों को जगाया,
पंचशील का मार्ग दुनियां को सदा दिखलाया,
बढ़ते हुए इस पाक को यह पाठ पढ़ा दे,
ओ देश के सैनिक तू उठ बन्दूक उठा ले !

यह नेफा हमारा है यह लद्दाख हमारा,
भारत का मुकुट प्यारा वो कश्मीर हमारा,
आये न इधर भूल कर तू चीन को सुना दे
ओ देश के सैनिक तू उठ बन्दूक उठा ले !

भारत का बना भाई तो दुनियां ने सराया,
सजधज करके ले अब भिड़ने को चला आया,
भिड़जा तू उस बेशर्म से, उसे तू मिट्टी में मिला दे,
ओ देश के सैनिक तू उठ बन्दूक उठा ले !

राजस्थान जगा सारा तो गुजरात जगा है,
जौहर की जगी ज्वाला तो पंजाब जगा है,
नवीन मण्डल को यह पैगाम सुना दे,
ओ देश के सैनिक तू उठ बन्दूक उठा ले !

श्री माधोदास पुरोहित

क्रोध को सब बुराइयों की जड़ कहा है। क्रोध संसार का बंधन कहा गया है। केवल क्रोध को जीत लेने से संसार में सब पर विजय प्राप्त की जा सकती है। क्रोध पर विजय पाने वाले को दुख का अनुभव नहीं करना पड़ता। क्रोध रूपी आग से मनुष्य को सदा बचना चाहिये। जिस प्रकार आग प्रत्येक वस्तु को जला देती है। उसी प्रकार क्रोध मानव को जलाकर राख कर देता है।

सामान्यतया लोग क्रोध को एक बड़ा दोष ही मानते हैं। कुछ परिस्थितियों में क्रोध इतना हानिकारक नहीं होता जितना हम विचार करते हैं। कभी-कभी क्रोध एक पवित्र कार्य समझा जाता है। अंग्रेजों की धार्मिक पुस्तक बाईबल में ईश्वर के क्रोध का वर्णन किया गया है। ईसामसीह को बाईबल में बड़ा पवित्र, नम्र तथा अत्यन्त सज्जन आत्मा बताया गया है। लेकिन कभी-कभी उन्हें भी क्रोध करते हुए बताया गया है। एक बार कुछ लोग ईसामसीह के पास छोटे बच्चों को आशीर्वाद हेतु ला रहे थे कि बीच में ही उनके शिष्य उन लोगों को झिड़कने लगे। यह देखकर ईसामसीह को क्रोध आ गया और वे उनको कहने लगे कि इन बच्चों को मत डाटो। इन्हें मेरे पास आने दो। इस प्रकार कुछ परिस्थितियां ईसामसीह जैसे फरिश्तों में भी क्रोध उत्पन्न कर देती हैं।

क्रोध करना कब उचित है और हम कब क्रोध में आ सकते हैं इसके लिए कुछ परिस्थितियां हुआ करती हैं। जब हम निर्बल लोगों को बलवानों द्वारा निर्दयता का व्यवहार करते हुए देखते हैं, जब हम निर्दोष व्यक्ति के प्रति महान अन्याय होते हुए देखते हैं, जब हम धनवानों को गरीबों का शोषण करते हुए देखते हैं जब हम बेजबान पशुओं को निर्दयता से पीड़ा पहुँचाते हुए देखते हैं, जब हम छोटे बच्चों को उनके शराबी माता-पिताओं द्वारा बुरी तरह पिटते हुए और भूख से तड़पते हुए देखते हैं, तो हम क्रोध करने के लिए विवश हो जाते हैं। ऐसी दशाओं में क्रोध लाभदायक सिद्ध होता है। ऐसी स्थिति में हम

द्वारा निर्बलों और दुखियों की रक्षा तथा सहायता के लिए प्रेरित किये जाते हैं। इस प्रकार के ने अनेक व्यक्तियों को महापुरुषों तथा सुधारकों के पद पर पहुँचाया है और वे समाज में अन्याय कुरीतियों को समाप्त करने में सफल हुए हैं। संसार में ऐसे महापुरुषों के क्रोध को पवित्र माना है।

इस प्रकार का क्रोध हमेशा स्वार्थ रहित होता है। यह न्याय तथा सहानुभूति की भावना से उत्पन्न ता है। ऐसी भावना से जो लोग क्रोध करते हैं वे दूसरों को सदा अन्याय से बचाते हैं और भूल करने ों को सन्मार्ग पर लाते हैं। व्यक्तिगत लाभ की दृष्टि से क्रोध करने वाले महान नहीं कहलाते। मसीह ने अपने शिष्यों पर, छोटे बच्चों को डाटते हुए देख कर क्रोध किया था, लेकिन जब उनको खुद पीटा गया, उन पर थूका गया, उनकी मजाक उड़ाई गयी और उनके हाथों में कांस पर कीलें गाड दी तो भी उन्होंने क्रोध प्रकट नहीं किया किन्तु उसके बदले में ईश्वर से प्रार्थना की "हे ईश्वर तू इन ों को क्षमा कर क्योंकि जो कुछ ये करते हैं उसके संबंध में ये कुछ नहीं जानते।"

लेकिन क्रोध जब स्वार्थपूर्ण अहंकार तथा घृणा की भावना से उत्पन्न होता है तो वह सदा दनीय होता है। एक व्यक्ति पर इसलिए क्रोध प्रकट करना क्योंकि उसने तुम्हें चोट पहुंचाई है या हारा अपमान किया है या तुम्हारी हंसी उड़ाई है, स्वाभाविक है। लेकिन वास्तव में इस प्रकार का ध महत्व नहीं रखता ऐसा क्रोध अनुचित होता है क्योंकि इसमें व्यक्तिगत स्वार्थ छिपा रहता है। अंग्रेजों धार्मिक ग्रन्थ बाईबल में लिखा है, अपने शत्रुओं से प्रेम करो। क्रोध घृणा की तरफ ले जाता है र घृणा प्रायः व्यक्ति को कत्ल और अपराध की ओर ले जाती है। इसलिए क्रोध रूपी सूर्य को प्रकट ी होने देना चाहिए।

अधिक क्रोध साधारणतया दुष्प्रकृति कहा जाता है और यह आत्मसंयम के अभाव में होता है। कुछ ग वासनाओं से अभिभूत होकर भयानक हो जाते हैं और जब ऐसे लोग क्रोध प्रकट करते हैं तो ंतया पागल जैसे लगते हैं। और जब ऐसे व्यक्ति उचित अनुचित का ध्यान न रखकर भयानक भूल बैठते हैं जिसके लिए उनको जीवन भर पश्चाताप की आग में जलते रहना पड़ता है। ऐसे व्यक्ति ा और घृणा के पात्र होते हैं क्योंकि वे अपने क्रोध तथा वासनाओं के दास होते हैं, स्वामी नहीं।

सत्य और न्याय

सत्य एक विशाल वृक्ष है। उसकी ज्यों-ज्यों सेवा की जाती है, त्यों-त्यों उसमें अनेक फल लगते हैं। उनका अंत नहीं होता। ज्यों-ज्यों हम गहरे पैठते हैं, त्यों-त्यों उसमें से रत्न निकलते हैं, सेवा के अवसर हाथ आते ही रहते हैं।

अदालतों का चिह्न है तराजू। उसे पकड़ रखने वाली एक निष्पक्ष, अंधी परन्तु समझदार बुढ़िया है। उसे विधाता ने अंधा बनाया है कि जिससे वह मुँह देखकर तिलक न लगाये, बल्कि योग्यता देखकर लगाये।

महात्मा गांधी

व्यक्तिगत कमजोरियों का शिकार होता जा रहा है। हम ने दुनिया के सामने चारित्रिक गुणों के महान् आदर्शों से अनुप्राणित होकर जिन धर्मों का प्रतिपादन किया, उस धार्मिक परम्परा को हमें अक्षुण्ण हर हालत में रखना है।

देश में आये दिन हड़तालों व 'बन्द' आदि के दुखद प्रसंग उपस्थित हो रहे है, उससे हमारे देश की जो आर्थिक हानि हो रही है, प्रगति-विरोधी प्रयास ही माना जायेगा। साथ ही राष्ट्र के मनोबल को ऊँचा उठाने में भी सहायक न बन सकेगा। प्रान्तीयता, भाषावाद व साम्प्रदायिक मनोवृत्ति का मुकाबला करने के लिए अपनी सुगुप्त चारित्रिक शक्तियो को पुनः तीव्रता से जगाना होगा। यदि इस क्षेत्र में थोड़ी भी शिथिलता प्रदर्शित की गई तो इतिहास विधाता हमें किसी भी दृष्टि से क्षमा न करेगा। राजनीति के दूषित वातावरण को हम चरित्र बल से ही दूर कर सकते हैं।

चीन व पाकिस्तान के आक्रमण के समय जो अभूतपूर्व एकता देशवासियो ने प्रदर्शित की थी, उसे स्थायी रूप देने का प्रयास सही ढंग से होना चाहिये क्योंकि हमारे देश पर सकट के बादल आज भी पूर्ववत मंडरा रहे हैं पचमागियो से भी हमें सतर्क रहना है। अत सच्चे देशवासियो का यह कर्तव्य हो जाता कि वे सही अर्थों में राष्ट्र की चहुँमुखी प्रगति में जुटकर राष्ट्रीय चरित्र की भावना को नया मोड देकर गाधी, नेहरू व शास्त्री जी की देश प्रेम की भावना को साकार बनाये।

ताशकंद घोषणा में घुसपैठ ?

ताशकन्द घोषणा मे ताकत को इस्तेमाल न करने का एक सिद्धान्त माना गया है। इस सिद्धान्त मे दोनो देशो की ओर से पुनः यह स्पष्ट घोषणा की गई है कि दोनो देश एक दूसरे के अन्तरिक मामलो और देखरेख मे कोई दखल नही देंगे और सेनाओ को हटाने के बाद लडाईबन्दी की रेखा पर लडाईबन्दी की शर्तों मे भी कोई दखलन्दाजी नही करेंगे। दोनो देशो ने यह मान लिया है कि वे किसी भी रूप मे हथियारबन्द सैनिक, जिनमे हथियारबन्द असैनिक भी शामिल है, लडाईबन्दी रेखा के उस पार नही भेजेंगे। हथियारबन्द घुसपैठियों द्वारा लडाईबन्दी रेखा को किसी भी दिशा मे पार करना, लडाईबन्दी रेखा की उपेक्षा मानी जायेगी, जिसका नतीजा दोनो देशो द्वारा एक दूसरे के घरेलू मामलो मे दखलन्दाजी और शक्ति के प्रयोग के रूप मे हो सकता है। और, यह सब ताशकन्द घोषणा के प्रयोजन व उसकी आत्मा के प्रतिकूल होगा।

इन्सान नहीं झुक सकते हैं

कु० पन्ने सिंह भाटी, १० स

आकाश भले ही झुक जाए,
इन्सान नहीं झुक सकते हैं ।

संसार अड़े पथ में लेकिन, तूफान नहीं रुक सकते हैं ।
आकाश भले ही झुक जाये, इन्सान नहीं झुक सकते हैं ॥

यौवन की चञ्चल लहरें भी, क्या जानें कूल किनारों को,
दिवाने पलकों पर लेते, किस्मत के क्रूर प्रहारों को ।

निज भाग्य हृदय में मानव ने, अरमान छिपाए हैं युग से,
इन्सान भले ही मिट जायें अरमान नहीं मिट सकते हैं ॥

शलभों ने भी देख लिया, दीपक की लौ का आलिङ्गन,
दीपक ने भी फिर तिल तिल कर, कर राख दिया अपना यौवन ।

यह राखी चढ़ाली मानव में, करके आंसू का अर्घ्य दान,
बलिदानी जग से मिट जाये, बलिदान नहीं मिट सकते हैं ॥

जो नाव उतारों पर प्रतिपल, आंसू का सिन्धु तरे पग पग,
पतवार छिनी हो हाथों में, मांझी हंसता हो दूर विलग ।

विश्वास भरा यौवन फिर भी, आ ही पड़ता है फूलों पर,
रोती है दुनियां बिलखाएं हो, इन्सान नहीं रुक सकते हैं ॥

आकाश भले ही झुक जाये,
इन्सान नहीं झुक सकते हैं ।

शिक्षा संचालक शाला संसद के मध्य

कक्षा ११ (विज्ञान) के छात्र शिक्षा निरीक्षक के साथ

भारत केसरी लाला लाजपतराय

कासम अली सैय्यद, कक्षा 11 'घ' गणित

"यह गर्दन कट सकती है, लेकिन झुक नहीं सकती। हम आजादी हासिल करके रहेगे या मर जायेंगे। बहादुर की जिन्दगी और गुलामी दोनो साथ-साथ कभी रह नही सकती। मेरे सीने पर लाठियो के स्थान पर गोलिया चलाओ, लेकिन हर एक लाठी अंग्रेजी साम्राज्य के कफन की कील साबित होगी" ये शब्द हैं भारत के उस वीर सपूत लाला लाजपतराय के जिन्होने अपने जन्म से लेकर मृत्यु तक भारत माँ को गुलामी की बेड़ियो से मुक्त कराने का सदा प्रयत्न किया।

भारत-केसरी लाला लाजपतराय का जन्म गरीब अध्यापक श्री राधाकृष्ण अग्रवाल की धर्मपत्नी गुलाब देवी की कोख से २८ जनवरी १८६५ के दिन पंजाब के धुडि ग्राम मे हुआ जो इनका ननिहाल था। होनहार और प्रतिभाशाली के लक्षण तब ही मालूम हो गये थे जब राधाकृष्ण अपना धर्म परिवर्तन कर, इस्लाम धर्म को अंगीकार करने के लिए दृढ-सकल्प हुए। तब धर्मपरायण हिन्दू नारी ने अपने पति को ऐसा कलंकित कार्य न करने के लिए समझाने का प्रयत्न किया। अपने नन्हे लाडले को लिए हुए वह अपने पति के चरणों मे भिखारिन की भाति ऐसा न करने की भिक्षा माग रही थी। बच्चा इस करुणामय दृश्य को सहन न कर सका और बिलख-बिलख कर रोने लगा। पिता ने बालक के कोमल हृदय से निकलने वाली आह को सुना और अपने धर्म परिवर्तन के दृढ विचार को तत्काल त्याग दिया।

अबोध बालक ने अपने पिता को धर्म परिवर्तन के मार्ग से ही नही हटाया अपितु पिता के मन मे अपने कार्य पर मर मिटने की आन्तरिक जागरूकता पैदा कर दी। बालक की इस प्रतिभा को देखकर माता-पिता अपने बालक के बारे मे सोचने लगे कि यह केवल हमारा ही मस्तक ऊंचा नही करेगा, सारे हिन्दुस्तान की बात को सदा ऊंचा रखने मे आदर्श स्थापित करेगा। विद्या अध्ययन काल मे आपकी शैक्षणिक योग्यता को देखकर तो अध्यापक वर्ग भी दातो तले उंगली दबाते थे। अपनी प्रबल स्मरण-शक्ति और

के लिए उन्होंने अपना नश्वर शरीर को १७ नवम्बर १९२८ को त्याग दिया। वे भारत मां की गोद में सदा के लिए चिर-निद्रा में सो गये।

लालाजी वास्तव में हर क्षेत्र में माहिर खिलाड़ी थे, जिन्होंने देश की स्वतन्त्रता के लिए अपनी कुर्बानी दी। आज हम सभी उस वतन के शहीदों की कुर्बानियों से प्राप्त आजादी का आनन्द ले रहे हैं। लेकिन अब हमें यह ध्यान रखना है कि हमारी आजादी पर किसी भी प्रकार की आंच न आने पाए। इसकी रक्षा हमें अपने खून की आखिरी बूंद रहने तक करनी है।

महेश कुमार, कक्षा ६ म

[१]

प्राणों से प्रिय आज तिरंगा।
घर घर हम फहरायेंगे॥
आजादी के पुण्य पर्व पर।
गीत खुशी के गाएंगे॥
इस झण्डे के लिये भगत ने।
अपने प्राण गंवाए थे॥
लिये हथेली पर प्राणों को।
नेताजी बढ़ आए थे॥
शान न इसकी जाने देंगे।
चाहे खुद मिट जावेंगे॥

[२]

खून शहीदों का है इसमें।
नेहरू की कुर्बानी है॥
जोश लाजपत का है इसमें।
तिलकजी की वाणी है॥
इस झण्डे की छाया में।
मर मिटने की हमने ठानी है॥

गांधी जी-जो सत्य की ज्वाला में तपकर निखर उठे

शिव सुमन पुरोहित, कक्षा ११ ब

विश्व के महापुरुषों में जो स्थान गांधी जी को प्राप्त है
उसका एक मात्र कारण उनकी कठोर सत्य-साधना थी।
जिस सत्य की साधना से गाधी जी इतने महान् बने थे, वह सत्य क्या
है। आंखों देखी व कानों सुनी का मुंह से भी वैसा ही वर्णन कर देना
साधारण अर्थ मे सत्य है। परन्तु यह सत्य की संकुचित परिभाषा है
जिसे गाधी जी सत्य कहा करते थे। उपर्युक्त सत्य तो उसे प्राप्त करने
का एक मार्ग है। गाधी जी की दृष्टि में परमेश्वर का सच्चा नाम ही
'सत' अर्थात् सत्य है, कहना ठीक है। जब सत्य ही परमेश्वर है तो सत्य
की आराधना भक्ति है और भक्ति सिर हथेली पर लेकरचलने
है। अत. इस मार्ग पर चलने मे कायरता की गुंजाइश नही है,
यह मार्ग जितना सीधा है, उतना ही तग भी। इस मार्ग पर
चल सकते है, जिनमे सैनिक की-सी हिम्मत हो, डाक्टर का-सा
और किसी भी बीमारी से जूझने की शक्ति हो, हरिशचन्द्र की
मरते दम तक सच बोलने का दृढ सकल्प हो और हो न्याय के
लड़ने का अदम्य साहस। ऐसा ही व्यक्ति इस कंटकाकीर्ण मार्ग पर
कता है और सत्य की साधना कर सकता है। गाधी जी ने बचपन से अपने मे इन गुणों का समावेश क
र कर दिया था। हरिशचन्द्र से उन्होने सत्य बोलने का दृढ संकल्प, उसके लिए दृढ साहस और परिस्थिति
जूझने की शक्ति समाहित की। प्रह्लाद से उन्होने सत्य व न्याय के लिए लड़ना सीखा। उन्होने इस आद
अपनाया कि न झूठ देखो, न सुनो और न कहो।

र के मार्ग

ये तो वे आदर्श थे, जो सत्य पर चलने से पहले किसी मनुष्य मे होने चाहिए। सत्य पर चलने के
साथ साथ उसे और भी कई मार्गों पर चलना पड़ता है। गांधी जी के विचारानुसार वे अहिंसा

ये मार्ग है--सच बोलना, अस्तेय, अपरिग्रह और प्रेम। बिना इन मार्गों पर चले--सत्य का कोई अस्ति
नहीं। सत्य प्राप्त करने के लिए इन मार्गों पर चलना ही पडता है। कहावत है कि दो नावों पर सव
हमेशा गिरना ही है। पर जो दो नावो पर चढ कर भी न गिरे वही तो महान् है। गाधी जी इन मार्गों प
एक साथ चले थे। तभी तो उनका सत्य इतना बलवान था। सच बोलने की उन्हे बचपन से ही आदत थी
एक बार, जब कि वे प्रारम्भिक कक्षाओ मे ही पढते थे, उनकी पाठशाला में एक निरीक्षक महोदय पधारे
उन्होने अंग्रेजी का एक शब्द सब छात्रो से लिखने को कहा। सबने ठीक लिखा, परन्तु एक दूसरे की नक
करते। अध्यापक ने यह देख लिया था। उसने गाधी जी को इशारा किया कि वे आगेवाले लडके की नक
कर लें, लेकिन गाधी जी को यह कार्य पाप लगा। वास्तव मे हृदय ही सत्य का उद्गम स्थल है। हृदय
हमेशा जो प्रेरणा मिलती है, वही सत्य होती है। जो दिल की आवाज पर चलता है—लाख विपदायें आ
पर भी वही तो महान् है। गाधी जी ने हृदय की आवाज को कभी नही दबाया, भले ही इससे उनके ब
मे बडे स्वार्थ पर आघात पहुँचा हो। दक्षिण अफ्रीका मे उन्हे सत्य के लिए कितनी विपदाये झेलनी प
थी। बैरिस्टर बन जाने पर भी, उनके लिए कहा जाता था कि वे धन के लिए ही मुकदमा लडते है, गाधी ज
ने सत्य के लिए लडना प्रारम्भ किया। जहा उन्हे थोडा सा भी झूठ दिखाई दिया, वही उन्होन मुकदमा छो
दिया। एक बार दक्षिण अफ्रीका मे, उन्होने एक दिवानी मुकदमा अपने हाथ मे लिया। फैसला भी उन
पक्ष मे हुआ। झूठ साबित होने पर उन्होने रद्द करवा दिया।

अहिंसा सत्य का अटूट साथी है। एक तरह से सत्य का ही रूप है। अहिंसा का साधारण अ
है किसी जीव को न सताना। परन्तु गाधी जी कहा करते थे कि यह अहिंसा वह स्थूल वस्तु नही है ज
आज हमारी आखो के सामने है। किसी का बुरा चाहना हिंसा है। द्वेष हिंसा है। जगत के लिए ज
आवश्यक वस्तु है उस पर कब्जा रखना भी हिंसा है।

कितने पवित्र थे वे विचारो मे। जो कुछ सोचते अच्छा ही सोचते, सत्य ही सोचते उसे कहने
लिए वे उतावले नही हो उठते। बल्कि धैर्य के साथ सोचते थे व बोलते थे कि कही गलत न निकल जाय
गाधी जी के विरोधी भी बहुत थे। फिर भी गाधी जी ने उनके प्रति द्वेष भाव न रखा। उनका सिद्धात थ
कि भूल जाओ और क्षमा करदो। अपने हत्यारे को भी उन्होने क्षमा कर दिया, उसके लिए केवल दो शब
कहे—'हे राम'।

किसी भी प्रकार की वस्तुए जो मानव मात्र की आवश्यकता की हो, उन्होने कभी भ
इकट्ठी न की। अनुचित सग्रह तो उन्होंने धन का भी न किया था। वे बैरिस्टर थे, चाहते तो रईस ब
सकते थे, सरकार मे कोई बड़ा पद प्राप्त कर सकते थे। परन्तु उस समय न वे गाधी जी ही रहते और
उनका वह सत्य ही।

कसौटियाँ

गाधी जी ने अपने सविनय अवज्ञा आन्दोलन की शुरुआत चम्पारन से की थी। यह असत्य के
विरुद्ध सत्य का विद्रोह था। उन्हे चम्पारन से बाहर निकलने की आज्ञा हुई--ब्रिटिश
सरकार से।

गाधी जी जानते थे कि वे सत्य पर हैं और इसी पर डटे रहे। परिणामस्वरूप उन पर मुकदम
चला। उन्होने स्वयं अपना अपराध स्वीकार कर लिया कि मैंने जान बूझ कर सरकारी आज्ञा तोडी है

जब कौंसिल ने उसे तार भेजा कि गांधी जी [illegible] स्वीकार न करें। परन्तु गांधी जी [illegible]
सत्य पर। [illegible] सकेगा।

[illegible] भारतीय समाज पर [illegible] है। [illegible] सवर्ण पढ़ लिख [illegible] जातियों की [illegible] करती आ रही हैं। [illegible]
परन्तु उन्हें अभी तक [illegible] नेताओं [illegible] ? समाज में [illegible]
उन्हें समाज के किसी भी [illegible]
मानुषों की आवाज को दबा देते हैं। [illegible]
पापों का फल है। गांधी जी इस अन्तर [illegible]
को [illegible] कि [illegible] न कोई धर्म है, न कोई [illegible] और न [illegible]
उन्होंने अछूतों का पुन: नामकरण किया- हरिजन ईश्वर की सन्तान। उन्हें [illegible]
कारण बहुत विरोध सहन करना पड़ा था।

भारत में साम्प्रदायिकता की आग भड़क उठी थी—[illegible] शान्ति से पूर्ण हो। [illegible]
मुसलमान दोनों आपस में लड़ने लगे, एक दूसरे पर कीचड़ उछालने लगे।

गांधी जी ने गुमराहों को फिर मार्ग दिखाया, हिन्दुस्तानी संस्कृति न तो बिल्कुल हिन्दू ही है और न बिल्कुल मुसलमानी।

सत्य बोलने वालों पर हमेशा ही विपदायें आती हैं। ये ही तो वे कसौटियां हैं, जिन पर कसे जाकर मानव निखर उठता है मानव महान् बनता है। गैलीलियो को जेल में डाल दिया गया था, ईसा को फांसी पर लटकाया गया था, इब्राहिम लिंकन को गोली मार दी गयी थी और सुकरात को जहर दिया गया था, केवल सत्य के लिए। गांधी जी को भी गोली मारी गई थी—सत्य के लिए ही तो।

क्या ताशकन्द-घोषणा भारत की बुनियादी नीतियों के अनुरूप है?

ताशकंद घोषणा न केवल भारत के पड़ौसी देश से अच्छे सम्बन्धों और दूसरे देशों के प्रति शांति और शान्तिपूर्ण सह-अस्तित्व की बुनियादी नीतियों के अनुरूप है, बल्कि वह उन्हें और पुष्ट करती है। इन्हीं नीतियों के अनुसरण में भारत १९४९ के बाद से पाकिस्तान से अनाक्रमण सन्धि करने के लिए बराबर जोर देता आ रहा है। भारत सरकार और भारतीय जनता तहेदिल से पाकिस्तानी जनता के साथ मैत्री और भाईचारे से रहना चाहती आई है। ताशकंद घोषणा ने भारत के उद्देश्यों और नीतियों को पूरा करने की दिशा में एक आधार प्रदान किया है।

हमारा भारत देश महान,
जन गण को यह अभिमान।

वीरों की है यह समर भूमि,
ऋषियों की रही है तपो भूमि,

जन मन इस पर कुर्बान,
हमारा भारत देश महान।

शिवाजी सरीखे वीर यहाँ,
प्रताप जैसे रणधीर यहाँ

यहाँ है वीरों की सन्तान,
हमारा भारत देश महान।

यहाँ उदय हुआ सुभाष सूर्य,
भगत सिंह से देश भक्त,

अमर गुरु गोविन्द की सन्तान
हमारा भारत देश महान।

झाँसी की रानी सी नारी,
चित्तौड़ पद्मिनी सी रानी,

खोजा न मिले जहान,
हमारा भारत देश महान।

राजपूती वीरों की जोड़ी
दुनियाँ भर में दिखती थोड़ी,

अमर उनसे यह राजस्थान,
हमारा भारत देश महान।

पनपी है कृष्ण की नीति यहाँ,
गाँधी से दृढ़ प्रतिज्ञ यहाँ,

नेहरू पर हर नर को अभिमान,
हमारा भारत देश, महान।

गंगा यमुना गौरवशाली,
हिमालय सी दृढ़ रख वाली,

अद्भुत प्रकृति की भी शान,
हमारा भारत देश महान।

हम को यह प्राणों से प्यारा,
हर जां है इसका रखवारा,

सब को इस मद का मान,
हमारा भारत देश महान।

कैलाश नारायण राठी, ९ अ

घड़ी नहीं आराम की

मुरलीधर स्वामी, कक्षा १० द

उठो जवानो, आगे आओ, होड़ करो कुछ काम की,
आलस छोड़ो, निद्रा त्यागो, घड़ी नहीं आराम की।

ताल बांध कर नहर काट दो, पम्प चलाओ जोर से,
आज किसानो गगन गुंजा दो, विजय घोष सब ओर से।

नई मशीनें, खाद बीज भी, नई शक्ति जो जान की,
पांच साल में सोना कर दो, मिट्टी हिन्दुस्तान की।

दुनियां वालों को बतला दो, महिमा फिर श्रमदान की,
आलस छोड़ो, निद्रा त्यागो, घड़ी नहीं आराम की।

उठो जवानो तुमको भारत, अब मजबूत बनाना है,
गांव-गांव के बच्चे बूढ़े, सबको आज पढ़ाना है।

फिर से कर दो विश्व प्रकाशित, जगा ज्योति निज ज्ञान की,
आलस छोड़ो, निद्रा त्यागो, घड़ी नहीं आराम की।

हे भारत के वीर जवानो, निज भुज बल पहचानो,
ऊँगली पर पर्वत ठहराने वालों बल को पहचानो।

पानी में पत्थर तैराने वालों ताकत पहचानो,
शिखा खोलकर शत्रुनाश करने के प्रण को पहचानो।

दूर दीनता कर दो श्रम से यह विनती मुरलीधर की,
आलस छोड़ो, निद्रा त्यागो, घड़ी नहीं आराम की।

लोहे से सोना

लोककथा

कुं भंवरसिंह पड़िहार, कक्षा १० डी

एक राजा था। उसने यह नियम बना रखा था कि जो भी व्यक्ति चोरी करेगा उसे फासी का दंड दिया जावेगा। एक बार चार चोर किसी गाव मे चोरी करते हुए पकडे गये। सिपाही उन्हे पकड कर राजा के पास ले गये। राजा ने फासी की आज्ञा दी। फासी का दिन आया तीन चोरो को तो फासी दे दी गयी। लेकिन चौथे चोर को एक तरकीब सूझी। उसने सिपाही से कहा—"मैं एक ऐसी बूंटी जानता हूँ जिसे पीसकर यदि लोहे पर डाल दिया जाय तो लोहा सोना बन जावेगा अतः मैं चाहता हू कि मरने से पहले यह कला तुम्हें सिखा जाऊ"।

यह बात सिपाहियों से अफसरों को मालूम हुई। उन्होंने मन्त्री को बताया। मन्त्री ने राजा से कहा। राजा की आज्ञा से चोर को दरबार मे लाया गया। चोर ने राजा के सामने भी दावा किया कि वह लोहे को सोने मे बदल सकता है।

चोर की बतायी हुई बूटी जगल से मगवायी गयी। दरबार मे नगर भर का लोहा सोने मे बदलने के लिए एकत्रित किया गया। प्रतिष्ठित व्यक्तियो को बुलाया गया। चोर ने बूटी को पीसा। फिर बोला—"महाराज, बूटी का चूर्ण तैयार है। इसे डालते ही लोहे मे सोना बन जायेगा। परन्तु शर्त यह है कि वही व्यक्ति चूर्ण को लोहे पर डाले, जिसने कभी चोरी न की हो"।

राजा ने दरबार मे एकत्रित कृषको से कहा—"तुम यह चूर्ण लोहे पर डाल कर सोना बनाओ"। उन्होने उत्तर दिया "महाराज यह काम हम न कर सकेंगे क्योंकि हम प्राय एक दूसरे के खेतों मे अनाज चुरा लेते है।"

राजा ने वहा के ठेकेदारो से कहा। उन्होंने उत्तर दिया—"सरकार हम घूस देकर बड़े बड़े काम करा लेते है और चूने के स्थान पर मिट्टी भर देते है। इस लिए हम इस काम के करने के अधिकारी नही

है"। अब राजा ने उपस्थित व्यापारियों से कहा। वे बोले "यदि कम माल न तोलें तथा मिलावट न करें तो हमारा काम कैसे चले, यह चोरी ही है।"

यह सुनकर राजा ने मन्त्रियों से कहा। एक मन्त्री बोला—"मैंने बचपन में एक किताबें चुरायी थी।" दूसरा बोला "मैंने दवात चुरायी थी।" तीसरा बोला "मैंने अपनी माँ के पैसे चुराये थे।" राजा ने राज परिवारों के सदस्यों की ओर देखा। रानी बोली मैंने बचपन में अपनी सहेली का हार चुराया था।"

तब चोर ने राजा से कहा "महाराज आप तो राजा है और आपने कभी भी चोरी ही नहीं की होगी। आप ही इस चूर्ण को लोहे पर डालिए।" राजा के कांटो तो खून नहीं। राजा ने सोचते हुए कहा—"जब मैं छोटा था तब घर में पूजा के लिए लड्डू आये थे। मैंने माँ से लड्डू माँगा। उन्होंने पूजा के बाद देने को कहा। मुझे लड्डू अच्छे लगे थे। जब मां बाहर गयी तो मैंने एक लड्डू चुरा कर खा लिया।"

इन सारी बातों को सुनने पर चोर ने हाथ जोड कर राजा से कहा—"महाराज यदि जनता से लेकर आप तक सभी चोर है, तो मुझ अकेले को क्यों फांसी दी जा रही है। सभी को दंड दीजिए।"

इस बात को सुनने से राजा का हृदय पिघल गया और राजा ने सोच कर यह निष्कर्ष निकाला कि वास्तव में यह व्यक्ति बड़ा ही बुद्धिमान प्रतीत होता है जिसने अपने बुद्धि बल से अपने आप की रक्षा करली नहीं तो उन तीनों चोरों की तरह ही इस की हालत होती। अंत में राजा ने उस चोर को मुक्त कर दिया। चोर की इस बुद्धिमता पर सब प्रसन्न थे।

घबरा जाना नहीं दोस्तों, छोटी मोटी हारों से।
देश हमारा गुजर रहा है तलवारों की धारों से॥
आजादी ने आज देश से पहली कीमत माँगी है,
पहली बार देश की जनता हर हर करके जागी है।
पहली बार अहिंसा की आंखों में लाली आयी है,
पहली बार शेर भारत ने उठकर ली अंगड़ाई है।
यह तो पहली झड़प हुई है अपने पहरेदारों से,
राष्ट्र हमारा जूझ रहा है तलवारों की धारों से।
पर्वत कभी हिला करते हैं क्या बरसाती नालों से,
गरुड़ कभी भागा करते हैं डरकर बालमरालों से?
योद्धा कभी फिरा करते हैं तोप तमंचों भालों से,
सावधान रहना है हमको दुष्ट शत्रु की चालों से,
दाल गलेगी नहीं तुम्हारी कहदो यह गद्दारों से,
देश हमारा जूझ रहा है तलवारों की धारों से।

गीत

मौन-ध्यान, शिमला, कक्षा १०.३.

आज मृदु स्वर बीन की झङ्कार लाया ।
प्यार का मधुमय मधुप गुञ्जार लाया ॥
बालिका उषा हंसी ले मौन प्याली,
अधर से सुर सुन्दरी ने है लगाली,
सिहर सुमनों ने सुरभि भर प्राण ढाली,
छाई संसृति के दृगों में मदिर लाली ।

आज पिक पञ्चम में नव शृङ्गार लाया ।
प्यार का मधुमय मधुप गुञ्जार लाया ॥
आज विगलित स्नेह से पाषाण चञ्चल,
बह चले ले गान व्याकुल आज कलकल,
आज सरिता वेग से आई उमड़ कर,
सिन्धु मे मिल हृदय करने को सुशीतल,
मृत्यु बन्धन तोड़ अमृत-धार लाया ।
प्यार का मधुमय मधुप गुञ्जार लाया ॥

विजय में है कुटी—सरिता शान्त तट है,
आज तुमसी प्रेम-प्रतिमा भी निकट है,
तुम बनी मैं बना तुम, एक दोनों,
आज नभ-सा हृदय विस्तृत मुक्त पट है,
आज कवि नव काव्य नव उद्गार लाया ।
प्यार का मधुमय मधुप गुञ्जार लाया ॥

आज सब कुछ छोड़ आया हूँ अकेला,
आज सब कुछ वारने को सुखद बेला,
मोल अधरों से अधर का है चुकाना,
देखना है आज सुन्दर प्रणय मेला,
आज प्राणों का मधुर उपहार लाया ।
प्यार का मधुमय मधुप गुञ्जार लाया ॥

यहां सब प्राणी मायावी हैं !

सत्यनारायण तंवर, ९ अ

एक बार अकबर बादशाह जंगल में शिकार खेलने गया। लम्बे सफर में वह दूर चला गया था। उसने एक सूअर देखा। बादशाह अकबर ने धनुष तानकर सूअर को मारना चाहा। लेकिन सूअर अट्टहास करके जोर से हंसा। बादशाह ने देखा, तो सूअर की जगह पर एक शेर खड़ा हो गया। बादशाह अकबर ने शेर पर ही बाण चलाने का निश्चय किया। वह शेर भी वहां नहीं, बल्कि उसकी जगह एक घोड़ा खड़ा हो गया। अब राजा ने घोड़े को भी मारना चाहा, और निशाना साधा ही था कि पल भर में घोड़े ने हिरन का रूप धारण कर लिया। बादशाह ने यह संकल्प किया कि वह इस माया को भंग करके ही दम लेगा। उसने तत्काल अपने तीर से हिरन को मारना चाहा। किन्तु दूसरे ही क्षण वह क्या देखता है कि हिरन तो गायब हो गया और उसकी जगह पर एक स्त्री खड़ी हो गयी और जोर-जोर से हंसने लगी। अपने सामने स्त्री को खड़ा देखकर बादशाह भयभीत हो उठा। धनुष छोड़ कर वह स्त्री के पास गया। अकबर बादशाह को भयभीत हुआ देखकर स्त्री ने कहा—स्वस्थ राजन् स्वस्थ, इतने भयभीत क्यों हो रहे हैं? अकबर बादशाह ने कहा—बस बंद करो यह माया। स्त्री ने कहा कौन सी माया, महाराज ?" बादशाह ने कहा—यह रूप बदलने की [illegible] और कौन सी ! स्त्री जोर से हंसी और कहा : महाराज यह माया मेरे बस [illegible] से बंद नहीं होगी। यह तो सदियों से ही इस जगत में चलती आई है और चलती रहेगी। सारे प्राणी [illegible] शरीर त्यागते हैं और दूसरा ग्रहण करते हैं और तुम भी तो इसी माया के रूप हो [illegible] इसी माया [illegible] पहले थी और आगे भी रहेगी। बादशाह ने उत्तर दिया : नहीं तो। स्त्री ने [illegible] फिर किसे मारना चाहते हो आप ? बादशाह ने दृढ़ता से कहा : मैं सूअर को [illegible]। स्त्री ने पूछा तो क्या मैं सूअर हूं महाराज ? अकबर बादशाह ने कहा—नहीं [illegible]

ह नहीं हो और माया रूपी स्त्री हो । और माया ने तुम्हें स्त्री का रूप धारण किया है। स्त्री ने पूछा— अगर रूप ग्रहण करना माया है तो तुमने [illegible] ग्रहण करके छोड़ दिये हैं। तुम भी तो मायावी हो। महाराज भ्रम हटाओ। आँखे खोल कर देखो तुम इस चीज पर भूल कर रहे हो। सूअर को नहीं तुम खुद अपने आपको मारना चाह रहे हो। बादशाह ने कहा —आश्चर्य, आश्चर्य यह कैसी माया है। अंतत: हम अपने को मारते हैं। अपने को ही दुख देते हैं। राजा की वाणी मे वाणी मिलाते हुए स्त्री ने कहा। हाँ और अपने को ही प्रेम करते हैं। अपने को [illegible] सुख पहुँचाते हैं। हमीं अपने मित्र और हमी अपने शत्रु हैं। और यह सब माया है महाराज इतना कह कर स्त्री गायब हो गयी।

ताशकंद घोषणा का महत्व

ताशकंद घोषणा से कश्मीर के बारे मे हमारी स्थिति पर क्या कोई असर पड़ता है ?

जैसा कि घोषणा के अनुच्छेद '१' मे स्पष्ट है दोनो ही पक्ष अपनी स्थिति पर कायम है। अत कश्मीर के बारे मे हमारी स्थिति यही है—कि कश्मीर भारत का एक अविभाज्य अंग है और यह कि जम्मू व कश्मीर पर भारत की प्रभुसत्ता के बारे मे कोई बातचीत नही की जा सकती।

ताशकंद घोषणा से विश्व के प्रमुख देशों में क्या प्रतिक्रिया हुई है ?

इस घोषणा का, चीन को छोड़ कर, दुनिया के सभी देशो ने स्वागत किया है और इसे एक महान राजनैतिक सफलता तथा शान्ति की दिशा मे एक बड़ा कदम बताया है। दुनिया के सभी देशो मे प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की बुद्धिमत्ता और शांति की उनकी अभिलाषा की प्रशंसा की गई है।

यहां सब प्राणी मायावी हैं !

सत्यनारायण तंवर, ९ अ

एक बार अकबर बादशाह जंगल में शिकार खेलने गया। सफर में वह दूर चला गया था। उसने एक सूअर देखा। बादशाह अकबर ने धनुष तानकर सूअर को मारना चाहा। लेकिन सूअर अट्टहास करके जोर से हंसा। बादशाह ने देखा, तो सूअर की जगह पर एक शेर खड़ा हो गया। बादशाह अकबर ने शेर पर ही बाण चलाने का निश्चय किया। वह शेर भी वहां नहीं, वरन् उसकी जगह एक घोड़ा खड़ा हो गया। अब राजा ने घोड़े को भी मारना चाहा, और निशाना साधा ही था कि पल भर में घोड़े ने हिरन का रूप धारण कर लिया। बादशाह ने यह संकल्प किया कि वह इस माया को भंग करके ही दम लेगा। उसने तत्काल अपने तीर से हिरन को मारना चाहा। किन्तु दूसरे ही क्षण वह क्या देखता है कि हिरन तो गायब हो गया और उसकी जगह पर एक स्त्री खड़ी हो गयी और जोर-जोर से हंसने लगी। अपने सामने स्त्री को खड़ा देखकर बादशाह भयभीत हो उठा। धनुष छोड़ कर वह स्त्री के पास गया। अकबर बादशाह को भयभीत हुआ देखकर स्त्री ने कहा—स्वस्थ राजन् स्वस्थ, इतने भयभीत क्यों हो रहे हैं? अकबर बादशाह ने कहा—बस बंद करो यह माया। स्त्री ने कहा कौन सी माया, महाराज ?" बादशाह ने कहा—यह रूप बदलने की माया, और कौन सी! स्त्री जोर से हंसी और कहा : महाराज यह माया मेरे बंद करने से कैसे बंद होगी। यह तो कभी से ही इस जगत में चलती आई है और चलती रहेगी। रा... या जीव एक शरीर त्यागते हैं और दूसरा ग्रहण करते हैं और तुम भी तो इसी ... क्या यही काया तुम्हारी पहले थी और आगे भी रहेगी। बादशाह ने उत्तर ... मधुरता से कहा तो फिर किसे मारना चाहते हो आप? बादशाह ... मारना चाहता हूं। स्त्री ने पूछा तो क्या मैं सूअर हूं महाराज ?

वियतनाम युद्ध में कितना व्यय होता है

ओम प्रकाश यादव, कक्षा ११ 'द'

कई दृष्टियों से वियतनाम युद्ध इतिहास में अपने ढंग का एक भयानक युद्ध सिद्ध होगा। वियतनाम में किसी देश की सेनायें आमने सामने नहीं लड़ रही हैं यह प्रकट में केवल एक सैनिक कार्यवाही है जो दक्षिण वियतनाम में छापामार वियतकांगों के विरुद्ध वहां की सरकार और अमेरिका के संयुक्त प्रयत्नों का परिणाम है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार इन वियतकांगों की संख्या ३ लाख से ऊपर बताई जाती है।

वियतनाम युद्ध वास्तव में युद्ध नहीं है, फिर भी २० वर्षों से लड़ा जा रहा है। संसार का सबसे बड़ा युद्ध द्वितीय महायुद्ध था जो ८ वर्ष तक लड़ा गया था, और जिसमें ३॥ करोड़ से अधिक व्यक्ति मरे थे। इस युद्ध का क्षेत्र सीमित होने के कारण यद्यपि जन शक्ति की हानि अभी तक असाधारण नहीं है। वियतनाम युद्ध का प्रारंभिक नेतृत्व फ्रांस के हाथ में था और आजकल १९५० से अमेरिका कर रहा है। फिर भी व्यय की दृष्टि से यह नये मान-दण्ड स्थापित करने वाला सिद्ध हुआ है।

१९५० से १९५४ तक के ४ वर्षों में इस युद्ध पर अमेरिका का २६ अरब डालर खर्च हुआ था। १९५५ से १९६४ के १० वर्षों में ४० अरब डालर व्यय रहा। १९६५ से अमेरिका ने युद्ध की गति तीव्र कर दी और इसके साथ ही व्यय भी एक दम बढ़ गया, अर्थात् अकेला अमेरिका इन वर्षों में १५८ अरब डालर खर्च कर चुका है। १९६६ के प्रस्तुत वर्ष में इस कार्यवाही में और भी तीव्रता आने के फलस्वरूप वर्तमान व्यय ३० अरब डालर प्रतिमास होने का अनुमान है।

वियतनाम में केवल अमेरिका ने जितना व्यय किया है उतने में हमारी [illegible] पंचवर्षीय [illegible] दोहराई जा सकती है, लेकिन यह व्यय भी [illegible] पर्याप्त नहीं हो रहा है।

यह [illegible] है कि अमरीका ने [illegible] वियतनाम, [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] है। [illegible] [illegible] [illegible] है। (१) [illegible] ४० प्रतिशत है। (२) [illegible] [illegible] [illegible] है। (३) केवल एक [illegible] में ४० से ५० हजार टन [illegible] के ५० कारखानों [illegible] है।

लेकिन युद्ध के परिणाम देखते हुए [illegible] नहीं हो रहा है। [illegible] है कि प्रत्येक वियतनाम [illegible] है। वियतनाम में तीन लाख सैनिक मौजूद हैं।

इसके अलावा दक्षिण कोरिया से [illegible] लगभग ५ लाख [illegible] हैं। इसके अलावा ३० हजार [illegible] फिलीपिन, [illegible] सैनिकों की मदद के लिये वियतनाम की भूमि पर मौजूद है।

अमरीका की कुल सैनिक शक्ति का लगभग एक चौथाई से एक तिहाई भाग अब वियतनाम में मौजूद है। अमरीका के १५ हजार वायुयानों में ४५०० वियतनाम की धरती पर हैं। उनमें करीब १६०० विमान अब तक नष्ट हुए हैं। अमरीका के [illegible] जेट विमानों में एक चौथाई तथा १३०० हेलीकॉप्टर वहां मौजूद हैं। यह संख्या विश्व की अब तक की लड़ाई में चौंका देने वाला रिकार्ड है। ८६० युद्ध पोतों में से १४५ वहां मौजूद हैं। वियतनाम की अमरीकी सेनाएं २००० टैंक, ७५०० उन्नत तोपें, उन्नत प्रक्षेपास्त्र, राडार, बख्तर-बन्द गाड़ियां, व अन्य युद्ध सामग्री से सुसज्जित हैं।

सौंदर्य : एक परिभाषा

उत्साह-मूर्ति विल ड्युरांट को अलमस्त बनाने के लिए किसी मादक द्रव्य की आवश्यकता नहीं थी, जीवन ही काफी था। एक बार उन्होंने मुझसे पूछा था—"सौंदर्य की आपकी कल्पना क्या है?" मैंने कहा—"मेरे विचार में सौंदर्य मृत्यु और रम्यता की सर्वव्यापकता है; सौंदर्य मुस्काती हुई उदासी है, जो हमें प्रकृति में और सब पदार्थों में गोचर होती है; सौंदर्य एक रहस्यमय तादात्मय है, जिसे कवि अनुभव करते हैं। कूड़ेदान पर पड़ी किरण-धारा, चहबच्चे में पड़ा गुलाब—कुछ भी उसकी अभिव्यक्ति हो सकती हैं। चित्रकार एल ग्रीको ने सूली पर लटके हुए प्रभु ईसा में उसका दर्शन किया था।"

—चार्ली चैपलिन

भय

महिपाल सिंह शेखावत, कक्षा १० ब

एक क्षण आप विचार कर देखें कि यदि संसार में भय नाम की कोई वस्तु नहीं होती तो क्या हो सकता था ? यदि अब भी भय को हटा दिया जाये तो संसार का काम एक क्षण भी नहीं चल सकता। जिस प्रकार कि भौतिक विज्ञान से इकाई को हटा देने पर भौतिक विज्ञान में कुछ भी नहीं हो सकता अर्थात् भौतिक विज्ञान से इकाई को हटा देना, भौतिक विज्ञान को ही नष्ट कर देना है। क्योंकि भौतिक विज्ञान पौधे की तो इकाई ही जड़ है। उसी प्रकार मनुष्य के मस्तिष्क से स्मरण-शक्ति को हटा देने से हमारा भी काम नहीं चल सकता। क्योंकि हम अपने घर से बाहर निकलें, तो आगे जाते ही मार्ग भूल जायेंगे। फिर किसी भी स्थान पर फिरते फिरते किसी दूसरे के घर को अपना घर ही समझकर अन्दर चले जाएंगे। आगे जो हालत होगी, उसकी तो आप ही कल्पना कर सकते हैं। इसी प्रकार मनुष्य से भय को हटा देने पर मनुष्य मनमानी करेगा। वह चाहे जिसको लूटेगा, चाहे जिसे मारेगा, दुष्टता के भयंकर कार्य करेगा, तथा यहां तक वह चाहे जिसको मार भी डालेगा। इस प्रकार तो इससे थोड़ी ही हानि होगी। पर यदि राष्ट्रों को भी भय न रहेगा तो अमेरिका जैसे देश सोचेंगे कि हमको किसी का भय नहीं है, तो वे चाहे जहां हाइड्रोजन तथा परमाणु डाल देंगे, जिससे सारा संसार ही नष्ट हो जायेगा। अर्थात् भय को हटा देने का मतलब होगा, तहस-नहस तथा लूटमार मचाना। अतः हम देखते हैं कि भय को हटा देने पर एक विश्व-महायुद्ध होने से भी अधिक प्रलय मच जायेगी।

सभी ने छोटी से लेकर बड़ी बड़ी चोरियां होते देखी या सुनी होंगी। बड़े बड़े डाकुओं का किसी शहर या गांव को लूटना, धनवानों के यहां धन को लूट लेना, ऐसे उनके अनेक कारनामों को पढ़ा या सुना होगा। यदि उनको किसी प्रकार का भय न रहे, अर्थात् मनमानी करने के लिए पूर्ण स्वतन्त्रता दे दी जाय, तो वे बहुत से शहरों व गांवों को नष्ट कर डालेंगे। यदि आपको भी कक्षा में भय मुक्त कर दिया जाये तो आप भी अपने सहपाठियों की पुस्तकों व अन्य वस्तुओं के

[illegible]

[illegible]

[illegible]

तुलसीदास ने भी रामायण में लिखा है—भय बिन होय न प्रीत । यह प्रसंग उस समय का है जब रामचन्द्रजी लंका जाने के लिए समुद्र से पार होने के लिए उससे विनती करते रहे कि हमें पार होने के लिए रास्ता दे । इसके लिए उन्होंने उसकी बहुत मनुहारें कीं पर समुद्र नहीं माना । तब भगवान ने क्रोध में आकर समुद्र को शोषित करने की सोची । जिससे समुद्र भयभीत हुआ तथा हाथ जोड़कर भगवान से माफी मांगने लगा और पार होने के लिए समुद्र पर पुल बांधने की युक्ति बताकर चला गया ।

अत. जो भी शक्तियां संसार में भय उत्पन्न कर सकती हैं उन्हें मजबूत बनाना चाहिए। पुलिस के मजबूत होने से डाकू व चोर, चोरियां बंद कर देंगे । देश की सेना के मजबूत होने से दूसरे राष्ट्र उस पर हमला करने का साहस कभी न करेंगे। यदि सेना में दूसरों के प्रति भय उत्पन्न करने की शक्ति ही न होगी तो दूसरे देश उसे शीघ्र ही लूटकर अपने अधिकार में ले लेंगे ।

संयुक्त राष्ट्र संघ में कुछ भय उत्पन्न करने की शक्ति है, जिससे वह कई जगह शान्ति स्थापित करने में सफल हुआ । यदि उसमें पूर्ण रूप से भय उत्पन्न करने की शक्ति हो तो वह सब जगह शान्ति स्थापित करने में सफल होगा । इसके लिये मैं यह नहीं कहता कि संयुक्त राष्ट्र संघ में सेना रखी जाय तथा संसार में भय उत्पन्न किया जाय । पर उसे इस प्रकार बदल दिया जाये कि वह बिना सेना रखे ही भय उत्पन्न कर सारे संसार में शान्ति स्थापित कर सके ।

परमाणु बम्ब में भी भय उत्पन्न करने की बहुत बडी शक्ति है । पर इसके प्रति मेरा यही सुझाव है कि इसका उपयोग यान्त्रिक शक्ति उत्पन्न करने में होना चाहिये । परमाणु बम्ब का यदि यान्त्रिक शक्ति उत्पन्न करने में उपयोग होगा तो निश्चय ही संसार में शान्ति स्थापित हो सकेगी ।

भारतीय सैनिक की अभिलाषा

अक्षय कुमार त्याग, ६ बी

चाह नहीं मैं हार के आऊं,
चाह नहीं मैं पीठ दिखाऊं,
लेकिन मेरी है अभिलाषा,
मर जाऊं या मार के आऊं,
चाह नहीं मैं हार के आऊं।

●

भारत मां का फर्ज है मुझ पर,
एक जरा-सा फर्ज है मुझ पर,
लेकिन मेरी है अभिलाषा,
तन-मन-धन दे फर्ज निभाऊं,
मर जाऊं या मार के आऊं॥

●

जब तक मां का प्यार रहेगा,
जीवन सफल-साकार रहेगा,
लेलिन मेरी हैं अभिलाषा,
मां के खातिर मैं बलि जाऊं,
मर जाऊं या मार के आऊं।

●

जननी तुमने जन्म दिया है,
पाला-पोसा बड़ा किया है,
यह मेरी अंतिम अभिलाषा,
तेरी मिट्टी मे मिल जाऊं,
मर जाऊं या मार के आऊं॥

ये पवित्र राखी के धागे

धीरेन्द्र कुमार 'नूतन,' 11 ब

[illegible]

छात्री द्वारा व्यायाम प्रदर्शन का एक दृश्य

शिक्षा मन्त्री के आगमन पर छात्रों द्वारा राष्ट्र-प्रेम से ओत-प्रोत गीतों का गायन

लड़ाई खत्म होने पर मेजर राजेश और मेजर विमल दोनों गले मिले। विमल ने कहा मैं कितना भाग्यशाली हूं जो मैंने तुम जैसा दोस्त पाया। यदि समय पर न आते तो शायद मेरी लाश ही तुम्हें मिलती।" राजेश ने कहा "ऐसे नही कहो विमल, अभी अपना कर्तव्य पूरा नही हुआ है, और तुम पहले से मरने की सोचने लगे। स्वार्थी! चलो खाने का समय हो गया केन्टीन मे चले।" उसने बात बदलते हुए कहा। "चलो"—विमल ने भी कहा।

केन्टीन मे बैठकर राजेश ने कहा "आज राखी है ना"। "हां है तो सही" विमल ने कहा। राजेश न जाने किन पुरानी यादो मे खो गया। विमल ने पूछा "नीना की याद आ रही है क्या राजेश।"

"हां विमल मुझे उसी देवी की याद आ रही है। जानते हो उसने पिछली राखी के वक्त क्या कहा था। विमल ने उत्सुक हो पूछा—"क्या कहा था?"

उसने कहा था "मेरे भैया मैं तुम्हें राखी बाध रही हूं, सिर्फ मेरी रक्षा के लिये नही, वरन् सारी भारतीय बहनो की रक्षा के लिये। आज हमारे गर्वोन्नत मस्तक पर लाल चीन की काली छाया पड रही है। जाओ! और अपनी समस्त भारतीय बहनो की रक्षा करो। ये राखी के पीले धागे सदा अपने साथ रखना, ताकि तुम अपने कर्तव्य-पथ से विमुख न होओ।" कहते-कहते राजेश का गला भर्रा गया। उसकी आखो मे आसू छलछला आये। विमल से भी उसकी यह हालत नही देखी गयी। उसकी आखों में भी आंसू छलक आये। परन्तु उसने अपने आपको संयत कर कहा—"राजेश तेरी आखो मे आसू! एक सैनिक अफसर की आखो मे आसू। तू अपना कर्तव्य भूल गया क्या राजेश कि समस्त भारतीय नारियां तेरी बहनें हैं और तू सिर्फ नीना के लिये आसू बहा रहा है, फिर उन करोड़ो भारतीय बहनो के लिये कौन आसू बहायेगा?"

नही विमल ये आसू नीना की याद के आसू नहीं उसकी महानता के आसू हैं। यदि समस्त भारतीय बहिनें अपने भाई को यही गुरुमंत्र बतायें तो फिर कौन सा वह दुश्मन है जो हमारे इस पावन देश की पवित्र मिट्टी को अपने पादो तले रौंदने का दुस्साहस करे।" राजेश आवेश मे आकर कहता है, और अपनी जेब मे से वे राखी के पवित्र धागे निकाल अश्रुपूर्ण आखो से उन्हे देखता है। इतने में खाना आ जाता है। खाना खा चुकने के बाद विमल वापस अपनी चौकी पर चला जाता है और राजेश अपनी चौकी पर।

दूसरे दिन सवेरे पांच भी नही बजे थे कि अचानक चीनियो ने राजेश वाली चौकी पर तीन सौ सैनिको सहित हमला बोल दिया। राजेश इस आकस्मिक हमले से बौखलाया नहीं। उसने अपने सैनिकों को आवश्यक निर्देश दे खाईयो मे भेज दिया। उसने अपने एक सैनिक से कहा "जल्द हैडक्वार्टर से सम्बन्ध करो।"

'हैलो' ट्रांसमीटर से आवाज आयी। राजेश ने कहा "हैलो"

"हैडक्वार्टर"

"हैलो! इधर चीनियों ने हमला बोल दिया है"

'नम्बर"

"तीन सौ"

मलेरिया के आक्रमण की सम्भावना भी होती है। नैट मच्छर के समान हल्केपन और तेज उड़ान करने के कारण ही हमारे विमान का नाम नैट पड़ा।

हमारे नैट विमान का वजन एफ-८६ सैबर जैट विमान से लगभग आधा है। एफ-८६ सैबर जैट विमान का भार लगभग ७,९०० किलोग्राम होता है। जब कि हमारे नैट विमान का कुल भार ३,००० से ४००० किलोग्राम तक ही है। नैट की लम्बाई ९ मीटर है और चौड़ाई ६-७५ मीटर। नैट विमान की अधिकतम उड़ने की गति लगभग ०.९८ मैक अर्थात ११७५ किलोमीटर प्रति घन्टा है और यह १,०६० मीटर की ऊँचाई तक उड़ सकता है।

क्या आप जानते हैं ?

मनोहर, कक्षा ११ ब

१. इंगलैण्ड में मानचेस्टर यूनिवर्सिटी स्थित रेडियो दूरबीन, जिस का व्यास २५० फीट और ऊंचाई १८० फीट है और जिस की लगभग १,१२,५०,००० रुपए की लागत आंकी गई है, विश्व की सब से बड़ी दूरबीन है।

२. दक्षिणी अफ्रीका स्थित प्रिटोरिया की प्रीमियर खान से कैप्टन एम० एफ० वेल्स ने ३,१०६ मीट्रिक कैरेट यानि लगभग आधा किलो भार का हीरा निकाला जो सबसे बड़ा हीरा था।

३. निजामी पार्क, बम्बई, में १४ अप्रैल १९५५ को एक बजे दिन से १९ अप्रैल १९५५ को बजे शाम तक यानि लगातार १२५ घन्टे तक साइकिल चला कर २२ वर्षीय आनन्दराम हनुमान [illegible] ने नया रिकार्ड कायम किया।

४. विश्व की सब से भारी पुस्तक रूस में है, जिसका वजन ४०,३२० टन है।

५. उड़ीसा की महानदी नदी पर निर्मित हीराकुड बांध विश्व का सब से लम्बा बांध है।

६. सन् १९५५ की ओलंपिक प्रतियोगिता में हैवी वेट उठाने वाले ने ६,००० पौंड का भार उठा कर नया रिकार्ड [illegible] किया।

७. विश्व की सब से बड़ी नदी मिस्र की नील नदी है जिस की लम्बाई ४,१४५ मील है।

८. [illegible] अमरीकी सेना के पास है जो ८० मील दूर [illegible] है।

भारतीय वायु सेना

भंवर नरपतसिंह शेखावत, १० 'स' (विज्ञान)

संसार के प्रत्येक राष्ट्र के पास अपनी स्वाधीनता की रक्षा करने व आन्तरिक अशान्ति और विद्रोह को दबाने के लिए सेना होती है। सेना रखने की प्रथा बहुत प्राचीन है। जब तक वैमनस्य, अविश्वास तथा प्रभुता के लिये संघर्ष जारी रहेगा तब तक सेना रखने की आवश्यकता बनी रहेगी। यदि कभी यू० एन० ओ० के उद्देश्य पूरे हुए तो शायद सेना रखने का महत्व कम हो जायेगा, परन्तु वर्तमान समय को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक राष्ट्र अपने को सर्वाधिक शक्तिशाली व अपनी सेना को अस्त्र शस्त्र से सुसज्जित करने की चेष्टा करता है।

हमारे देश में स्थल, जल और वायु सेना का निर्माण हुआ। स्थल सैन्य व्यवस्था इस देश की प्रमुख शक्ति है। किन्तु आज के यांत्रिक युग में जल सेना व वायु सेना का कहीं अधिक महत्व है। विज्ञान की उन्नति ने समुद्रों व नभ के शान्त वातावरण में भी हलचल मचादी। और मानव ने समुद्रों की छाती चीर कर उसमें अपने विशाल जलयान एवं शून्य में वायुयान चलाये।

आज के युग में किसी भी देश की पूरी तरह से रक्षा करने और बाह्य आक्रमणों से मोर्चा लेने के लिये जरूरी है कि देश की स्थल, जल व वायु सैन्य व्यवस्थायें सुदृढ़ तथा आधुनिक शस्त्रास्त्रों से सम्पन्न हों। जल सेना समुद्रों द्वारा होने वाले आक्रमणों से रक्षा करने के साथ-साथ समुद्री व्यापार को भी सुदृढ़ बनाती है।

इसी प्रकार वायु सेना का प्रमुख उद्देश्य देश की हवाई आक्रमणों से रक्षा करना है। इसके साथ ही साथ संसार के अन्य देशों के बीच हर प्रकार की व्यापार-व्यवस्था बनाये रखना आज के युग में बहुत कुछ इसी वायु-यातायात पर निर्भर है।

यद्यपि हमारा देश भारतवर्ष सर्वदा से शान्तिप्रेमी रहा है तो भी अन्य की परिस्थितियों को देखते हुए देश की सीमा-रक्षा किये बिना शान्ति का स्वप्न देखना किसी की बुद्धिमानी नहीं है। विशेषकर अब जब

देश के ऊपर [illegible] किसी भी समय आक्रमण कर सकता है [illegible] देश की सीमा व स्वतन्त्रता की रक्षा करना [illegible] अधिक से अधिक प्रदान करते रहिये।

[illegible] है कि हमारी सेना की [illegible] भी सीमा पर [illegible] होते दिखाई पड़ती है। आज यह सिद्ध हो चुका है कि हम अपनी सभी सुख-सुविधाओं को इस देश की सीमा रक्षा हेतु [illegible] में आहुति दे सकते हैं।

भारत में वायु सेना स्थापना जो एक समय छोटे से सीमित रूप में प्रारम्भ हुई थी आज देश की प्रमुख व महत्वपूर्ण सेना बन गयी है। आज हमारे पास [illegible], हन्टर, [illegible] मिस्टीयर, एम० एम० [illegible], वैम्पायर [illegible] आदि विमान प्रमुख रूप में हैं। वायुसैनिकों को शिक्षा देने के लिये [illegible] नं० १ जी० टी० एस०, [illegible] ३, ४ व ६ [illegible] बंगलौर में ही है। [illegible] इलेक्ट्रीशियन, एम० टी० [illegible] आदि की शिक्षा दी जाती है। नं० २ जी० टी० एस० कानपुर में है [illegible] में नं० ४ जी० टी० एस० है। इन [illegible] में शिक्षा के साथ साथ सामान्य शिक्षा भी दी जाती है। वायुयान उड़ाने की ट्रेनिंग जोधपुर और इलाहाबाद में दी जाती है। हमारी वायुसेना के प्रमुख व सबसे ऊँचे आफिसर एयर मार्शल अर्जुन सिंह हैं। हमें आशा ही नहीं वरन् पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में यह अनवरत उन्नति के पथ पर अग्रसर होती रहेगी।

हँसना मना है!

संकलनकर्ता—रणजीत सिंह, ७ स

१— एक मौलवी साहब अफीम खाकर सो रहे थे कि एकाएक गिर पड़े। नौकर से पूछा—देख रे रसोई में क्या गिर पड़ा। नौकर ने जवाब दिया—हुजूर आप ही गिर पड़े। मौलवी साहब बोले—हाय रे पसलियां टूट गईं।

२— एक अध्यापक ने पूछा कि शादी में अधिक कपड़े क्यों पहिनते हैं? लड़के ने उत्तर दिया कि अगर आप मारो तो लगे नहीं।

३— एक अंग्रेज एक कुएं पर गया। अचानक वह गिर गया। एक हिन्दू आदमी ने उसे निकाल दिया। तब अंग्रेज ने कहा थेंक्यू। हिन्दू ने समझा कि यह कहता है वापिस फेंक दे। उसने टांग पकड़ कुएं में वापिस फेंक दिया!

४— एक माली टोकरी में गोभी ले जा रहा था। वह चलता जाता था और इधर उधर देख रहा था। उस को टक्कर एक अंग्रेज से हो गई। अंग्रेज ने कहा—डैम फूल। माली ने कहा—साहब ये डैमफूल नहीं हैं ये तो गोभी के फूल हैं।

परिश्रम ही सफलता की कुंजी है

विनोद कुमार जैन, कक्षा १० 'ब'

संसार में प्रत्येक मनुष्य सुख पाना चाहता है। इसके लिए लोग भांति भांति के प्रयत्न करते हैं। कोई धन संग्रह की इच्छा रखता है, कोई ऊंची पदवी पाना चाहता है। कुछ लोग ऐसे हैं जो धन की इच्छा न रखकर केवल यश ही की उपार्जना चाहते हैं। कोई चाहता है कि जादू का डण्डा हाथ में आ जाय तो मनमानी सैर करें, कभी श्रीनगर की सुरम्य पर्वत-घाटियों में घूमें, कभी पेरिस के रंग-महलों का आनन्द लें। सब की अपनी अपनी कामनायें हैं। यह जादू के डंडे से सम्भव नहीं है। इन सभी कामनाओं की पूर्ति के लिये एक ही कुंजी है उसका नाम है 'उद्योग'। पुरुषार्थ या परिश्रम ही मनुष्य के सभी स्वप्नों को सत्य करता है।

परिश्रम क्या नहीं कर सकता ? वह रेतीले मैदानों को भी हरी भरी उपजाऊ भूमि बना सकता है। कोयले को उसी ने हीरा बनाया। वही बड़े-बड़े साम्राज्य स्थापित करने की शक्ति देता है, निर्धन को धनी, रंक को राव और मूर्ख को विद्वान बनाने की सामर्थ्य उसी में है। परिश्रम करने वाले व्यक्ति को बड़े-बड़े विघ्न, उसके साहस को डिगा नहीं सकते। उसे किसी के आश्रय की आवश्यकता नहीं रहती। वह अपने पैरों पर खड़ा होकर जीवन-प्रासाद का निर्माण करता है। उसका साहस ही इस महल की नींव बनता है।

आज तक बिना पुरुषार्थ और परिश्रम किये कौन उन्नति का पद पा सका है। कुछ लोग कहा करते हैं कि प्रयत्न करने से क्या बनता है ? ईश्वर जब देता है, स्वयं छप्पर फाड़ कर देता है। वे लोग इस दोहे का बखान करते हैं :—

अजगर करे न चाकरी, पंछी करे न काम।
दास मलूका कह गये, सब के दाता राम॥

पर यह भी निश्चित है कि इस विश्वास पर बैठे रहने से ही सब कुछ नहीं बनता है। नीतिकारों ने कहा है कि उद्योग, साहस, धैर्य, दृढ़ संकल्प और विश्वास ये पांच बातें जहां होती हैं, भाग्य भी वहीं सहायक होता है।

धन सम्पत्ति तो दूर की बात है, बिना परिश्रम हम जीवन-चर्या भी नहीं चला सकते। पेट भरने के लिए कितना झंझट उठाना पड़ता है। बाजार से सामान लाओ, आटा पिसवाओ, पुनः पकाने की तैयारी करो। पकने के बाद तब कहीं जाकर भोजन मिलता है। यदि उस भोजन के लिए हम स्वयं परिश्रम न करें तो हमारे लिए कोई दूसरा करेगा पर करेगा जरूर।

परिश्रम करने में शरीर को कष्ट उठाना पड़ता है। लोग इससे बचना चाहते हैं। अंग्रेजी की कहावत है — कष्ट उठाये बिना कुछ नहीं मिलता। आलसी लोग कष्ट उठाने से बचने के लिए भाग्य का सहारा लेते हैं। पर भाग्य भी क्या करे जहां भाग-दौड़ न हो। यदि हम चाहें कि रोटी स्वयं पक कर मुंह में घुस जाय तो यह सर्वथा असम्भव है।

चटपटे मसाले

नरपतसिंह राजपुरोहित, कक्षा १० ब

(१) जज — (रमेश से) तुमने रामू के एक बेंत लगाई, अतः तुम्हें पांच रुपये फाइन देना होगा।

(रमेश रामू के एक बेंत और लगाकर जज के सामने दस रुपये रख देता है।)

जज — (रमेश से) तुमने इसके दूसरी बेंत क्यों लगाई?

रमेश — मेरे पास पांच रुपये खुले नहीं हैं, दस का नोट है।

(२) पिता — (कुमार से) इतनी देर तुम कहां गये थे?

कुमार — मैच (क्रिकेट) देखने।

पिता — [illegible] ?

कुमार — [illegible] ने मारे थे।

पिता — फिर?

कुमार — [illegible] ने नहीं दिए।

पिता — फिर?

कुमार — [illegible]

(३) मां — (कुमार से) [illegible] — [illegible] सो जा, [illegible] रोशनी क्यों [illegible] है।

कुमार — [illegible]

मां — [illegible] ?

कुमार — [illegible] है।

वे माता-पिता अपनी सन्तानों के शत्रु होते हैं, जिन्होंने उनको विद्या-अध्ययन नहीं कराया।

(चाणक्य नीति)

विद्या अध्ययन कराने में जो माता-पिता व आचार्य शिष्यों का ताड़न करते हैं वे मानों अपने शिष्य को अपने हाथों से अमृत पिला रहे हैं।

(महाभारत)

जिनके शरीर में वीर्य नहीं होता वह नपुंसक, महा-कुलक्षणी और जिसको प्रमेह रोग होता है वह दुर्बल, निस्तेज, निर्बुद्धि, उत्साह, धैर्य, बल, पराक्रम आदि गुणों से रहित होकर नष्ट हो जाता है।

(दयानन्द सरस्वती)

ईश्वर मानव को बनाने वाला है। अतः वह स्वयं मानव नहीं हो सकता।

विज्ञान मनुष्य के सत्य को नहीं पा सकता क्योंकि वह ईश्वर की सत्ता में विश्वास नहीं करता। हमें समझना है कि ईश्वर कोई दिखाई देने वाली वस्तु नहीं, वह हम से बलवान कोई मानव नहीं, तो फिर ! ईश्वर, हमारी आत्मा के वे भाव है जो हमें सद् मार्ग पर ले जाते हैं।

सह शिक्षा से समाज का नैतिक पतन होगा। मित्र बनाओ परख कर के, परन्तु फिर भी विश्वास की हद बना लेनी चाहिए।

सीमा पर खेत गये वीरों की यदि आत्माओं को हम शान्ति नहीं दे सकें तो हम नीच हैं।

हम समस्त हिन्दुस्तानी स्वार्थी हैं, भारत मा की कपूत सन्तान हैं क्योंकि आज हम वर्तमान से सीखते हैं व भूतकाल पर व्यर्थ घमंड करते है।

(शिवरतन कश्यप 'छात्र')

प्रत्येक वस्तु, विचार आदि, अपनी सीमा रखते हैं। चाहे वे कैसे भी हों। उस सीमा का उल्लंघन कष्टदायक होता है।

(महात्मा कनफ्यूशियस)

खून बहा कर प्राप्त की गई स्वतन्त्रता प्यारी होती है बनिस्बत भीख मांग कर प्राप्त की गई स्वतन्त्रता से।

(नेताजी सुभाष चन्द्र बोस)

विद्यार्थी जीवन की सफलता का रहस्य

महेश कुमार स्वामी, कक्षा ७ ब

विद्यार्थी जीवन की सफलता को सही रूप से जानने से पहले हमें इसके उपयोगी पक्ष को ध्यान से समझने की जरूरत है। इतिहास के छात्र इस बात को भली-भांति जान सकते हैं कि हमारे जीवन विकास में आश्रम-प्रणाली का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। संयम और ब्रह्मचर्य विद्यार्थी जीवन की सफलता की सर्वप्रथम सीढ़ी रही हैं। इस जीवन क्रम के विकास में सादगी का स्थान भी किसी से कम नहीं आंका जा सकता। गुरुकुल में रहकर आचार्य के आशीर्वाद से विद्यार्थी का शिक्षा-क्रम तभी आरम्भ होता था, जबकि वह सेवा और संयम की कसौटी पर खरा उतरता था। स्वस्थ शरीर का निर्माण विद्यार्थी जीवन की सफलता का मूलाधार है, यह भी उस समय की आश्रम-व्यवस्था का महत्वपूर्ण नियम था। प्राकृतिक शोभा के लगातार निरीक्षण से भी उन्हें अपनी कल्पना-शक्ति को बढ़ाने का सुन्दर अवसर मिलता था। प्रखर बुद्धि छात्र ऐसी परिस्थिति का सम्पूर्ण रूप से लाभ उठाकर शास्त्रों का मनन कर सकने में सफल हो पाते थे।

विद्यार्थी जीवन की उपयोगिता पहले की तरह बनी रहे इसके लिए जरूरी है कि हम कुछ महत्वपूर्ण बातों को अपने दैनिक जीवन का प्रमुख अङ्ग ही नहीं मान लें बल्कि उन्हें कार्य रूप देने में भी जुट जायें। यह ठीक है कि आज का छात्र बदली हुई परिस्थितियों में रहते हुए पहले की तरह संयम और सादगी आसानी से निभा नहीं सकता फिर भी ऊंचा लक्ष्य सामने रखने से काफी अंशों में हम इन गुणों को अपने जीवन के सांचे में ढाल सकते हैं। सर्व प्रथम विद्यार्थी जीवन की [illegible] का रहस्य यही है कि वह समय की पाबन्दी का निर्वाह करने की कुशलता अपने [illegible] और [illegible] का बटवारा इस तरह से करे कि प्रतिदिन का काम आसानी से हो जाये। "काल करे सो आज कर, आज

करे सो अब'' की उक्ति को जीवन का अङ्ग बना ले तो सफलता प्राप्त करना उनके लिए आसान बन जाय ।

छात्रों के लिए यह जरूरी है कि जो कुछ पढ़ें उसका भली भांति मनन भी करें जिससे विषय-सामग्री समझने की कठिनाई भी सरलता से हल हो सकती है । आपस मे विचारों का आदान-प्रदान करने से भी इस विचार को बल मिलता है । प्राय: छात्र आलस्य के शिकार बनकर नकल की आदत को अपने जीवन का अङ्ग बना लेते हैं, जिससे उनकी बौद्धिक शक्ति ठीक ढंग से पनप नही पाती । खेल-कूद भी शारीरिक शक्ति के विकास मे बड़े सहायक हैं, यह भी ध्यान रखने की मुख्य बात है । आम तौर से अनेक छात्र पढ़ने मे जहा होशियार होते हैं, वहा शरीर से लाचार होते हैं । शारीरिक लाचारी के कारण वे जो कुछ सीखते हैं, उसे भी भूल जाते हैं । स्मरण-शक्ति को बढ़ाने के लिए यह जरूरी है कि हम सुबह खुली हवा मे घूमने जावें और सायंकाल अपनी रुचि के किसी खेल मे भाग लें। इस तरह के छात्र जहा शरीर के धनी बनते हैं, वहा योग्य विद्वान बनकर दूसरो को अपने बुद्धिबल से लाभ पहुचाते है ।

छात्रों को चाहिए कि देश की निरक्षरता को दूर भगाने के काम में बराबर साझीदार बनें, इसके लिए वे मजदूर वर्ग मे जाकर उन्हे साक्षर बनायें । छात्र अज्ञान का भूत भगाने के उपयोगी कार्य की पूर्ति में राष्ट्र हित की भावना से यदि काम करें तो देश की सारी उलझनें सुलझ जायें ।

वे जिस शाला मे पढ़ते हैं, उसकी सफाई में भी हाथ बटा सकते हैं । साफ-सुथरे स्थान पर बैठकर पढ़ने से भी मन मे प्रसन्नता आये बिना नही रहती । प्रसन्नता के वातावरण मे सुनी हर बात आसानी से समझ मे भी आ सकती है ।

जिस फर्नीचर पर हम बैठते हैं, वह राष्ट्र की दौलत है, इसे भी हमे ध्यान रखना चाहिये। उसकी टूट-फूट, यदि असावधानी से होती है तो हम राष्ट्र की बहुत बड़ी हानि करते हैं । योग्य छात्र बनने के लिए यह जरूरी है कि हम स्कूल की प्रत्येक सामग्री की रक्षा पूरी सावधानी से करें।

हमे केवल पुस्तकीय-ज्ञान पर ही निर्भर न रहकर दैनिक, मासिक पत्र-पत्रिकाओं के अध्ययन को भी अपनी दिनचर्या का अङ्ग बना लेना चाहिए ताकि हम 'कूप-मण्डूकता से छूट कर बुद्धि-बल के क्षेत्र मे आगे बढ़ सकें ।

शारीरिक और मानसिक दृष्टि से विद्यार्थी जीवन को उक्त गुणों के आधार पर ही उच्च बनाया जा सकता है ।

व्यावसायिक शिक्षा : कुछ निर्देश

श्री राजीवलोचन सानवाल

आजकल यह एक प्रकार की मनोवृत्ति सी बन गयी है कि मैट्रिक अथवा सैकण्डरी पास करते ही छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु युनिवर्सिटी अथवा कॉलिजो मे जाते हैं, चाहे इसके लिए उपयुक्त व्यावसायिक अवसर मिले या न मिले। वास्तव मे बहुत कम छात्र ऐसे होते है जो उच्च शिक्षा के उपयुक्त होते हैं। यदि उच्च शिक्षा के अनुपयुक्त छात्र किसी टेक्नीकल पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण प्राप्त करें तो भविष्य मे उपयुक्त व्यवसाय प्राप्त हो सकता है। ऐसी अवस्था मे शिक्षित बेकारो की संख्या मे कमी हो जाएगी। यहां मैं यह बता देना उपयुक्त समझता हू कि टेक्नीकल पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र दूसरे व्यवसायो मे जाने वाले छात्रो से किसी प्रकार कम नही रहते क्योंकि टेक्नीकल शाखाओ मे जाने वाले छात्र हाई स्कूल या हायर सैकण्डरी के बाद एक से तीन साल का प्रशिक्षण प्राप्त कर अच्छा रोजगार व वेतन पा सकते है जबकि बिना उद्देश्य के कालेजो मे पढने वाले छात्र ४ या ६ वर्ष व्यतीत कर लेने के बाद भी क्लर्क बनते दिखाई देते है। हा ऐसे स्नातको को केन्द्रीय व राज्य सरकारो की उच्च नौकरियो के लिए प्रतियोगी परीक्षा मे बैठने का अवसर अवश्य प्राप्त हो जाता है परन्तु बहुत कम मेधावी छात्र ही ऐसे स्थानो के लिए उपयुक्त पाए जाते हैं। अत: उनके लिए क्लर्कों की सम्भावना ही अधिक रह जाती है। डाक्टरी और इंजिनियरिंग आदि व्यवसायो के लिए भी उच्च कोटि के छात्रो की आवश्यकता होती है और खर्च भी अधिक उठाना पड़ता है जो प्रत्येक बालक के माता-पिता के लिए सम्भव नही।

स्वतन्त्रता के उपरांत देश मे टेक्निशियनो व विशेष शिक्षा-प्राप्त लोगो की विशेष मांग है। हमारी केन्द्रीय व राज्य सरकारें तेजी के साथ जगह-जगह प्रशिक्षण केन्द्र खोल रही है जिससे उचित प्रशिक्षण प्राप्त कर ये कामगार राष्ट्र की बढ़ती हुई माग को पूरा कर सकें और अपने लिए उपयुक्त

व्यवसाय भी चुन सकें।

बालको ! हमारे चारों ओर भिन्न-भिन्न व्यवसायों का एक विशाल समुद्र है परन्तु अनभिज्ञता के कारण उपयुक्त व्यवसाय का चुनाव सम्भव नहीं होता। वैसे तो विषयों का चुनाव करते समय वैसे ही व्यवसाय में जाने के बारे में सोचना होता है। उस समय तुम्हारी बुद्धि परिपक्व नहीं होती अतः प्रत्येक ग्रुप के छात्रों के लाभ हेतु सूचना दे रहा हूं:—

[१] मानवीय—मानवीय ग्रुप लेने वाले छात्र वकील, उच्च राजकीय सेवाओं में अफसर, पुस्तकालयाध्यक्ष, अध्यापक आदि बन सकते हैं। जो छात्र आगे पढ़ने में असमर्थ हैं वे लिपिक, अध्यापक, छोटे पुस्तकालयों के पुस्तकालयाध्यक्ष बन सकते हैं।

[२] विज्ञान—इस वर्ग के छात्र उच्च शिक्षा पाकर अनुसंधानकर्ता, औद्योगिक, वैज्ञानिक, चिकित्सक, इन्जीनियर आदि बन सकते हैं। परन्तु वे छात्र जो आगे पढ़ने असमर्थ हैं २-३ साल का आवश्यक प्रशिक्षण पाकर ओवरसियर, टर्नर, फिट मेकेनिक, ड्राफ्ट्समैन, कम्पाउन्डर, नर्स, अध्यापक आदि बन सकते हैं।

[३] वाणिज्य—इस वर्ग के छात्र उच्च शिक्षा द्वारा कर-सलाहकार, एकाउंटेन्ट, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट, लेखा-परीक्षक, बैंक मैनेजर, अर्थशास्त्री, अध्यापक आदि बन सकते हैं। अपना शिक्षण समाप्त कर देने वाले छात्र व्यापारी, विक्रेता, लिपिक आदि बन सकते हैं।

इन वर्गों के अलावा ४ ग्रुप और हैं परन्तु इनके अध्ययन की सुविधा हमारे स्कूलों में नहीं है

उपर्युक्त सूचना दे देने के बाद तुम अपने भविष्य के बारे में अवश्य सोचोगे और अपने लिए उपयुक्त व्यवसाय की योजना बनाओगे। परन्तु व्यवसाय का चुनाव सिर्फ भावावेश में ही नहीं करना है इसके लिए जैसा कि मैंने तुम्हें बताया है तुम्हें अपनी योग्यता, रुचि, सामर्थ्य, साधन व अपनी कमजोरियों आदि को ध्यान में रख कर करना होगा। अतः मैं तुम्हें कुछ ऐसी बातें भी बतलाना चाहता हूं जिनको तुम्हें अपने व्यवसाय का चुनाव करते समय ध्यान में लाना होगा।

१. तुम्हारी रुचि कौन-कौन से विषयों के पढ़ने में है ?

२. तुम्हारी भिन्न-भिन्न विषयों में क्या योग्यता है अर्थात् भिन्न-भिन्न विषयों में तुम्हें कितने अंक प्राप्त होते हैं ?

३. तुम्हारी बुद्धि किस प्रकार की है ? कौन-कौन से विषयों के समझने में तुम्हें कठिनाई होती है ?

४. तुम्हारे घर की परिस्थिति किस प्रकार की है ? जो विषय तुमने लिए हैं उनके लिए

तुमने अपने व्यवसाय की क्या योजना बनाई है ? उसके लिए क्या तुम्हारे माँ-बाप खर्च उठा सकेंगे ?

५. तुम्हारे पिता तुम्हें किस व्यवसाय में भेजना चाहते हैं व तुम से क्या आशाएं रखते हैं ?

६. तुम्हारा स्वभाव कैसा है ? क्या तुम लोगों से मिलना जुलना पसन्द करते हो अथवा तुम्हें अकेले काम करना अच्छा लगता है ?

७. तुम्हारा स्वास्थ्य किस प्रकार का है ? जिस व्यवसाय में तुम जाना चाहते हो क्या तुम्हारा स्वास्थ्य उस व्यवसाय के अनुकूल साबित होगा ?

बिगुलची

प्रकाश चन्द्र वर्मा, १० द

एक बिगुलची किसी युद्ध में पड़ा शत्रु के हाथ,
शत्रु उसे ले गये पकड़ कर बड़े गर्व के साथ।
मार डालने को उसको जब वे सब थे तैयार,
तब वह हाथ जोड़ कर उनसे करने लगा पुकार -
सबल शत्रु के दल के सारे सेनापति सरदार !
मैंने क्या अपराध किया है मुझे न तुम यों मारो
चाकू और छुरी भी मेरे पास नहीं होती थी,
मैंने रण में भूल से भी हत्या की न किसी की,
मैं तो था सेना में केवल बिगुल बजाया करता था,
लड़ने वालों में लड़ने का भाव जगाया करता था।
फिर किस लिए मारते हो तुम,
अभयदान मुझ को दो तुम।
उसे मारने वाले बोले उसकी बातें सुनकर,
यह सच है सेना में था तू सबसे बढ़कर।
तू खुद शस्त्र नहीं लेता था औरों को उकसाता,
हारे थके हुए वीरों में भर जोश उत्साह।
सो लड़ने वालों से ज्यादा करता था तू काम
इसलिए हमको करना है तेरा काम तमाम।

अविस्मरणीय घटना—

धानमंडल रेल दुर्घटना

छाया एवं लेख : महेश स्वरूप भटनागर

कभी-कभी मानव मस्तिष्क में ऐसे विचार आ जाते हैं जिनका मूल्यांकन किया जाए तो स्वस्थ चिंतन की दृष्टि से ये कभी भी उत्तम नहीं कहे जा सकते। यह समझ कर कि ऐसे विचारों को मस्तिष्क में नहीं आने देना चाहिये, वह यदि इन विचारों को भूलने का प्रयत्न करता है तो ये विचार उसके अचेतन मस्तिष्क में जाकर प्रायः सुप्त हो जाते हैं। बचपन में जब कभी मैं किसी रेल दुर्घटना का समाचार सुनता तो मेरे मन में बड़ा कौतूहल जगता और भांति-भांति के विचार आने लगते। कभी-कभी तो यह इच्छा प्रबल हो जाती कि जब कभी मैं किसी रेलगाड़ी में यात्रा करूं तो वह दुर्घटनाग्रस्त हो जाय ताकि मैं स्वयं दुर्घटना के प्रभावों को अनुभव कर सकूं। दूसरे ही क्षण यह विचार प्रबल होने लगता कि यदि रेल दुर्घटना भयंकर हुई और मुझे कुछ हो गया तो···तभी तीसरा विचार समन्वय करने लगता कि रेल दुर्घटना तो हो परन्तु मेरा कुछ न बिगड़े। यह जानते हुए भी कि नैतिक दृष्टि से यह विचार निंदनीय है फिर भी यह मेरे मस्तिष्क में प्रबल होता गया। इसके बाद मैंने अनेक रेल यात्रायें सफलतापूर्वक की और उपर्युक्त विचार मेरे अचेतन मस्तिष्क में जाकर लुप्तप्रायः सा हो गया।

परन्तु कुछ वर्षों बाद······१६ अक्टूबर १९६३ को प्रतिदिन की भांति ८ डाउन पुरी एक्सप्रेस उड़ीसा के खेतों-खलिहानों को पार करती हुई तीव्र गति से अपनी मंजिल की ओर बढ़ी आ रही थी। इसी गाड़ी के एक सैकिंड क्लास के जनाने डिब्बे के फर्श पर मैं करवटें बदल रहा था। नींद उचाट चुकी थी। मैं उठ बैठा और आखें मलकर खिड़की की ओर देखा तो ज्ञात हुआ कि पौ फटने वाली है। इससे पहले कि मैं मुंह-हाथ धोने उठूं, मेरे मस्तिष्क में वे सारे दृश्य तेजी से घूम

गये जिनके कारण मुझे पिछली रात असीम कठिनाइयों का सामना करना पड़ा – जैसे हावड़ा स्टेशन पर पुरी एक्सप्रेस में अत्यधिक भीड़ होने के कारण थर्ड क्लास में जगह न मिलना, स्लीपिंग कोच में जगह न मिलना, (यद्यपि मेरा नाम वेटिंग लिस्ट में था), थर्ड क्लास के टिकट को सैकिंड क्लास में परिवर्तन करने के बाद भी रात के एक बजे तक खड़े-खड़े यात्रा करना, और [illegible] टी० टी० ई० महोदय से खाली पड़े सैकिंड क्लास के जनाने डिब्बे में बैठने की याचना करना और उनका अनुमति देना इस शर्त पर कि यदि कोई महिला यात्री आई तो हमें डिब्बा खाली करना होगा। ईश्वर का शुक्र है कि कोई महिला-यात्री उस जनाने डिब्बे में नहीं आई और अपनी कमर सीधी करने का मौका मिल गया।

मैं इन्हीं विचारों में डूबता-तैरता उठने की सोच ही रहा था कि [illegible] कि गाड़ी की गति तीव्रता से कम हो रही है। मैंने सोचा गाड़ी को शायद किसी [illegible] है। तभी एकाएक एक जोर का झटका हम सबको लगा। ऊपर की ओर [illegible] सामान फर्श पर आ गिरा। सुराही लुढ़क गयी और उसका पानी फर्श पर [illegible] पर सोने वाले सज्जन नीचे गिरने से बाल-बाल बचे। हम इस [illegible] पाये थे कि लगातार तीन-चार झटके और लगे और गाड़ी एकदम ठप सी होकर रुक गई। मैंने सोचा ड्राइवर ने शायद किसी की जान बचाने के लिये एकदम ब्रेक लगा दिये हैं। मैंने खिड़की से बाहर झांका तो सवेरे के झुटपुटे में कुछ भी मालूम नहीं पड़ा। थोड़ी ही देर में मुझे एक सज्जन दिखाई पड़े। मैंने उनसे गाड़ी रुकने का कारण जानना चाहा। "राम-राम! हरे-हरे!" उन्होंने घबराये स्वर में कहा। पूरक प्रश्न करना मैंने बेकार समझा और स्वयं घटनास्थल की ओर भागा गया। जो दृश्य मैंने वहां देखा उसे देख कर मैं दंग रह गया। पुरी एक्सप्रेस

का इंजन पटरी से उतर कर दुर्घटनाग्रस्त हो चुका था। इंजन के [illegible] तरह से जमीन में धस चुके थे। इंजन का [illegible] बाहर घुसा हुआ था। पार्सलयान व अन्य तीन-चार सवारी डिब्बे [illegible] हो कर रेल पटरी छूट कर अलग अलग पड़ी हुई थी। [illegible] करने के लिए हावड़ा स्टेशन पर मैं कई बार उसे [illegible] और उसका [illegible] ऊपर उठ गया था। [illegible] के इंजन को [illegible] हल्की टक्कर मार चुका था। इस दुर्घटना में [illegible] हो गया। कुछ व्यक्तियों के मामूली चोटें आई।

[illegible]

(SCIENCE - SECTION)

"Science and Art belong to whole world and before them vanishes the barriers of nationality".

—GOTHE

"Science, in other words knowledge, is not the enemy of religion, for if so, religion would mean ignorance."

—O. W. HOLMES

"The study of Science teaches young man to think, while the study of classic teaches them to express thought".

—J. S. MILL.

ड्राइवर की होशियारी की दाद दे रहा था तो कोई ईश्वर को धन्यवाद । यह भी अखबार में तो ई० एम० एम० और पाइट्समैन फरार हो चुके है । किसी को भी दुर्घटना का कारण समझ में नहीं आ रहा था। यह दुर्घटना दक्षिण-पूर्वी रेल्वे के धानमडल रेल्वे स्टेशन के यार्ड में हुई। यह स्टेशन बहुत छोटा है तथा मद्रास हावडा मुख्य लाइन पर कटक के निकट स्थित है। मेल और एक्सप्रेस इस पर नहीं ठहरतीं। पुरी एक्सप्रेस को इस स्टेशन से रनिंग थ्रू पास होना था। परन्तु एक मालगाडी का शटिंग होने के कारण, एक्सप्रेस के ड्राइवर ने सतर्कता बरतते हुए गाडी की स्पीड काफी कम करली थी। यदि यह सतर्कता नही बरती जाती तो सभवत यह दुर्घटना बहुत भयंकर हुई होती।

दोपहर तीन बजे दूसरी गाडी से हम पुरी के लिए रवाना हुए। जब हमारी गाडी कटक के प्लेटफार्म पर आकर रुकने लगी तो पास खडी मद्रास हावड़ा मेल के यात्री हमें घूर-घूर कर देखने लगे, मानो हम इन्सान न हो, किसी प्रदर्शनी में रखे एग्जिबिट्स् हों।

कन्हैयालाल जोशी, कक्षा १० ब

पचशील शब्द का प्रयोग हमारे देश मे प्राचीन काल से ही होता चला आ रहा है। इसका उल्लेख बहुत-से ग्रन्थो मे मिलता है। इसका पहली बार प्रयोग महात्मा बुद्ध ने उस समय किया था जब वे अपने शिष्यों को नीति तथा सदाचार का मार्ग-प्रदर्शन कर रहे थे।

राजनीति मे इस शब्द का प्रयोग सबसे पहले इण्डोनेशिया के राष्ट्रपति डा० सुकर्ण ने किया था। सन् १९४५ के आस-पास, दूसरे महायुद्ध के समय इण्डोनेशिया परतन्त्र था। यहा डच लोगों का राज्य था परन्तु जापान ने इस पर अधिकार कर लिया। इसी समय डा० सुकर्ण ने इण्डोनेशिया के लोगों से राष्ट्रीय एकता की अपील करते हुए पंचशील शब्द का प्रयोग किया था।

सन् १९५४ मे भारत के स्व० प्रधान मन्त्री श्री जवाहर लाल नेहरू ने पचशील और उसके सिद्धान्तों पर अत्यधिक बल दिया। उस समय चीन के प्रधान मन्त्री चाऊ-एन-लाई भी भारत में आए हुए थे। इस सिद्धान्त को उस समय चीन ने भी स्वीकार किया।

चाहे जैसे भी यह शब्द प्रकाश मे आया हो, अन्तर्राष्ट्रीय जगत में इसका महत्व सर्वाधिक है। वास्तव मे भारत की विदेश-नीति ही पचशील के सिद्धान्तों पर आधारित है।

(SCIENCE - SECTION)

"Science and Art belong to whole world and before them vanishes the barriers of nationality".

—GOTHE

"Science, in other words knowledge, is not the enemy of religion, for if so, religion would mean ignorance."

—O. W. HOLMES

"The study of Science teaches young man to think, while the study of classic teaches them to express thought".

—J. S. MILL.

सम्पादकीय

ऊर्जा और उसका नवीन स्रोत 'परमाणविक विघटन'

साधारण बोलचाल की भाषा में ऊर्जा और शक्ति
दूसरे के पर्याय समझ कर प्रयोग किये जाते हैं
भौतिकी में इन दोनों का अपना-अपना विशिष्ट अर्थ है।
अभिकर्ता में ऊर्जा अधिक परन्तु शक्ति कम हो सकती है।
विपरीत किसी अन्य अभिकर्ता के कार्य करने की दर को
(Power) कहते हैं। कोई वस्तु किसी प्रामाणिक अवस्था में आने से
अथवा किसी निश्चित परिवर्तन होने से पूर्व, वह कुल कितना
कर सकती है, इस कार्य करने की क्षमता को ऊर्जा (Energy)
हैं। निम्न उदाहरण से दोनों में अन्तर स्पष्ट हो जायगा।

रामू एक घंटे में दो कमरों की पुताई कर देता है और इसी दर से एक दिन में छ कमरों
पुताई करने के बाद वह थक जाता है। किसना एक घंटे में एक ही कमरे की पुताई कर पाता है प
इसी दर से वह एक दिन में आठ कमरों की पुताई करने के बाद थक जाता है। इससे स्पष्ट होता है
रामू के कार्य करने की दर (शक्ति) किसना से अधिक है। परन्तु जहां तक ऊर्जा का प्रश्न है
किसना में अधिक है।

ऊर्जा क्या है ?

ऊर्जा कोई पदार्थ नहीं है। यह न तो स्थान घेरती है, न ही इसका कोई रंग रूप होता है
...का अस्तित्व किसी पदार्थ के साथ ही होता है। बिना ऊर्जा के कोई क्रिया संभव नहीं है। एक ऊ
...र्जा ऊर्जा में परिवर्तित भी की जा सकती है। ऊर्जा अविनाशी है तथा एक पदार्थ से दूसरे पदा

मे स्थानान्तरित भी की जा सकती है। जैसे एक गतिशील गेंद दूसरी गेंद से टकराती है तो अपनी कुछ ऊर्जा उसे दे देती है। परिणामस्वरूप दूसरी गेंद भी गतिशील हो जाती है। गतिज के अलावा ताप, विद्युत, प्रकाश भी ऊर्जा के रूप है।

ऊर्जा के स्रोत

सूर्य, ऊ. का मुख्य स्रोत है। इसी के ताप से समुद्र का पानी भाप बन कर उड़ जाता है, जिससे बादल बनते है और वर्षा होती है। इसी के ताप के कारण हवाये बहती है। आज जो हम कोयले की बड़ी-बड़ी खानों का उपयोग कर रहे है, वे पहले पृथ्वी के तल पर घने विशाल जंगल रहे होंगे, जो बाद मे पृथ्वी मे दब गये। सूर्य के ताप ने ही इन विशाल जंगलो को जन्म दिया था। बड़े-बड़े कल-कारखानों एवं उद्योगों मे कोयला ईंधन के रूप में प्रयुक्त किया जाता है। परिवहन के अधिकांश साधनो मे पेट्रोल प्रयुक्त किया जाता है। विद्युत के प्रयोग का प्रचलन भी बढ़ता जा रहा है। परन्तु विद्युत उत्पादन के लिये ईंधन के रूप मे कोयले की आवश्यकता पड़ती है या बड़े-बड़े बांधो के पानी की स्थितिज ऊर्जा का उपयोग करना पड़ता है। जिस गति से कोयला और पेट्रोल की खपत में वृद्धि होती जा रही है उसको देखते हुए बहुत से वैज्ञानिको ने चिंता व्यक्त की है कि पृथ्वी के इन खनिज भंडारों के समाप्त होने पर क्या होगा। उनकी यह चिंता अब दूर होती जा रही है। अब वैज्ञानिकों ने ऊर्जा का नवीन स्रोत प्राप्त कर लिया है और वह है परमाणविक विघटन। इसमे परमाणु के नाभिक (Nucleus) को विदीर्ण कर के न्यूक्लियर ऊर्जा प्राप्त की जाती है।

परमाणविक विघटन

ब्रह्मा, विष्णु और महेश ये तीनों देव भारतीय धार्मिक विचारधारा के अनुसार सृष्टि का संचालन करते है। यदि मैं यों कहूं कि प्रोटोन, इलैक्ट्रोन और न्यूट्रॉन विज्ञान जगत मे पदार्थों की बनावट, गुण और व्यवहार का संचालन करते हैं तो कोई अतिशयोक्ति न होगी। प्रत्येक तत्व अति सूक्ष्म कण परमाणुओं से मिलकर बना होता है। विज्ञान के छात्र जानते हैं कि परमाणु की रचना सौर-मंडल जैसी ही है। न्यूट्रॉन और प्रोटोन परमाणु के नाभिक में स्थित होते हैं। नाभिक के चारों ओर कुछ इलैक्ट्रोन विभिन्न कक्षों मे चक्कर लगाते हैं। इलैक्ट्रोन एक दूसरे से काफी दूर होते हैं अतः परमाणु का अधिकांश स्थान रिक्त रहता है। एक औसत परमाणु का व्यास एक इंच का २० करोड़ का भाग तथा नाभिक का व्यास, परमाणु के व्यास का १० हजार का भाग होता है। परमाणु का लगभग सारा द्रव्य उसके नाभिक मे ही स्थित होता है। यह द्रव्य इतना घना होता है कि यदि किसी तरह इसको एक बूंद जितना एकत्रित कर लिया जाय तो इसका भार २० लाख टन के बराबर होगा। इससे स्पष्ट हो जाता है कि इतने सघन द्रव्य को एक छोटे से नाभिक मे बांध कर रखने के लिये अत्यधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है।

यह ज्ञात किया जा चुका है कि यूरेनियम का आइसोटोप यू-२३५ का नाभिक न्यूट्रोनों की बौछार द्वारा अथवा किन्हीं विशेष परिस्थितियों में कॉस्मिक किरणों की बौछार द्वारा विदीर्ण किया जा सकता है। इससे नाभिक के टुकड़े छोटे परमाणुओं के नाभिक बन जाते है। मुक्त हुए न्यूट्रॉन, दूसरे परमाणु के नाभिक को विदीर्ण करने लगते है और इस प्रकार एक शृंखलाबद्ध प्रतिक्रिया शुरू हो जाती

है। यदि नाभिक के सारे टुकड़ों को जोड़ कर एकत्रित करके उनकी संहति ज्ञात करें तो वह मूल परमाणु की संहति से कम बैठती है। इसका तात्पर्य यह है कि द्रव्य का कुछ अंश ऊर्जा में परिणत हो गया।

एलबर्ट आइन्स्टीन के अनुसार द्रव्य ऊर्जा में तथा ऊर्जा द्रव्य में बदली जा सकती है। आइन्स्टीन के सूत्र $E=MC^2$ द्वारा ऊर्जा की गणना भी की जा सकती है। (E=ऊर्जा, M=संहति ग्राम में, C= प्रकाश वेग से० मी० प्रति सैकिंड में)।

द्रव्य को अभी तक पूरी तरह से वश में नहीं किया जा सका है। परमाणविक विघटन प्रक्रिया में किसी नाभिक का लगभग हजारवां भाग ही नष्ट होता है। मुक्त हुई ऊर्जा का कुछ अंश विकरणों में परिणत हो जाता है। ये विकरण मनुष्य के लिये घातक है। इसलिये परमाणविक विघटन एक विशेष प्रकार की बनी भट्ठी में किया जाता है। इन्हें 'एटोमिक रिएक्टर' कहते हैं। भारत में अब तक तीन परमाणु भट्ठियां स्थापित हो चुकी हैं। परमाणु बिजलीघर भी स्थापित होते जा रहे हैं। इस संबंध में बम्बई के निकट तारापुर का नाम उल्लेखनीय है।

—महेश स्वरूप भटनागर

विज्ञान के आधार स्तम्भ

★★ मैडम क्यूरी (१८६७-१९३४), फ्रांस ने अपने पति प्रो० क्यूरी के साथ मिलकर "रेडियम" का आविष्कार किया जिसने संसार के वैज्ञानिकों के लिए एक नवीन क्षेत्र खोल दिया। रेडियम संसार का सबसे महत्त्वपूर्ण व महंगा पदार्थ है जिससे कैंसर जैसे असाध्य रोगों का इलाज होता है।

★★ सर जगदीश चन्द्र बसु (१८५८-१९३७), भारत ने सिद्ध किया कि प्रकाश और विद्युत तरंगें एक-सी ही होती हैं। आपने एक "क्रैस्कोग्राफ" का आविष्कार किया जिससे वृद्धि को एक करोड़ गुना करके देखा जा सकता है। इस यंत्र की सहायता से आपने यह बताया कि पशु और पौधों पर बाह्य उत्तेजक प्रभाव एक-सा ही होता है। आप भारत की महानतम विभूतियों में से एक थे।

—[illegible] शर्मा, ११ [illegible]

भू-उपग्रह - टेलिस्टार

अशोककुमार जोहर, कक्षा ११ 'स'

टेलिस्टार एक ऐसा भू-उपग्रह है जो भूमडल मे ३,००० मील पर अन्तरिक्ष मे पृथ्वी पर अतलान्तक महासागर के आर-पार वाणी वायरलेस और टेलिविजन सदेश प्रसारित करने में समर्थ सिद्ध हुआ है। 'टेलिस्टार' अमेरिका मे व्यावसायिक उपयोग के लिए तैयार किया गया संसार का प्रथम भू-उपग्रह है। यह विज्ञान का एक नया करिश्मा है जिसमे कई प्रकार के यन्त्र लगे हुए हैं। यह स्वयं कार्य करता है।

इस उपग्रह का व्यास ३४.५ इंच और वजन १७० पौंड है। यह अल्यूमीनियम और मैग्नीशियम का बना हुआ है। यह १५७.८ मिनट मे पृथ्वी की एक परिक्रमा पूरी करता है। पृथ्वी से इसकी अधिकतम दूरी ३,५०२ मील और निकटतम दूरी ५१३ मील है।

किसी उपग्रह को वायुमण्डल मे भेजने के लिए ऐसे उपाय उपयोग मे लाना चाहिए जिससे वह अपने निर्धारित ग्रह मार्ग में पहुंच सके।

टेलिस्टार एक ओर से एक साथ ६०० टेलिफोन सदेश, एक टेलिविजन प्रसारण और ६०० दुतरफी टेलीफोन वार्ताएं प्रसारित कर सकता है। इसकी शक्ति का अन्दाजा तब लगता है जब हम इसकी क्षमता की तुलना पृथ्वी पर स्थित वर्तमान उपकरण से करते हैं जो केवल १२ टेलीफोन वार्ताएं ग्रहण कर सकता है।

'टेलिस्टार' एक ऐसा संचार भू-उपग्रह है जो न केवल माइक्रोवेव द्वारा पृथ्वी को रेडियो सकेत प्रेषित कर सकता है बल्कि वह उनकी शक्ति को अरबो गुणा बढ़ा भी सकता है। यह पहले रेडियो और टेलीविजन सकतों को ग्रहण कर लेते हैं। उनकी शक्ति को बढ़ाकर पुनः पृथ्वी पर बने सकेत केन्द्रों की ओर प्रसारित करता है।

बड़े पैमाने पर इसका उपयोग ११ जुलाई १९६२ को किया गया। इस दिन राष्ट्रपति प्रेसिडेंट कैनेडी के प्रेस-सम्मेलन के दृश्य पश्चिम यूरोप के दर्शकों के लिए टेलिविजन द्वारा प्रसारित किये गये। यूरोप के सोलह देशों में चित्र में प्रेसिडेन्ट दिखाई दिये और उनकी आवाज बिल्कुल स्पष्ट सुनाई दी।

'टेलिस्टार' की अद्भुत सफलता को देखते हुए अब ३० से लेकर ५० कृत्रिम उपग्रहों की एक श्रृंखला पृथ्वी से हजारों मील ऊपर स्थापित की जायगी। वह समय दूर नहीं जब संसार के एक स्थान से दूसरे स्थान तक टेलीफोन, टेलीविजन, टेलीग्राफ तथा इसी प्रकार की अन्य सूचनाएं सुगमतापूर्वक प्रसारित की जायेंगी।

ऑफ मैथेमैटिक्स

राधा शरण शर्मा, कक्षा ११ 'ब'

मैथेमटिक्स क्या ले ली हमने,
आफत ले ली एक भयंकर।
मगर हमें तो टकराना था,
सपने इंजिनियरी के लेकर॥

प्रथम आया लोअर ऐल्जैबरा,
जैसे लम्बी गर्दन का हो जैबरा।
जोड़ी की ज्योमेट्री आई,
उसने आकर डांट लगाई॥

फिर आया हायर ऐल्जैबरा,
वह फिर पीछे क्यों रहने का।
उसने भी झट शादी की और,
साथ दिया पद कोर्डीनेट का॥

आपस में लड़ाई चलने लगी,
हायर एल्जैबरा कम क्यों रहने का था।
दूसरी शादी झट उसने की,
नई का नाम ट्रिगनोमेट्री रखना ही था॥

पांचों ने मिलकर राज्य किया,
लड़कों के छक्के छुड़ा दिये।
तबाह कर दिया पूरी क्लास को,
आर्ट्स लेने को मजबूर किया॥

मन के मोदक तो खा ही लिये,
हायर सैकण्ड्री करना होया दूभर।
एक वर्ष बरबाद गया,
इंजीनियर होना तो दूर रहा॥

आर्किमिडीज के संबन्ध में

कुंवर मोहनसिंह चौहान, कक्षा ९ 'स'

इटली देश के दक्षिण में सिसली नाम का एक द्वीप है। यहाँ एटना नामक एक बड़ा भारी ज्वालामुखी पर्वत है। यहाँ बहुधा भूचाल आया करते हैं। सन् १६०८ में भूचाल ने मेसिना नगर को नष्ट-भ्रष्ट कर दिया। सिरेक्यूज सिसली का सबसे बड़ा नगर था। पुराने समय में इस नगर में करीब २५-३० लाख मनुष्य रहते थे। आर्किमिडीज का जन्मस्थल यही था, इसका जन्म ईसा से ३०० वर्ष पूर्व हुआ। आर्किमिडीज इस नगर के नृपति का दोस्त था। यह बड़ा धन-धान्य से सम्पन्न व बुद्धिमान था। आर्किमिडिज संसार के भोग-विलासों को नहीं चाहता था। उसकी अभिरुचि विज्ञान की ओर आकर्षक थी।

आर्किमिडीज ने जहाज के निर्माणकर्ता व मल्लाहों को बहुत वजन उठाते देखा। उसने मन में विचारा और सोचा कि बिना अधिक जोर लगाये भारी वजन को उठाया जा सकता है? आर्किमिडीज ने बतलाया कि यदि आलम्ब से वजन तक की दूरी कम कर दी और आलम्ब से बल की दूरी बढ़ा दी जाय तो हम बहुत कमजोर लगाने से ही अधिक भारी वजन आसानी से उठा सकते हैं। आर्किमिडीज ने कहा-यदि कोई लम्बा उत्तोलक तैयार कर सकें तो कोई वजन नहीं जो नहीं उठाया जा सकता। उसने यह बात अपने मित्र सिरेक्यूज नरेश को बतलाई और यदि आप मुझे मजबूत व लम्बा उत्तोलक एवं पृथ्वी से अलग कहीं स्थिर होने के लिए स्थान दें तो मैं पृथ्वी को भी उठा सकता हूं।

एक बार राजा ने जो उसका मित्र था, एक सुनार को कुछ सोना मुकुट बनाने के लिये

दिया। कई दिनों उपरान्त मुकुट बनकर तैयार हो गया। अब राजा ने उस मुकुट को तोला, उसका वजन उतना ही था जितना उसने उसे सोना दिया था। किसी अन्य व्यक्ति ने राजा से कहा, इसमे सुनार ने कुछ चाँदी मिलादी है और उतना सोना अपने पास रख लिया है। राजा बड़ा न्यायप्रिय था। उसने बिना इसके प्रमाणित हुए कि इसमे चाँदी का अंश है सुनार को अथवा किसी को भी दंड देना उचित नहीं माना।

राजा ने वह मुकुट अपने मित्र आर्किमिडीज को दिया और कहा कि यह पता लगाओ कि इसमें चाँदी है या नही। उसने स्वीकार तो कर लिया लेकिन अब इसका हल उसे सूझता ही नही था। क्योंकि मुकुट बड़ा सुन्दर व सोने ही का लग रहा था। उसने चाँदी और सोने के एक समान आयतन के दो गोले बनाये और उनको तोला तो ज्ञात हुआ कि सोने का वजन चाँदी से दुगुना है। उसने सोचा मुकुट को गलाकर वर्गाकार रूप मे ढाल दिया जाय और उतने ही वजन का शुद्ध सोना गलाकर ढाल दिया जाय तो मालूम हो सकता है कि इसमे मिलावट है या नही क्योंकि चाँदी हल्की होती है। लेकिन उसने सोचा मुकुट की जो यह सुन्दर कलामय बनावट है वह जाती रहेगी, इसलिये उसने एक दूसरा उपाय सोचा। आर्किमिडीज ऐसी आदत थी कि जब तक वह किसी समस्या का हल नही खोज लेता तब तक उसका पीछा नही छो और न ही कोई अन्य बात को अपने उन्नत मस्तिष्क मे प्रवेश करने देता। एक बार वह पानी से लब भरे टब मे स्नान करने घुसा तो पानी बाहर निकलने लगा। जब वह स्नान कर बाहर निकला तो टब रिक्त हो गया। उसने अपने आयतन के बराबर पानी हटा दिया था। इसी समय उसके मस्तिष्क आकस्मिक विचार पैदा हुआ। वह इस आवेश में बिना अपने शरीर को पोंछे और नंगा ही अपनी म मे युरेका, युरेका (पा लिया) चिल्लाता हुआ घर दौड़ा।

घर आने पर उसने एक बर्तन मे ऊपर तक पानी भर लिया और मुकुट को धागे बाँधकर उसमे लटकाया। इससे कुछ पानी बर्तन से बाहर निकल गया और बर्तन कुछ खाली हो गय अब उसने नापने जार से बर्तन को पहले जितना ही ऊपर तक भरा। इस प्रकार उसने पता लगाया मुकुट का आयतन कितना है क्योंकि वस्तु अपने आयतन के बराबर द्रव हटाती है। अब उसने मुकुट के व के समान सोने और चाँदी के गोले बनवाये और उन दोनों गोलों को अलग २ पानी मे डालकर देख सोने के गोले ने कम और चाँदी के गोले ने अधिक पानी हटाया। क्योंकि चाँदी हल्की होती है, और मोने के गोले के वजन के बराबर थी इससे उसका आयतन सोने के गोले से अधिक था, अतः उसने अधि पानी हटाया। अब आर्किमिडीज ने मुकुट को पानी मे डाला तो देखा कि मुकुट ने सोने के गोले से अधि व चाँदी के गोले से कम पानी हटाया। इससे सिद्ध हो गया कि मुकुट में चाँदी की मिलावट है।

इसके बाद उसने अनेक गोले बनाये जिनमे सोने, चाँदी की विभिन्न मात्राएँ थीं पर उ समस्त गोलों का वजन उस मुकुट के वजन के बराबर था। उन सभी को एक एक करके पानी मे डाल उनमे से उसे एक ऐसा गोला मिला जिसने मुकुट के बराबर पानी हटाया। उसे पता था कि इस गोले सोने व चाँदी की इतनी मात्रा है। वह तुरन्त राजा सिरेक्यूज के पास गया और कहा मैं बता सकता कि इस मुकुट मे कितनी चाँदी है व कितना सोना उस सुनार ने चुराया है। इससे राजा बहुत प्रसन्न हुआ और उसे धन्यवाद के साथ पुरस्कार प्रदान किया। इस प्रकार उसने वस्तुओं का आपेक्षिक घनत्व मा करने का नवीन सिद्धान्त निकाला। इन प्रयोगों द्वारा उसने बतलाया कि जब कोई वस्तु पूरी २ द

रने पर हम यह जान सकते है कि इलेक्ट्रोन सरल रेखा मे गमन करते है। क्योकि चमकदार क्षेत्र की आक धनाग्र की प्लेट है, और उसमे एक त्रिभुजाकार छिद्र है। जब विद्युत का प्रवाह शुरू किया जाता है तो, नाग्र प्लेट के सामने की काँच की दीवार पर एक चमकदार क्षेत्र दिखायी देता है जो कि धनाग्र के परीत दिशा में है और उसका आकार भी त्रिभुजाकार होता है। अत यह सिद्ध होता है कि किरणें रल रेखा में गमन करती है।

प्रयोग ३. इस प्रयोग मे भी प्रयोग नम्बर २ वाला उपकरण ही काम आता है। इसमे यह न्तर होता है कि इसमे दो विद्युदाग्र और होते है जो कि धनाग्र मे विपरीत दिशा मे उस जगह जहाँ से योग न० २ मे किरणें गमन कर रही थीं, ऊपर व नीचे वाली दीवारो पर समानान्तर लगे रहते है। चे वाला विद्युदाग्र, धनाग्र व ऊपर वाला विद्युदाग्र ऋणाग्र होता है। एक स्विच की सहायता से इनमें द्युत प्रवाहित की जा सकती है।

प्रथम स्थिति में जबकि दूसरे विद्युदाग्रो मे से विद्युत प्रवाहित नही होती, और प्रयोग न० २ को दुहराया जाता है तो उसी प्रकार त्रिभुजाकार चमकदार क्षेत्र दिखायी देता है। परन्तु जब अलग से लगाये गये विद्युदाग्रो में से विद्युत प्रवाहित की जाती है तो चमकदार क्षेत्र विक्षेपित होकर थोडा नीचे दिखायी देने लगता है।

इस प्रयोग द्वारा हम प्रकाश को विक्षेपित नही कर सकते, अत वह चमकीला त्रिभुजाकार क्षेत्र प्रकाश के कारण नही बना। अत वह चमकदार क्षेत्र ऋण विद्युतयुक्त कणो द्वारा बना है, जो कि धनाग्र प्लेट मे आवर्तित होकर विक्षेपित हो गये। इन्हे ही इलेक्ट्रोन कहा जाता है।

रंगीन अक्षर देखिये

रमेशचन्द्र गौड़, कक्षा १० 'ब'

(१) आम के रस से हथेली पर कुछ अक्षर लिख लो और उसे छाया मे सुखा लो। फिर लोगो के सामने उसी हथेली पर थोड़ा-सा चूना रगड लो जिससे हथेली पर गहरे लाल रग के अक्षर दिखाई देंगे।

(२) सफेद कागज पर गोंद से लिख कर छाया मे सुखा लो। फिर उसे आग पर तपाओ तो उस पर भूरे रग के अक्षर दिखाई देंगे।

(३) सफेद कागज पर आँवले के रस से कुछ अक्षर लिख कर उन्हें सुखा लो। फिर उसे आग के ऊपर गर्म करोगे तो कागज पर हरे रग के अक्षर दिखाई देंगे।

सर सी. वी. रमन

विनोदकुमार जैन, १० य

[१९०१ में विश्व मे पहली बार नोबल पुरस्कार दिया गया । अलफ्रेड बर्न हार्ड नोबल नामक स्टाकहोम (स्वीडेन) के एक इंजीनियर ने मानव संहारक विस्फोटकों का आविष्कार किया और अपने धन की विपुल राशि के ब्याज से नोबल पुरस्कार योजना स्थापित की । प्रति वर्ष पांच पुरस्कार भौतिकी, रसायन, चिकित्सा, साहित्य और शांति-स्थापन के लिये दिये जाते हैं ।]

आंखो में आंसू लिए मैंने अपने इतिहास के पन्ने उलटे है जहा पिछले सैकड़ों वर्षों से ऐसा व्यक्ति न हुआ जिस पर विज्ञान के क्षेत्र मे हम दुनिया में गर्व कर सकें......आप वह व्यक्ति हैं जिनने इस कमी को पूरा किया और हमें अपना मस्तक ऊंचा करने का अवसर दिया है । ये शब्द थे दार्शनिक डा० राधू के जब सर सी० वी० रमन १९४५-४६ मे होलकर कॉलेज के वार्षिकोत्सव पर मुख्य-अतिथि के रूप मे आये थे । सन् १९३० मे सर सी० वी० रमन को भौतिक-शास्त्र में नोबल पुरस्कार मिला । कहना न होगा कि इस घटना ने भारत की बढती हुए प्रतिष्ठा चार चांद लगा दिये ।

डा० चन्द्र शेखर वेकट रमन का जन्म ७ नवम्बर १८८८ को त्रिचनापल्ली मे हुआ । उनके पिता गणित और भौतिक-शास्त्र के प्राध्यापक थे । ऐसा प्रतीत होता है कि पुत्र मे पिता की प्रतिभा बहुत बड़े रूप में मुखरित हुई ।

रमन बहुत निडर थे । वे बहुत तेजी मे पढने वाले तथा अथक परिश्रम करने वाले थे । १३ वर्ष की अवस्था मे उन्होंने इंटरमीजिएट की परीक्षा पास की तत्पश्चात् वे मद्रास के प्रेसीडेन्सी कॉलेज में बी० ए० पढ़ने के लिये चले गये । १६ वर्ष की अवस्था में रमन ने एम० ए० की परीक्षा प्रथम श्रेणी में

पास की। विद्यार्थी-काल में ही उनके दो रिसर्च पेपर्स लन्दन की पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके थे। विज्ञान के सम्पर्क में यह सामान्य बात है कि प्रशासकीय सेवाओं में पहुँच कर व्यक्ति ज्ञान-विज्ञान की शैक्षणिक गहराई से दूर पहुंच जाता है। किन्तु सी० वी० रमन में तो विज्ञान की गहराई में पहुंचने की असिट और अतुल लालसा थी। वे कलकत्ता में बड़ी लगन से साथ अपना रिसर्च-कार्य आगे बढ़ाने लगे, किन्तु कुछ समय बाद उनका रंगून ट्रांसफर हो गया। यह घटना उनके काम में बाधा के रूप में आ खड़ी हुई। १९११ में वे पुनः कलकत्ता पहुँच गये। सन् १९१५ में उन्हें कलकत्ता विश्वविद्यालय के साइंस कॉलेज में भौतिक-विज्ञान के प्रोफेसर पद को स्वीकार करने के लिए कहा गया। यहीं पर रहकर ही उन्होंने अपने प्रसिद्ध प्रयोग किये। सन् १९२० में कलकत्ता विश्वविद्यालय ने उन्हें 'डॉक्टर' की उपाधि दी तथा सन् १९२४ में लन्दन की रॉयल सोसाइटी की फैलोशिप प्रदान की गई। सन् १९२४-२५ में उन्हें विदेशों से आमन्त्रण मिले और वे लम्बी यात्रा करने गये। सी० वी० रमन सन् १९२५ के आखिर में रूस की यात्रा पर भी गये।

सी० वी० रमन ने मुख्य रूप से प्रकाशिकी तथा ध्वनि के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य किए हैं। उनका सुप्रसिद्ध कार्य प्रकाश की किरणों से संबंध रखता है। उनकी खोज रमन प्रभाव से जानी जाती है। जब प्रकाश की किरणें किसी चीज पर पड़ती है तो उसके अणु प्रकाश की किरणों को बिखेर देते हैं। इस तरह बिखेरने से उनमें विशेष प्रकार का परिवर्तन होता है। यह परिवर्तन 'रमन प्रभाव' कहलाता है।

रमन की इस खोज को बहुत महत्वपूर्ण माना गया। इसके द्वारा कई पदार्थों की रचना तथा उनके अणुओं की बनावट को समझा जा सकता है। इस खोज पर रमन को १९३० में नोबल पुरस्कार मिला। यह उनकी खोज के बहुत बड़े महत्व को प्रमाणित करता है।

ब्रिटिश सरकार ने सन् १९२९ में उन्हें 'सर' की उपाधि से विभूषित किया। स्वतन्त्रता के बाद हमारी राष्ट्रीय सरकार ने उन्हें 'भारत रत्न' की उपाधि प्रदान की। सन् १९५८ में रूस ने उन्हें लेनिन पुरस्कार से सम्मानित किया।

यह हमारा सौभाग्य है कि हम रमन के समकालीन हैं। उन्हें हम चलता फिरता देख सकते हैं। वे बंगलौर में निवास करते हैं।

रमन बहुत सरलता से रहने वाले महापुरुष हैं। उन्हें पेड़-पौधों का बड़ा शौक है। इनके विषय में उनकी जानकारी काफी गहरी है। दिखावे में उनका विश्वास नहीं है। उनके 'इन्स्टीट्यूट' के बाहर लिखा हुआ है—"यह स्थान सैलानियों के लिए नहीं यह तो विज्ञान की साधना का मन्दिर है।"

सर सी.वी.रमन

विनोदकुमार जैन, १० ब

[१९०१ में विश्व में पहली बार नोबल पुरस्कार दिया गया । अल्फ्रेड बर्न हार्ड नोबल नामक स्टाकहोम (स्वीडेन) के एक इंजीनियर ने मानव संहारक विस्फोटकों का आविष्कार किया और अपने धन की विपुल राशि के ब्याज से नोबल पुरस्कार योजना स्थापित की । प्रति वर्ष पांच पुरस्कार भौतिकी, रसायन, चिकित्सा, साहित्य और शांति-स्थापन के लिये दिये जाते हैं ।]

आंखों में आंसू लिए मैंने अपने इतिहास के पन्ने उलटे जहां पिछले सैकड़ों वर्षों में ऐसा व्यक्ति न हुआ कि ... पर विज्ञान के क्षेत्र में हम दुनिया में गर्व कर सकें......आज व्यक्ति हैं जिनने इस कमी को पूरा किया और हमें अपना मस्तक ... करने का अवसर दिया है । ये शब्द थे दार्शनिक डा० राधाकृष्णन ... सर सी० वी० रमन १९४५-४६ में होलकर कॉलेज के वार्षिक ... पर मुख्य-अतिथि के रूप में आये थे । सन् १९३० में सर ... रमन को भौतिक-शास्त्र में नोबल पुरस्कार मिला । यह ... कि इस घटना ने भारत की बढ़ती हुए प्रतिष्ठा ... चार ... दिये ।

डा० चन्द्र शेखर वेंकट रमन का जन्म ७ नवम्बर १८८८ को त्रिचनापल्ली में ... पिता गणित और भौतिक-शास्त्र के प्राध्यापक थे । ऐसा प्रतीत होता है कि पुत्र में पिता के ... बड़े रूप में मुखरित हुई ।

रमन बहुत निडर थे । वे बहुत तेजी से पढ़ने वाले तथा अथक परिश्रम करने ... की अवस्था में उन्होंने इंटरमीजिएट की परीक्षा पास की तत्पश्चात् वे मद्रास के प्रेसीडेंसी ... बी० ए० पढ़ने के लिये चले गये । १६ वर्ष की अवस्था में रमन ने एम० ए० की परीक्षा ...

डॉ॰ होमी जहांगीर भा

सूरज प्रकाश स्वामी, कक्षा १० द

भौतिक विज्ञान मे हमारे देश मे कम प्रगति हुई है
अन्य देशो मे भौतिक विज्ञान मे काफी प्रगति
है। इस दृष्टि से हमे नीचा देखना पड़ता है। भारत का आधुनि
मे सम्पर्क उसी समय हुआ जबकि यूरोपीय जातियां भारत मे आ

आज का युग परमाणु-युग कहा जाता है। स्वतंत्र भा
सरकार ने सन १९४८ मे भारतीय अणु-शक्ति आयोग की स्थ
की। इस आयोग के भारतीय अध्यक्ष डा॰ भाभा चुने गये थे।
जीवन चरित्र प्रेरणाप्रद व ज्ञानप्रद रहा है।

श्री भाभा का जन्म सन् १९०९ में बम्बई मे हुआ था
काल से ही वे कुशाग्र बुद्धि के थे। १५ वर्ष की अवस्था में
हाई स्कूल की परीक्षा बम्बई से पास की। आपके पिता बुद्धिमान
कारण भाभा पर उनके व्यक्तित्व सम्बन्धी गुणों का प्रकाश पडा

जीवन के विकास के लिये उन्होंने दो विषयों को चुना; संगीत और विज्ञान। उनकी रु
और चित्रकला में थी। उन्हें इसमे अच्छे पुरस्कार भी मिले। डा॰ भाभा अध्ययन के लिये इंगलै
वहा उन्हें संगीत के अध्ययन का पूर्ण अवसर मिला।

सन् १९२६ मे इन्होंने एफ॰ आई॰ ए॰ की परीक्षा प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण की। एक वर्ष
करके आई॰ एस॰ सी॰ प्रथम श्रेणी में पास की। बाद में इन्होंने अपने लिये "भौतिक विज्ञान" क
चुना। इन्होंने इस विषयो में बहुत ऊंचे अंक प्राप्त करके सफलता प्राप्त की।

सन् १९३२ में गणित में उच्च शिक्षा के लिये उन्हे विलायत भेजा गया और ट्रिनिटी क
छात्र-वृत्ति प्राप्त करके वे मनोयोग से अध्ययन मे लीन हो गये। इस काल में उन्होंने प्रायः समस्त यु
यात्रा की और अपने ज्ञान को विस्तृत किया।

आतरिक्त शिक्षा निदेशक शिक्षकों की समस्याओं के समाधान विषयक वार्ता में निमग्न

यहाँ सन् १९३९ तक इनका भाषण जारी रहा। भाषणों के विषय विद्युत और विज्ञान सम्बन्धी थे। इन्होंने भारत में परमाणु-विज्ञान विषयक शिक्षा प्रारम्भ करने का कार्य किया।

सन् १९४१ में सोसायटी ने इन्हें अपना सदस्य मनोनीत किया। इससे संसार के वैज्ञानिकों में इनकी चर्चा होने लगी। सन् १९५१ में ये भारतीय साइंस कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गये। सन् १९५५ के अगस्त में जेनेवा में परमाणु शक्ति का शांति के लिये प्रयोग विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय सभा हुई। इसमें डा० भाभा ने सभापति पद को सुशोभित किया। भारत ने परमाणु बम का निर्माण नहीं किया। इस क्षेत्र में चीन ही एशिया में सबसे आगे होने का दावा करता था। परन्तु डा० भाभा ने अधिकारपूर्वक स्पष्ट कर दिया था कि भारत अणु-शक्ति की खोज व परमाणु-शक्ति के विकास में कई गुणा आगे है और परमाणु बम के निर्माण में समर्थ है।

२० जनवरी १९६६ को यूरोप में पर्वत चोटी माउण्ट ब्लांक के समीप हुई एक विमान दुर्घटना में डा० भाभा भी थे। विमान दुर्घटना में उनकी भी मृत्यु हो गई। इससे भारत के विज्ञान जगत को जो क्षति हुई उसकी पूर्ति सहज सम्भव नहीं।

